Koviloor Digital Library

ஜோதி வழியில் வள்ளலார்

रामलिंग स्वामी–
वल्ललार की ज्योति साधना

प्रधान सम्पादक: डॉ. एन. महालिंगम्
लेखक एवं अनुवादक: डॉ. रवीन्द्रकुमार सेठ

5131
R65(வள்)

Koviloor Digital Library

Koviloor Digital Library

4-4

KOVILOOR MADALAYAM
கோவிலூர் மடாலயம்

ஜோதி வழியில் வள்ளலார்

रामलिंग स्वामी—वल्लार

की

ज्योति-साधना

Koviloor Digital Library

साहित्य शोध संस्थान

SAHITYA SHODH SANSTHAN
साहित्य शोध संस्थान,
8 ए/141, पश्चिमी विस्तार क्षेत्र,
करोलबाग, नई दिल्ली-110005
दूरभाष: 572-6216

B-A/141, W.E.A. KAROL BAGH
NEW DELHI-110005, PHONE: 572 6216

तथा

रामलिंगर् पणिमनरम्
102, अण्णा सालै, गिण्डी, मद्रास — 600032

Koviloor Digital Library

4-4

ஜோதி வழியில் வள்ளலார்

रामलिंग स्वामी—वल्ललार
की
ज्योति-साधना

(व्यक्तित्व, काव्य एवं चिंतन का विश्लेषण, तिरु अरुट्पा से संकलित
250 मूल तमिल कविताएँ,
देवनागरी लिप्यंतर, भावानुवाद सहित)



प्रधान सम्पादक—डॉ. एन. महालिंगम्

लेखक, अनुवादक—डॉ. रवीन्द्रकुमार सेठ

Koviloor Digital Library

© डॉ. रवीन्द्र कुमार सेठ (जन्म 3.9.1939)

ISBN 81-85073-09-0
CC 1.O, 31 = xJ, 1 M, J : g
DDC 2894 . 8111 009

संस्करण :
प्रथम, 1996.

मूल्य :
तीन सौ साठ रुपये (रु. 360/-)

प्रकाशक :
साहित्य शोध संस्थान
8 ए/141, पश्चिमी विस्तार क्षेत्र, करौलबाग,
नई दिल्ली-110005.

लेज़र :
न्यू लिटरेचर, डी-69, गुलमोहर पार्क,
नई दिल्ली-110049.

मुद्रण :
अजय प्रिंटर्स, नवीन शाहदरा, दिल्ली-110032.

आवरण, रंगीन चित्र मुद्रण :
के.डी. एसोसिएट्स, चण्डीगढ़.

कला एवं आवरण :
श्री नरेन्द्रनाथ सेठी,
एफ-10, निज़ामुद्दीन पश्चिमी,
नई दिल्ली-110049.

स्क्रीन :
तुलीज़, 112, शंकर रोड, नई दिल्ली-110060.

पुस्तबंध :
शाहदरा बुक बाईंडिंग हाउस, जैन मंदिर गली,
शाहदरा, दिल्ली-110032.

Koviloor Digital Library

4-4

Ramalingar Swami - Vallalar
ki
Jothi Sadhana

250 Selected Poems of Ramalinga Swami, popularly known as Vallalar from his Thiru Arutpa with Tamil text, transliteration in Devanagari, Translation into Hindi. A brief indepth Study about Vallalar's life, his poetry, philosophy especially Arut Perum Jothi.

Chief Editor : **Dr N. Mahalingam**

Author, Translator : **Dr Ravinder Kumar Seth**

Publishers : **SAHITYA SHODH SANSTHAN**
8 A/141, W.E.A., Karol Bagh,
New Delhi- 110005
Tel : 5726216
RAMALINGAR PANI MANRAM
102, Anna Saalai, Guindy,
Madras-600032

Price : Rs. 360/-
(*Rupees Three hundred and Sixty Only*)

ISBN 81-85073-09-0

Koviloor Digital Library

लिप्यंतर संकेत चिह्न

स्वर

அ	-	अ	எ	-	ए
ஆ	-	आ	ஏ	-	ए
இ	-	इ	ஐ	-	ऐ
ஈ	-	ई	ஒ	-	ओ
உ	-	उ	ஓ	-	ओ
ஊ	-	ऊ	ஔ	-	औ

व्यंजन

க	-	क, ग, ह	ம	-	म
ங	-	ङ	ய	-	य
ச	-	च, ज, श, स	ர	-	र.
ஞ	-	ञ	ல	-	ल
ட	-	ट, ड	வ	-	व
ண	-	ण	ழ	-	ळ.
த	-	त़, द	ள	-	ळ
ந	-	न	ற	-	र
ப	-	प, ब	ன	-	न

ग्रंथाक्षर

ஜ	-	ज	ஹ	-	ह
ஷ	-	ष	க்ஷ	-	क्ष
ஸ	-	स			

Koviloor Digital Library

अनुक्रम

प्रथम खण्ड

ज्योति-साधक रामलिंग स्वामी-वल्ललार
व्यक्तित्व, कृतित्व, चिंतन एवं दर्शन

अलौकिक बालक (पृ. 1); बाल्यावस्था, साधना का प्रारम्भिक रूप (पृ. 2); दिव्य प्रकाश का संकेत (पृ. 4); चिदम्बरम् की ओर (पृ. 5); समरस शुद्धसन्मार्ग सत्य संगम, सिद्धि वलागम् में निवास, समरस शुद्धसन्मार्ग सत्यज्ञान सभा. (पृ. 7); ज्योति-अनुकम्पा का अनन्त ज्योतिपुंज — सप्त आवरण (पृ. 8); तिरु अरुट्पा (श्रीकृपा ग्रंथ) — प्रारम्भिक विरोध (पृ. 9); साधनामार्ग—प्रभु मिलन (पृ. 10); कतिपय चमत्कारी प्रसंग (पृ. 11); तमिल साहित्य की दीर्घ गौरवमयी परम्परा में रामलिंग स्वामी (पृ. 15); शिव-भक्तों का सादर स्मरण (पृ. 16); ज्योति तत्त्व (पृ. 18); अरुट्पॆरुञ्जोति (पृ. 19); परमतत्त्व का विशुद्ध प्रकाश (पृ. 21); अलौकिक सौंदर्य (पृ. 23); अनन्त कृपाज्योति—परमप्रेमस्वरूपा ज्ञान-भक्ति (पृ. 25); आराध्य 'नाथ' अखिल ब्रह्माण्ड के नायक (पृ. 27); शुद्ध सन्मार्ग (पृ. 28); चिदम्बर—चित्-अम्बर, सत्य-अनुग्रह (पृ. 30); प्रभाती गीत—तिरुप्पळ्ळि एळुच्चि (पृ. 33); तिरुवडि दीक्षा—पाद दीक्षा (पृ. 36); वल्ललार का मूल चिंतन (पृ. 38); सामाजिक वैषम्य और 'भूख' की पीड़ा (पृ. 39); सबकी पीड़ा-मेरी ही पीड़ा (पृ. 41); जीव कारुण्य—हिंसा की अस्वीकृति (पृ. 42); जाति, धर्म, सम्प्रदाय भेद का भ्रमजाल (पृ. 44); प्रकृति संरक्षण की भावना (पृ. 47); सामाजिक चेतना (पृ. 48); अरुट्पॆरुञ्जोति—अनन्त कृपाज्योति के आदर्शों का प्रचार-प्रसार (पृ. 50)।

द्वितीय खण्ड

तिरु अरुट्पा से संकलित 250 कविताओं का तमिल मूल, देवनागरी लिप्यंतर एवं हिन्दी भावानुवाद पृ. 53—454

मूल तमिल और देवनागरी लिप्यंतर के साथ पद संख्या मूल तिरु अरुट्पा की है। भावानुवाद के साथ पुस्तक में संग्रहीत पद की क्रम संख्या और तिरु अरुट्पा की पद संख्या संकेतित है।

Koviloor Digital Library



(रामलिंग स्वामी का हस्तलेख)

Koviloor Digital Library

ग्रंथ में प्रयुक्त चित्रों का संक्षिप्त परिचय

आवरण चित्र :

रामलिंग स्वामी; समरस शुद्ध सन्मार्ग सत्यज्ञान सभा, वडलूर

கந்த கோட்டம் – முருகன் கோவில், சென்னை

कन्दकोट्टम्-श्री सुब्रह्मण्य का मंदिर, मद्रास।

Kantha Kottam-Madras

வள்ளலார் தமது -9வது வயதில் முதல் சொற்பொழிவாற்றிய

இல்லத்தில் உள்ள கல்வெட்டு

वल्ललार ने नौ साल की अवस्था में जहाँ अपना पहला व्याख्यान दिया;

उस स्थान का शिलालेख।

Place where Vallalar gave first lecture at the age of 9 years

Koviloor Digital Library

மறைமலை அடிகள் நூல் நிலையம் –
வள்ளலார் திருவருள் மண்டபம்

मरैमलै अडिगल पुस्तकालय—
वल्ललार-अनुग्रह मंडप

Maraimalai Adigal Library, Madras,
Vallalar Anugraha Mandapam,



ஸ்ரீ நடராஜர்

श्री नटराजराज

Sri. Nataraja

தண்ணீரால் விளக்கெரித்த இல்லம் – கருங்குழி

करुंगुऴि का वह घर जहाँ पर
वल्ललार ने पानी से दीप जलाया।

The House in Karunguzhi where
Vallalar lit a lamp using water

Koviloor Digital Library

வள்ளலார் பாடிய தீங்கனிவத்
தண்ணீர் ஓடை

अमृततुल्य जलस्रोत
वल्ललार ने इसे अपने
काव्य का विषय बनाया।

'The stream of sweet
water'; Vallalar has
immortalised this in his
song.





மதுரை மீனாட்சியம்மன் கோவில்

श्री मीनाक्षी मंदिर, मदुरै

Sri. Meenakshi Temple-Madurai

வள்ளலார் சித்தி பெற்ற சித்தி வளாகத்
திருமாளிகை – மேட்டுக்குப்பம், வடலூர்

सिद्धि वलागम का भवन जहाँ
वल्ललार को सिद्धि मिली:
मेट्टुक्कुप्पम्, वडलूर

Siddhi Valagam, at Mettu-
kuppam where Vallalar
merged with Jyothi.



Koviloor Digital Library



வடலூர் சத்திய தருமசாலை

सत्य धर्मशाला, वडलूर

Sathia Dharama Salai - Vadaloor



மேட்டுக்குப்பத்தில் ஜோதி

मेट्टुक्कुप्पम् में ज्योति (दर्शन)।

The Jyothi in Mettukuppam.



வள்ளலார் திருக்காப்பு இட்டுக் கொண்ட திருவறை

पवित्र कक्ष जहाँ वल्ललार ने 30 जनवरी, 1874 को स्वयं को बंद करके ताला लगवा दिया।

The Holy room where Vallalar locked himself insisde on 30.1.1874

ஆழியாறு அறிவுத் திருக்கோவில்

आळियारु ज्ञानमंदिर

Azhiyaru Gyana Temple

Koviloor Digital Library

Chief Editor's Preface

Vallalar was a poet and mystic whose concept of Jothi is based on love of the all-pervading, omnipotent Almighty. His religion is universal, propagating compassion for all men and all living beings. He had the spiritual heritage of Alwars and Nayanmars who created poetry of extraordinary beauty and enriched the Tamil literature that had existed before him. Ramalinga Swamigal worships Murugan and Siva in His different manifestations as the Supreme God. He proclaimed the universal religion 'Samarasa Suddha Sanmaarga'. His 'Thiru Arutpa' provides insights into his experience, supreme heights of the unitive way where he envisioned a union with Supreme Reality where 'golden body' reaches the state of deathlessness by mingling with 'Arut Perum Jothi' i.e. transfiguring in the divine light. Institutions created by him e.g. Samarasa Suddha Sanmaarga Satthiya Sangham, Satthiya Dharuma Chchaalai, Satthiya Gnaana Sabhai etc. are open to everyone irrespective of nationality, language, caste, creed or colour. Assuaging the hunger of the poor; worship in the form of an Effulgence of light by true devotion; non eating of flesh and universal brotherhood are some of the salient points of his message.

Dr. Ravinder Kumar Seth has specialised in bringing Tamil literature in Hindi. A Punjabi working in Hindi on Tamil literature, he is well-versed in Tamil and other languages. His works on Tirukkural, Subrahmania Bharati,

Koviloor Digital Library

Vaishnav poets Alwars, Sangam Literature, Tamil Shaiva Bhakti literature and Periyapuranam have helped in creating a bridge between Tamil and Hindi. This has provided better appreciation of Tamil Classical and Bhakti literature by Hindi knowing scholars and masses alike. His contribution has been acclaimed as 'Pioneering work'. He has received various state and other awards.

Vallalar was born in 1823 at Marudur, South Arcot District, Tamil Nadu to Ramaiah Pillai and Chinnammai. His mother moved to Madras when Vallalar was young as her husband passed away. Ramalingam remained under the care of his brother, Sri Sabapathi Pillai who was a teacher and religious Speaker. Ramalingam began singing at Kandaswami Temple in Park Town at the age of 9 and lived till about 21 in Madras when he attained great proficiency in Tamil and Sanskrit. His whereabouts are not known from 1844 - 1856 and is heard at Chidambaram when he was about 34 i.e. 1857 and changed places from Chidambaram to Karunguzhi and then to Vadalur and ultimately to Mettukuppam where he attained Siddhi. The place is called Siddhivilagam which was earlier a place where Vaishnavite saint camped.

From a young boy who sang on Murugan at Kandaswami Temple and Tiruttani later sang about Vadivudai Manicka Ambikai of Tiruvetriyur and later sang about Lord Nataraja of Chidambaram and finally sang about Jothi—the eternal light. The mantra he gave to the world is—

> *"Arul perum Jothi Arul perum Jothi*
> *Thani perum Karunai Arul perum Jothi"*

He was a universal bard of the world who made it possible for all religions to meet at the Altar of Jothi. In 1986 at Buchingham, Virginia, U.S.A. Swami Satchidananda inaugurated Lotus—Light of Truth Universal Shrine—a temple for light where all people of different religions meet to pray to the Lord.

Ramalinga Swamigal wrote 5818 devotional songs compiled as 'Thiru Arutpa'. By selecting 250 songs out of

Koviloor Digital Library

these, giving its transliteration in Devanagari and translating these into Hindi Dr. R.K. Seth has made his thoughts and poetry available to Hindi speaking people. By providing comprehensive study of the life, philosophy, and the salient points of the message of Vallalar, Dr. Seth has provided an insight into this rich legacy of spiritual literature and message of Reverence for life (Jeevakarunyam) of this great Saint. The thoughts of Vallalar is an imperishable gift to the world. This work of Dr. R.K. Seth shall pave the way for better understanding of Tamil cultural, literary and spiritual heritage.

Madras

(N. MAHALINGAM)

Koviloor Digital Library

प्राक्कथन

वल्ललार एक कवि और रहस्यवादी चिंतक थे। उनकी 'ज्योति' की अवधारणा सर्वव्याप्त, सर्वशक्तिमान् परमतत्त्व के प्रति प्रेम पर आधृत है। उनके विश्वजनीन धर्म में समस्त मानव और प्राणिमात्र के प्रति दयाभावना व्याप्त है। उन्हें अद्भुत सौंदर्य से युक्त काव्य-सृजन द्वारा तमिल साहित्य को समृद्ध करनेवाले अपने पूर्व के आळ्वार और नायन्मार् भक्तों की आध्यात्मिक परम्परा प्राप्त हुई थी। अनन्त-तत्त्व के विविध रूपों में से रामलिंग स्वामी ने 'मुरुगन' और 'शिव' की आराधना की। उन्होंने सार्वभौम धर्म 'समरस शुद्ध सन्मार्ग' का प्रवर्तन किया। उनकी कृति तिरुअरुट्पा से उनके अनुभवों का परिचय मिलता है। रामलिंगर ने अनन्त सत्य के साथ मिलन के सर्वोच्च धरातल की परिकल्पना की जहाँ अरुट्पेरुञ्जोति अर्थात् दैवी ज्योति के साथ रूपान्तरित होकर 'स्वर्णिम शरीर' मृत्युविहीन स्थिति को प्राप्त करता है। उनके द्वारा स्थापित समरस शुद्ध सन्मार्ग सत्य संगम, सत्य धर्मशाला, सत्य ज्ञान सभा प्रत्येक राष्ट्र, भाषा, जाति, धर्म अथवा वर्ण के लोगों के लिए हैं। निर्धन की 'भूख' को शान्त करना, सच्ची भक्ति-भावना से प्रकाशित ज्योतिरूप की उपासना, माँस भक्षण न करना तथा विश्व-बन्धुत्व की भावना उनके संदेश के मूल स्वर हैं।

डॉ रवीन्द्रकुमार सेठ ने तमिल साहित्य को हिन्दी में प्रस्तुत करने में विशेषज्ञता प्राप्त की है। हिन्दी में तमिल साहित्य विषयक कार्य करनेवाले पंजाबी भाषी डॉ. सेठ तमिल तथा अन्य भाषाओं में विशिष्ट योग्यता-सम्पन्न हैं। तिरुक्कुरल, सुब्रह्मण्य भारती, वैष्णव भक्त कवि आळ्वार, संगम साहित्य, तमिल शैव-भक्ति साहित्य और पेरियपुराणम् पर उनके ग्रंथों से तमिल और हिन्दी के मध्य सेतु का निर्माण हुआ है। इसके फलस्वरूप हिन्दी-भाषी विद्वानों

Koviloor Digital Library

और जनमानस में तमिल के प्राचीन और भक्ति साहित्य विषयक गुण–विवेचन में स्पष्टता आई है। उनके साहित्यिक अवदान को 'पथप्रदर्शक कार्य' के रूप में सराहा गया है। उन्हें कई राजकीय तथा अन्य पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया है।

वळ्ळलार का जन्म तमिलनाडु के आर्काट जिले में मरुदूर नामक स्थल पर रामैया पिळ्ळै तथा चिन्नमा के यहाँ 1823 ई. में हुआ। पति के देहान्त के बाद उनकी माता बालक वळ्ळलार को साथ लेकर मद्रास आ गईं। रामलिंगर अपने बड़े भाई श्री समापित पिळ्ळै के संरक्षण में रहे जो अध्यापक तथा धार्मिक व्याख्याता थे। रामलिंग ने 9 वर्ष की आयु से ही पार्क टाउन स्थित कन्दस्वामी मंदिर में गीत गाना प्रारम्भ कर दिया। वे 21 वर्ष की आयु तक मद्रास में रहे जहाँ उन्होंने तमिल और संस्कृत में विशिष्ट योग्यता प्राप्त की। 1844 से 1856 तक उनके ठौर–ठिकाने का कोई पता नहीं। 1857 ई. में 34 वर्ष की आयु में चिदम्बरम् में उनका होना ज्ञात है। इसके बाद रामलिंगम् चिदम्बरम् से करुंगुळि, वहाँ से वडलूर और अंत में मेट्टुकुप्पम् पहुँचे जहाँ उन्हें सिद्धि प्राप्त हुई। उस स्थल का नाम सिद्धि वलागम् है और वहाँ इससे पूर्व एक वैष्णव संत का आवास था।

बाल्यावस्था में कन्दस्वामी तथा तिरुत्तणि मंदिरों में गायन करनेवाले रामलिंगर ने बाद में तिरुओट्रियुर की वदिवुदै माणिक्क अम्बिकै का गायन किया। तदुपरान्त उन्होंने चिदम्बरम् के नटराज राज और अंतिम चरण में अनन्त ज्योति—'ज्योति' का गायन किया। उन्होंने विश्व को जो महामंत्र प्रदान किया वह है—

"अरुट् पॆरुञ्जोति अरुट्पॆरुञ्जोति
तनिपॆरुङ्करुणै अरुट् पॆरुञ्जोति"
(अनन्त कृपाज्योति, अनन्त कृपाज्योति।
अनन्त करुणा, अनन्त कृपाज्योति।।)

वे ऐसे विश्वकवि थे जिन्होंने ज्योति के पूजास्थल पर समस्त धर्मों का मिलन सम्भव कर दिया। बकिंघम्, वर्जीनिया, संयुक्त राज्य अमेरिका में 1986 ई. में स्वामी सच्चिदानंद ने कमल – सत्यज्योति का विश्व मंदिर – एक ज्योति मंदिर उद्घाटित किया जहाँ सभी धर्मों के लोग ईश्वर आराधना करते हैं।

Koviloor Digital Library

रामलिंग स्वामी ने 5818 भक्ति भाव के गीतों की सृष्टि की जिन्हें 'तिरु अरुट्पा' शीर्षक से संग्रहीत किया गया है। इनमें में 250 गीतों के चयन उनके देवनागरी लिप्यंतर तथा हिन्दी भावानुवाद द्वारा डॉ. रवीन्द्रकुमार सेठ ने उनके चिंतन और काव्य को हिन्दी भाषी जन-जन के लिए सुलभ कर दिया है।

वल्ललार के जीवन, चिंतन तथा दर्शन विषयक आधारभूत अंशों को उपलब्ध करवाकर डॉ. सेठ ने इस महान् संत के आध्यात्मिक साहित्य की विशाल सम्पदा और प्राणिमात्र के प्रति प्रेम 'जीवकारुण्य' के संदेश को सर्वसुलभ कर दिया है। वल्ललार के विचार विश्व के लिए एक अनश्वर भेंट है। डॉ. रवीन्द्र कुमार सेठ का यह ग्रंथ तमिल की सांस्कृतिक, साहित्यिक और आध्यात्मिक परम्परा को अधिक अच्छे रूप में समझने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

मद्रास

(डॉ. एन. महालिंगम्)

Koviloor Digital Library

लेखक की ओर से . . .

'तमिल शैव-भक्ति साहित्य' और 'तमिल शैव-भक्त कवि नायन्मार्' के प्रकाशन के साथ ही तमिल के समग्र भक्ति साहित्य को हिन्दी में प्रस्तुत करने का जो सद्परामर्श महामहिम राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने दिया उस दिशा में 'सचित्र पेरियपुराणम्' 1994 के अंतिम चरण में प्रकाशित हुआ। उस शृंखला की दूसरी कड़ी यह कृति 'सत्य' के जिज्ञासु साधक, भक्त, साहित्यप्रेमी सबको सादर समर्पित है।

मनुष्य अपनी समस्त चेष्टाओं द्वारा कामनाओं की पूर्ति में संलग्न रहता है। वह इन कामनाओं की तुष्टि के लिए 'सर्वप्रद देवता' से कामना करता है। कहीं भौतिक शक्तियाँ—वायु, अग्नि, जल आदि देने का कार्य करती हैं और कहीं सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र आदि इसे निष्पन्न करते हैं। भौतिक अस्तित्व, मानसिक प्रतिभा और आध्यात्मिक उन्नयन के विकसित धरातल पर यही देने की क्षमता का भाव आग्रह से युक्त होकर 'अनुग्रह' में परिणत होता है। जीवन के विकास, पोषण और सुरक्षा में विविध रूपों में दैवी शक्ति का यह महनीय योगदान है। सामान्य मनुष्य इसे भावना, भक्ति, श्रद्धा आदि रूपों में जानता है। साधक समस्त ज्ञान, अनुभव तथा सत्य को अनन्त शक्ति-सम्पन्न प्रकृति अथवा परात्पर सत्ता द्वारा प्रदत्त मानता है। वह सत्ता कहीं विष्णु है, कहीं देवी, कहीं शिव अथवा कोई अन्य रूप, अरूप, रूपारूप या उससे भी परे। साधक, भक्त कवि अपनी नवोन्मेषशालिनी प्रतिभा अथवा अनुभूति द्वारा असीम को ससीम करता है, अरूप को रूप देता है और अमूर्त को मूर्त करता है। अंतः एवं वाह्य सृष्टि की अनन्त रहस्यों से आच्छादित सत्ता को कवि प्रतीकों, बिम्बों, संकेतों और शब्द-चित्रों द्वारा शब्दबद्ध करता है। फलतः ऐन्द्रिय, भूतात्मक जगत् आत्मा की अनुभूति से युक्त होकर विविध रूपों में अभिव्यक्त और प्रतिबिम्बित होता है। भारतीय साहित्य में मुरुगन, विष्णु, शिव, पराशक्ति आदि के चित्रण के संदर्भ इस वक्तव्य का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।

वैष्णव आऴ्वार भक्तों का नालायिर दिव्य प्रवन्धम् और शिवभक्त नायन्मारों के तिरुमुरै ग्रंथ भाव, भाषा, भक्ति, भक्त और भगवान्—इन पंचाभिव्यक्तियों के विशुद्ध रूप हैं, इसे आप तिरुपति, श्रीरंगम् या चिदम्बरम्, कपालीश्वर अथवा बृहदीश्वर आदि अनेकानेक मंदिरों में अनुभव कर सकते हैं। हिन्दी के विशाल भक्ति-साहित्य को प्रेरणा देने वाले

Koviloor Digital Library

रामानुजाचार्य, मध्वाचार्य, वल्लभाचार्य आदि ने उत्तर भारत में जिस रूप में अर्चावतारों की सेवा और उनसे सम्बद्ध साहित्य के सृजन का मार्ग प्रशस्त किया उसका पूर्वरूप तमिल के आऴ्वार और नायन्मार् भक्तों के साहित्य में अनेक शती पूर्व ही उपलब्ध हो गया था। रामलिंग स्वामी उस दीर्घ चिंतन-परम्परा और सांस्कृतिक आध्यात्मिक धारा को दार्शनिक एवं सामाजिक चेतना के ऐसे स्तर पर ले आए जहाँ परमसत्ता अनन्त कृपाज्योति—अरुट् पॆरुञ्जोति के रूप में उनके काव्य और लेखन में अवतरित हुई। 'शिव' का त्रिशूल जिस भाँति सत्व, रजस् और तमस्; इच्छा, ज्ञान और क्रिया शक्तियों अथवा पर, अपर और परात्पर अवस्थाओं आदि का बोध करवाता है, उसी भाँति अरुट् पॆरुञ्जोति का ज्योतिरूप इन सबको समाहित किए हुए है। निष्क्रिय 'शिव' शक्ति से युक्त होकर सक्रिय अर्धनारीश्वर रूप हैं; विश्वनृत्य में निरत महानट ही ज्योति, ज्योति के अन्दर ज्योति, परिशुद्ध ज्योति हैं। 'चिदम्बरम्' में वही ज्योति नृत्य कर रही है, चिदाकाश में भी वही ज्योति है; यह अण्ड-ब्रह्माण्ड सब उस 'ज्योति' का ही नर्तन है। ज्ञानस्वरूप इस ज्योति की कृपावृष्टि से ज्ञान-गंगा स्वयं प्रवाहित होती है; तब समस्त ऐश्वर्य और वैभव साधक में स्वयमेव आश्रय ढूँढते हैं। मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, अनाहत् विशुद्ध से होती हुई ज्ञान-ज्योति साधक के मन और प्राण को आज्ञाचक्र पर लाकर सम्प्रज्ञात समाधि सिद्ध कर देती है। तदुपरान्त आज्ञा चक्र—शिवनेत्र को दिव्य दृष्टि से युक्त कर सहस्रार अथवा शून्य चक्र में सर्व वृत्तियों के निरोध रूप असम्प्रज्ञात-समाधि प्रदान करना भी 'अनन्त कृपाज्योति' का कार्य है। रामलिंग स्वामी के इस लोक में सदेह जीवन की अंतिम कविता इस स्थिति की द्योतक है—

आज ही पधार रहे हैं सखि!
मेरे स्वामी, मेरे देव, मेरे प्राणनाथ! . . . .
आकर मिलेंगे घुलकर, मेरे शरीर से
प्रवेश करेंगे हृदय में
फिर कभी न होगा विछोह
फलीभूत हुआ मेरा तप . . . .

यह अलौकिक, अनिर्वचनीय अनुभव शुद्ध चेतन तत्त्व के साथ मिलन है, 'तच्छुभ्रं ज्योतिषां ज्योतिः' के साथ एकीकरण है जो 'अनन्त कृपास्वरूप' है। यही तत्त्व कहीं 'अणोरणीयान् महतो महीयान्' कहा गया है और कहीं सृष्टि, स्थिति, संहार, तिरोभाव और अनुग्रह कारक 'शिव' रूप में वर्णित किया गया है।

रामलिंग स्वामी 'अनन्त कृपाज्योति' को अतिमानव तथा अतिप्राकृत गुणों से संयुक्त करते हैं। यह 'ज्योति' अंतर्यामी रूप में 'भक्त' के हृदय में प्रेरणा उत्पन्न करती है, उसे उद्दीप्त करती है और साधक-भक्त का अंतर् मंगलमय हो जाता है। उसके काम, क्रोध, मद, मान, लोभ, क्षोभ आदि का लोप हो जाता है। वह जाति-पाँति, धन-ऐश्वर्य आदि से विमुख होकर मन-वचन-कर्म से उसी अनन्त कृपाज्योति के प्रति समर्पित हो जाता है। एक अनिर्वचनीय पवित्रता एवं दिव्यता से उसका संपर्क होता है जिससे 'तत्त्वबोध' स्वप्रकाशित हो जाता है:—

Koviloor Digital Library

काट दिए सारे भ्रमजाल
जताया मुझे
एक महाशून्य है
इस विशाल दिव्य रंगमंच पर
नर्तित नटराज देव!

कण्डेन् अरुट्पेरुज्योतियैक् कण्गळिल् कण्डुकळि . . . . . पद की रचना 'आनन्दातिरेक की वर्णनातीत स्थिति' है जहाँ 'माँस-मज्ञा निर्मित देह' ज्योतिरूप में प्रकाशित हो उठती है। यहाँ 'परम सुख का आनन्द' 'दिव्य अनुभव' के रूप में प्राप्त हो चुका है:—

प्राप्त हुआ है समुन्नत पद
सुख-अनुभव समृद्धि में निमज्ञित
आंतरिक आनन्द में सराबोर।

अम्बरनर्तित प्रभु की लीला का अद्भुत रूप प्रत्यक्ष हो जाता है; 'अनुग्रह भी वही, सारतत्त्व भी वही'; प्रियतम स्वयं समीप आकर एकाकार हो जाते हैं; अजर, अमर, शाश्वत ज्योतिर्मय स्वरूप, समुन्नत पद प्राप्त हो जाता है; समस्त कामनाएँ निःशेष हो जाती हैं; अहम् से मुक्त होकर साधक शुद्ध सत्यरूप हो जाता है।

रामलिंगस्वामी से एक सहस्र वर्ष पूर्व तिरुमूलर ने परम्ज्योति में आत्मज्योति के लीन होने का वर्णन किया है। 'शिवयोगमावदु चित्त चित्तेऱ् ......' पद में साधक-सिद्ध तिरुमूलर ने प्रतिपादित किया—

शिवयोग सिद्ध होता है जब
चित् अचित् हो जाए योग की चरम दशा में
आत्मज्योति तब होती लीन
परम ज्योति में; . . . . . .

तिरुमूलर के चिंतन में 'नित्य शाश्वत मुक्ति में निर्मल निरामय होकर विराजना' तथा 'चिति का महाचिति में विलय होना' आदि कथनों को 'अनन्त कृपाज्योति' की रामलिंगस्वामी की अवधारणा के एक स्रोत-रूप में स्वीकार किया जा सकता है। तिरुमूलर-चिंतन में 'शिव' विशुद्ध ज्ञान की दीपशिखा सम हैं, ज्योतिपिण्डों को ज्योतित करते हैं, सकल भुवनों में व्याप्त और उनके परे अवस्थित प्रभु शीतल ज्योति हैं।

वल्ललार ने तिरुवडि दीक्षा (पाद-दीक्षा) प्राप्त होने का कई स्थलों पर उल्लेख किया है। पं. गोपीनाथ कविराज के मतानुसार यह दीक्षाकाल की 'ब्रह्मज्ञान के बीज सहित' शिवोपासना है। इसके फलस्वरूप इस देह में ब्रह्मज्ञान हो सकता है जो सर्वोच्च लोक है वह निर्मलतम सत्त्व का विकास है। 'ये चरमलोक साधकों के भावानुसार नाना प्रकार के हो सकते हैं। भावानुसार इन्हें कैलास, गोलोक, बैकुण्ठ, देवीलोक आदि कहा जाता है। यह एक ही वस्तु का भावानुसार दर्शन है . . . . .।' इसी भाँति ज्योति-रूप शक्ति भाव या सत्त्व

Koviloor Digital Library

भावातीत ब्रह्म है। बाहर से केवल ज्योति का दर्शन होता है—रूपादि का नहीं। 'उस ज्योति या लोक में स्थान पा जाने पर फिर ज्योति-दर्शन नहीं होता, कारण उस समय स्वयं उसी ज्योति से ज्योतिर्मय रहते हैं।' देखते देखते साधक स्वयं शिव हो जाता है अर्थात् शिव होकर पूर्णब्रह्म के दर्शन करता है। शब्दों, अर्थों का यत्किंचित् भेद हो सकता है पर कश्मीर की साधक कवयित्री ललद्यद 'चित् ज्योति में समाहित' होकर 'चिदानन्द ज्ञान प्रकाश' के अमृतकुण्ड में निमग्न हो जाती हैं। इसी भाँति तुकाराम 'वरिळें सॉंवळें परब्रह्म' की स्थिति में 'अंतरींचीं ज्योति प्रकाशली दीप्ति' के कारण अंतःकरण में ज्ञान की ज्योति से प्रदीप्त होकर जो अपार आनन्द प्राप्त करते हैं वह ब्रह्माण्ड में समा नहीं पाता। कबीर को भी तो 'सुजांण कंत' ने 'बांह पकरि करि कृपा कीन्हीं, आप समीप लई' द्वारा अखण्ड आनन्द प्रदान किया था। भारतीय चिंतन की दीर्घ परम्परा में इस प्रकार के 'ज्योतिरूप में लीन होने'; 'तुकोबा बैकुंठ गए, स्वशरीर सहित गए'; 'सुन्दरमूर्ति ऐरावत पर बैठकर शिवलोक गए'; 'तिरुज्ञान सम्बन्धर ज्योतिपुञ्ज में सपरिवार लीन हो गए' जैसे अनेक उदाहरण विद्यमान हैं। रामलिंग स्वामी भी सशरीर अनन्त कृपाज्योति के साथ एकीकृत होकर सर्वव्याप्त हो गए।

1994 के अंतिम चरण में जब डॉ. एन्. महालिंगम् से परामर्श के उपरान्त रामलिंग स्वामी के काव्य और चिंतन पर कार्य प्रारम्भ करने का निर्णय किया गया तो सर्वप्रथम कवि के जीवन, काव्य और साधना से जुड़े स्थलों को जानने की जिज्ञासा स्वाभाविक थी। सबसे पहले मद्रास के कन्दकोट्टम् मंदिर के दर्शन किए, तदुपरान्त क्रमशः सोमु चेट्टियार के घर पहुँचे जहाँ आज मरैमलै अडिगळ् पुस्तकालय स्थित है। इस स्थल पर आकर अनेक ग्रंथों का अध्ययन मैं इससे पूर्व भी कर चुका था पर रामलिंग स्वामी के संदर्भ की जानकारी एक नई सूचना थी। उसके पश्चात् मैंने मयिलापुर स्थित शिव के कपालीश्वर मंदिर, मुस्लिम महिला शिवभक्त तुलुक्कनाच्चियार की स्मृति में बना तुलुक्काणत्तम्मन् मंदिर तथा त्यागराज शिव के तिरुओट्रियूर मंदिर के दर्शन किये। इस दौरान मंदिर विषयक शोध के विद्वान् श्री नारायण स्वामी मेरे मार्गदर्शक रहे। उसके बाद वल्ललार गुरुकुलम् हायर सैकेण्डरी स्कूल, वडलूर के कर्मठ सचिव श्री आर. सेल्वराज ने वडलूर, मेट्टुकुप्पम्, मरुदूर, करङ्गुळि तथा चिदम्बरम् आदि विविध स्थलों की यात्रा में पर्याप्त जानकारी उपलब्ध करवाई। इसी अवसर पर अन्नदान शाला, शुद्ध सन्मार्ग निलयम्, सिद्धि विलग तिरुमलिगै, मरिअम्माल कल्याणमण्डपम् इत्यादि स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव किया। 23 मई 1867 से अबाध रूप में कार्यरत वडलूर स्थित समरस शुद्ध सन्मार्ग सत्य धर्मशाला की 'अन्नदान शाला' अन्नदान की अद्भुत सत्य गाथा का प्रत्यक्ष प्रमाण है। रामलिंग स्वामी द्वारा परम सिद्धि प्राप्त कर ज्योति तत्त्व में विलीन होने से पूर्व मेट्टुकुप्पम् में 30 जनवरी 1874 को प्रज्ज्वलित—अनन्त कृपाज्योति की प्रतीक 'ज्योति' पिछले 122 वर्षों से अनवरत प्रकाश का विस्तार कर रही है। अपार शाँति और आध्यात्मिक चेतना के जिन क्षणों को इन स्थलों पर अनुभव किया वह 'गूंगे केरी सरकरा' की ही स्थिति है। इसी यात्रा के अवसर पर चिदम्बरम् रामलिंग स्वामीगळ् विरचित 'अरुट्पॅरुञ्जोति अगवल' कृति की एक प्रति भेंट-स्वरूप प्राप्त हुई

Koviloor Digital Library

जिसमें से कवि के हस्तलेख की एक प्रतिलिपि प्रस्तुत पुस्तक में दी गई है। रामलिंग स्वामी के समग्र लेखन को सम्पादित करने वाले साधनारत तमिल विद्वान् भक्त ऊरन् अडिगळ् के सम्पादित ग्रंथ 'तिरुअरुट्पा' को मूल तमिल के लिए आधार सामग्री के रूप में प्रयुक्त किया गया है जिसके लिए मैं उनका आभार स्वीकार करता हूँ।

रामलिंग स्वामी के दार्शनिक पक्ष का विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत कृति में सम्भव नहीं हो पाया। पुस्तक की योजना के अनुसार दार्शनिक चिंतन का संकेतमात्र ही उचित प्रतीत हुआ। यह कहना उपयुक्त होगा कि दार्शनिक दृष्टि से जिस उदात्त धरातल तक रामलिंग स्वामी के 'व्याख्यान' तथा काव्य का ऊर्ध्वगमन है वहाँ तक इन पंक्तियों का लेखक गहन अध्ययन तथा मनन द्वारा पहुँच पाने में स्वयं को असमर्थ पाता है। 'सत्य', 'अनन्त कृपाज्योति' के विषय में 'पूर्ण सत्य' (शिव ऐक्य सुखातीत लोक); एकमात्र अविभाज्य सच्चिदानन्द (सच्चिदानन्द अखण्ड ऐक्य शिव-साक्षात्कार अनुभव लोक); सच्चिदानन्द के लोक (अतीत चित् पूर्णानन्द सत् स्वरूप सुख रूप लोक; अतीतचित् पूर्ण अनन्य सत् रूप सुख स्वरूप लोक; अतीत चित् पूर्ण सत् मात्र सुख स्वभाव लोक) आदि चिंतन-धरातल के विभाजनों तथा उपविभाजनों की एक दीर्घ सूची श्री टी. आर. तुलसीराम ने अपने ग्रंथ में दी है। यदि कोई जिज्ञासु विद्वान् इस पक्ष का अध्ययन कर उसे सरल, स्पष्ट रूप में जनमानस तक पहुँचा सके तो यह एक उपलब्धि होगी। निराशा या पराजय के स्वर में नहीं अपितु ज्ञान की अनन्त प्रवहमान धारा में सराबोर होकर 'सत्य' का साक्षात्कार करने की अमिट प्यास से युक्त होकर ये शब्द लिखे गए हैं।

औपचारिकता निभाने के लिए भारतीय भाषाओं के सम्बन्धों के महत्त्व की चर्चा, मात्र प्रचार के उद्देश्य से की गई विविध गोष्ठियों आदि की वर्तमान चिंतनीय स्थिति में 'लक्ष्य' को प्रायः विस्तृत कर दिया जाता है। ऐसे वातावरण में ज्योति के पुञ्जरूप, उज्ज्वल कृपाज्योति के समान भारत के राष्ट्रपति महामहिम डॉ. शंकर दयाल शर्मा द्वारा भारतीय भाषाओं और राष्ट्रीय एकता के लिए किए जा रहे अनेकानेक प्रयास आशा और विश्वास को सुदृढ़ करते हैं। एक साहित्यकार, चिंतक और राष्ट्र के कण-कण के प्रति समर्पित डॉ. शंकर दयाल शर्मा द्वारा भारतीय भाषाओं के लिए अनेक रूपों में किए गए सद्प्रयास प्रकाश की वह स्वर्णिम किरण है जो मुझ जैसे भाषा और साहित्य सेवियों का मार्ग प्रशस्त करती है। 'सचित्र पेरियपुराणम्' के प्रकाशन के बाद प्रथम प्रति भेंट का समारोह 14 सितम्बर 1994 को राष्ट्रपति-भवन के विशेष कक्ष में अनेक विद्वज्जनों, साहित्यकारों आदि की उपस्थिति में हुआ था। डॉ. एन् महालिंगम्, डॉ. विजयेन्द्र स्नातक, डॉ. वेद प्रताप वैदिक, डॉ. गंगा प्रसाद विमल आदि से वार्तालाप के दौरान राष्ट्रपति महोदय ने भारतीय भाषाओं के पारस्परिक सम्बन्धों के परिप्रेक्ष्य में तमिल के गौरव ग्रंथों के हिन्दी अनुवाद और अध्ययन आदि पर विशेष बल दिया। तमिल के विशाल भक्ति-काव्य को हिन्दी में उपलब्ध करवाने के डॉ. एन्. महालिंगम् के सद्प्रयासों की वे इससे पूर्व भी भूरि-भूरि सराहना कर चुके थे। दिल्ली दूरदर्शन एवं आकाशवाणी से उनके उद्‌गार समाचार रूप में प्रस्तुत किए गए—'राष्ट्र की

Koviloor Digital Library

अखण्डता की रक्षा के लिए भारतीय भाषाओं के साहित्य का पारस्परिक आदान-प्रदान मूलभूत आवश्यकता है . . . . . तमिल और हिन्दी को निकट लाने में हिन्दी के सुपरिचित विद्वान् डॉ. रवीन्द्र सेठ का कार्य प्रशंसा के योग्य है . . . . . ।' देश के प्रमुख समाचार पत्रों में उनके भावोद्गार प्रकाशित हुए और उसके साथ ही मुझे अपने तीन दशकों के कार्य की सार्थकता का पुनः अनुभव हुआ। तमिल के प्रति महामहिम राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा का प्रेम अब सर्वज्ञात है। वे प्रायः तिरुवल्लुवर, आण्डाळ, सुब्रह्मण्य भारती आदि के काव्य के उद्धरण अपने भाषणों, वक्तव्यों आदि में देते हैं। संस्कृत, तमिल, हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं को भारतीय संस्कृति की संवाहिका-शक्तियों के रूप में माननेवाले डॉ. शंकर दयाल शर्मा के परामर्श को कार्यरूप में परिणत कर पाने में मैं स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करता हूँ। 'सचित्र पेरियपुराणम्' के बाद 'रामलिंग स्वामी-वल्ललार की ज्योति साधना' नामक यह कृति उस शृंखला की एक कड़ी है। इससे अगली कड़ी तमिल के प्राचीन आगम ग्रंथ 'तिरुमंत्रम्' पर आधारित होगी जिसको कुछ मास में ही प्रकाशित करने की योजना है।

तमिल के समग्र शिव-भक्ति काव्य को हिन्दी के माध्यम से प्रस्तुत करने के महायज्ञ में गाँधीवादी विचारक, नवीन चिंतन और मौलिक दृष्टिकोण के लिए विख्यात डॉ. एन. महालिंगम् अपना अमूल्य योगदान कर रहे हैं। वे समस्त धर्मों और अध्यात्म-चिंतकों के लिए अपने-अपने स्वीकृत चिंतन, पूजा-विधान आदि का यथावत् पालन करते हुए प्रकाशित ज्योति को एक साधन रूप में प्रचारित कर रहे हैं। 'ज्योति' प्रायः सभी धर्मों, जातियों, पूजा-विधियों, चिंतनधाराओं आदि में एक 'लक्ष्य' के रूप में स्वीकृत है अतः उनका यह प्रयास सहज रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारतीय धर्म और संस्कृति, पुरातत्त्व, इतिहास तथा अभियांत्रिकी के सुप्रसिद्ध विद्वान् डॉ. एन. महालिंगम् भारतीय संस्कृति और धर्म के प्रसार तथा राष्ट्रीय भावात्मक ऐक्य के लिए निरंतर कार्यरत हैं। वे रामलिंग स्वामी के जीव-कारुण्य के संदेश को विविध रूपों में क्रियान्वित कर रहे हैं। अरुट् चेल्वर्—'कृपासम्पन्न' के नाम से तमिलनाडु में विख्यात डॉ. महालिंगम् उद्योग, शिक्षा, धर्म, साहित्य, जन-कल्याण एवं अन्य विविध दिशाओं में अपने योगदान के लिए समादृत हैं। ऐसे व्यक्तित्व का सक्रिय सहयोग प्राप्त हो जाना 'अनन्त कृपाज्योति' की कृपा का ही एक रूप है।

डॉ. एन. महालिंगम् के विशेष सचिव श्री सी. रवीन्द्रन् एक मृदुभाषी, कर्त्तव्य-भावना से कर्मरत निष्ठावान् व्यक्ति हैं। वे निःस्वार्थ भाव से अनेक रूपों में मुझे सहयोग देते हैं। विविध चित्रों को अनेक स्रोतों से एकत्र करवाना, उनका परिचय आदि उपलब्ध करवाना, प्रकाशन के लिए यथासम्भव साधन और परामर्श की व्यवस्था उनकी सहज आत्मीयता और स्नेह का प्रमाण है। जून 1995 तक तिरु अरुट्पा से चयनित पदों का लिप्यंतर, अनुवाद आदि प्रकाशन के लिए तैयार था। सौभाग्यवश मद्रास जाकर डॉ. एन्. महालिंगम् से परामर्श करने का एक अवसर उपलब्ध हो गया। 'ओम्शक्ति' और अनेक भक्ति-ग्रंथों के सम्पादक-लेखक श्री भगीरथन् तथा तमिल-संस्कृत के सुपरिचित विद्वान् प्रो. एम्. वैद्यलिंगम् इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित थे। विचार-विमर्श के फलस्वरूप

Koviloor Digital Library

चयनित पदों के देवनागरी लिप्यंतर के साथ राग और ताल देने का निर्णय हुआ। संगीत का मेरा ज्ञान 'शून्य' के समकक्ष है अतः यह दायित्व विख्यात शास्त्रीय-संगीत गायिका एवं संगीतमर्मज्ञा डॉ. प्रोमिला गुरुमूर्ति तथा प्रो. एम्. वैद्यलिंगम् ने सहर्ष स्वीकार किया। मात्र यही नहीं, पूरे अनुवाद को पढ़कर उसमें विविध सुधार तथा परिवर्तन आदि के जो सुझाव श्री भगीरथन् तथा प्रो. वैद्यलिंगम् ने दिये उनके लिए मैं कृतज्ञ हूँ। इन राग और ताल आदि को शुद्ध रूप में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में संस्कृत और संगीत की निष्ठावान् विदुषी डॉ. सुषमा कुलश्रेष्ठ और संगीत में आकण्ठ निमग्न संगीतज्ञ आदरणीय प्रो. जगदीश सहाय कुलश्रेष्ठ ने मेरा मार्गदर्शन किया। 'किसान वर्ल्ड' के सम्पादक श्री कुंचितपादम् एक सहृदय विद्वान् हैं। 'तमिल शैव-भक्ति साहित्य' और 'सचित्र पेरियपुराणम्' के प्रकाशन के उपरान्त उनके सम्यक् प्रचार में उनका सहयोग एक 'भक्त' का 'इष्ट' के कार्य में योगदान होते हुए भी मेरे लिए एक सम्बल बना है। 'तिरु अरुट्पा' के 5818 पदों के विशाल संग्रह में से लगभग 250 पदों का चयन एक जटिल स्थिति थी। चयन से लेकंर अनुवाद तक प्रत्येक चरण पर मेरे साहित्यिक बन्धु तमिल-हिन्दी के विद्वान् डॉ. एच. बालसुब्रह्मण्यम् का सहयोग बना रहा है। उनकी भक्ति-भावना और साहित्य के प्रति गहरी अभिरुचि श्लाध्य है।

डॉ. विजय अग्रवाल उन शान्त, आस्थावान् कर्मयोगियों में से हैं जो साहित्य एवं संस्कृति की विविध रूपों में सेवा कर रहे हैं। उनकी 'तमिल शैव-भक्ति साहित्य' पर विस्तृत समीक्षा 'तमिल शैव-भक्ति साहित्य : सांस्कृतिक एकता की गंगा' को 'हिन्दुस्तान रविवासरीय' के 18 फरवरी '96 के अंक में प्रकाशित कर हिन्दी के प्रति समर्पित मेरे साहित्यिक बन्धु श्री बृजनारायण अग्रवाल ने मुझे प्रचुर विश्वास प्रदान किया है। डॉ. विजय अग्रवाल का यह कथन सत्य का उद्घाटन है—"भाषाएँ सतह पर ही दिखाई देने वाला सत्य है, जबकि उनके अंदर प्रवाहित हो रही भावनाओं की धाराएँ एक हैं। इस प्रकार यह पुस्तक सम्पूर्ण भारत के मन और मस्तिष्क की एकरसता को भी स्पष्ट करती है। निश्चित रूप से यह कार्य देश की साहित्यिक और सांस्कृतिक एकता की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्व का है।" इससे पूर्व मेरे सहयोगी बन्धु डॉ. श्याम बहादुर वर्मा की समीक्षा 'पाञ्चजन्य' के विद्वान् सम्पादक श्रीयुत तरुण विजय ने प्रकाशित की थी। 29 जनवरी 1995 के गणतंत्र दिवस विशेषांक में पाञ्चजन्य ने 'तमिल शैव-भक्ति साहित्य' को 'तमिल शैव-भक्तों के साहित्य की राष्ट्रीय यात्रा — धर्म-गंगा से निकली सरिताओं का पावन जल' शीर्षक से समीक्षा प्रकाशित की। डॉ. श्याम बहादुर वर्मा ने 'भारतवर्ष की राष्ट्रीय एकात्मता के पोषक सत्साहित्य' को समय की मांग बताते हुए इस कृति को दक्षिण की शिव-भक्ति धारा के उत्कृष्ट साहित्य की राष्ट्रीय यात्रा का भव्य आयोजन बताया। उन्होंने विस्तृत विवेचन के बाद लिखा है—'इस प्रकार सम्पूर्ण ग्रन्थ धर्म-संस्कृति-साहित्य के माधुर्य से भरा है। इसमें शिव-भक्तों के पवित्र चरित्रों की जीवन कथाओं तथा वाणी की आस्वाद्य सामग्री है।' राष्ट्र की एकता के लिए चिंतन, मनन करने वाले ऐसे सहृदय, स्नेही मित्रों का मिल जाना अनन्त कृपालु शिव की कृपा का ही एक रूप है। भारतीय भाषाओं की अन्तर्निहित वैचारिक एकता को प्रस्तुत करने के मेरे प्रयत्नों को श्री ई. अनबरसन ने पी. टी. आई के एक फीचर द्वारा

Koviloor Digital Library

प्रसारित किया जिसे ***'Breaking the linguistic barriers'. (Hitavada), 'Getting closer to South with language' (Asian Age)*** तथा अनेक अन्य रूपों में प्रकाशित किया गया। इसी भाँति तमिल समाचार पत्रों तथा पत्रिकाओं विशेषतः 'हिन्दू', 'आनन्द विकटन', 'दिनमलर', 'दिनतन्दि' आदि में हिन्दी में किए गए तमिल साहित्य विषयक कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा आत्म-विश्वास और लक्ष्य पर और भी दृढ़ होकर अग्रसर होने की प्रेरणा देती है।

तमिल, संस्कृत और हिन्दी के अनेक मूर्धन्य विद्वानों का जो स्नेह, मार्गदर्शन तथा सद्भाव-पूर्ण सहयोग मुझे अनवरत रूप से मिलता रहा है उससे साहित्यिक-कर्म करने की क्षमता में अभिवृद्धि होती है। मैं ऐसे सभी सहृदय साहित्यकारों, विद्वज्जनों के प्रति अपना विनम्र आभार प्रकट करना चाहता हूँ। तमिल साहित्य के साथ मुझे जोड़कर मार्गदर्शन करनेवाले मनीषी, अद्भुत व्यक्तित्व के धनी गुरुवर डॉ. ओम्प्रकाश अब 'ज्योति' में लीन हो चुके हैं। मेरी प्रभु से विनती है कि उनके समग्र परिवार को सुख और शाँति प्रदान करें। श्रद्धेय गुरुवर चिंतक, साधक साहित्यकार डॉ. विजयेन्द्र स्नातक के आशीर्वाद से मेरा मार्ग सदैव प्रशस्त हुआ है। 'कादम्बिनी' के सम्पादक एवं 'आथर्स गिल्ड ऑफ इंडिया' के महासचिव डॉ. राजेन्द्र अवस्थी का परामर्श अत्यन्त व्यावहारिक और मार्गदर्शक होता है, उनके साथ कार्य करना एक सुखद अनुभव है। सुप्रसिद्ध समालोचक-साहित्यकार डॉ. नामवर सिंह ने स्नेह और आत्मीयता से मेरी साहित्यिक गतिविधियों एवं कृतियों की सराहना करते हुए इस मार्ग पर कार्यरत रहने का महत्त्व हृदयंगम करवा दिया। डॉ. वेदप्रताप वैदिक हिन्दी तथा भारतीय भाषाओं के साथ अखण्ड विश्वास और आस्था से सम्पृक्त साहित्यसेवी पत्रकार हैं। नवीन विचारों तथा प्रचार-तन्त्र के सम्यक् उपयोग में उनके अनुभव नवीन मार्ग प्रशस्त करते हैं। नजीबाबाद (उ. प्र.) में हिन्दी की साधना में लीन और भारतीय-भाषाओं को हिन्दी के साथ स्नेह सम्बन्धों से जोड़ने में प्रयत्नशील श्री वीरेन्द्र जैन पहाड़वाले का परिचय एवं सान्निध्य "हिन्दी साधक सम्मान—समग्र लेखन" मुझे प्राप्त होने पर हुआ। उनकी दृढ़ आस्था इस विश्वास को आधार देती है कि भारतीय भाषाओं के भविष्य के लिए देश के अनेकानेक लोगों के प्रयास सफल होकर रहेंगे। इसी संदर्भ में मणिपुर में कार्यरत डॉ. देवराज और नजीबाबाद के ही श्री सुभाष अग्रवाल तथा डॉ. प्रेमसागर गुप्ता का भी सुखद स्मरण हो जाता है।

दिल्ली तमिल संगम के श्री एस. कृष्णमूर्ति, श्रीमती श्यामला कृष्णमूर्ति एवं श्री एम. एस. मनियन तमिल-हिन्दी सम्बन्धों को सुदृढ़ बनाने के हर कार्यक्रम में सहयोग देते रहे हैं। मित्रों का सहज भाव से दिया गया परामर्श और सहयोग कार्य-सम्पादन को सम्यक् दिशा प्रदान करता है। सदैव मेरे सद्कार्य में सहयोग देनेवाली डॉ. देवकन्या द्वारा इस दिशा में दिया गया परामर्श अत्यन्त उपयोगी रहा है। साहित्य और जीवन के हर पक्ष में सहभागिनी डॉ. रमेश सेठ के कई सुझाव लेखनक्रम की प्रक्रिया से प्रकाशन तक की दीर्घयात्रा में कार्यरूप में परिणत हुए हैं। प्रिय स्मिता और अशोक और उनकी 'संचिता' मेरे जीवन के उल्लास और

Koviloor Digital Library

विषाद के समस्त क्षणों के सहभागी हैं। संस्कृत, विशेषतः वैदिक-साहित्य के प्रति समर्पित डॉ. शशि तिवारी ने ज्योति-पक्ष पर अध्ययन-सामग्री के स्रोतों का परिचय देकर अनुग्रह किया है। पुस्तक के कला-पक्ष, चित्रों का आर्ट पेपर पर सुचारु रूप से प्रकाशित करवाने आदि का दायित्व कलामर्मज्ञ श्री नरेन्द्रनाथ सेठी ने वहन किया है। सेवा-भावना, प्यार बाँटना और प्रकृति के सौंदर्य को कैमरे में उतारना उनकी जीवन शैली है। तमिलनाडु के अनेक तमिल-हिन्दी विद्वान् मुझे सदैव अपने सद्विचारों और स्नेह द्वारा प्रोत्साहित करते हैं। डॉ. के. आर. नञ्जुंडन, डॉ. एम. शेषन्, डॉ. ना. सुन्दरम्, डॉ. पि. के. बालसुब्रह्मण्यम्, डॉ. बालशौरि रेड्डी, डॉ. र. शौरिराजन्, श्री त. शि. कण्णन्, श्रीमती मणिमेखलै तथा केरल प्रदेश के डॉ. विश्वनाथय्यर आदि का स्नेहपूर्ण परामर्श हृदय में उत्साह और कर्मभावना को सुदृढ़ करता है। मद्रास प्रवास में प्रायः मैं अपने ज्योतिलीन मित्र 'सुरेन्द्र' के परिवार के साथ रहने का प्रयास करता हूँ। 1966 ई. में जब पहली बार तमिल भाषा और साहित्य विषयक शोधकार्य प्रारम्भ किया था तब वे हिन्दी की अलख जगाने मद्रास आ चुके थे। आर्यसमाज और डी. ए. वी. स्कूल को अपनी कर्मस्थली बनाकर वैदिक ज्ञान से युक्त सुरेन्द्र हिन्दी प्रचार-प्रसार में जुट गए थे। चार वर्ष पूर्व वीणा, अमित और मनीषा को जीवनधारा में छोड़कर स्वयं महानिद्रा में लीन हो गए। आज सहसा उनके सौम्य, मुस्कुराहटपूर्ण मुख का स्मरण मानो यहाँ शब्दबद्ध होने के लिए ही हुआ।

पुस्तक की स्कैनिंग तथा लेज़र कम्पोजिंग का समस्त दायित्व सहयोगी बन्धु श्री अमित गुप्ता और उनके सहायक श्री नीरज ने वहन किया है। प्रकाशन, पुस्तबन्ध आदि कार्य शाहदरा बुक बाईंडिंग हाउस के श्री चन्द्रमोहन और उनके कर्त्तव्यनिष्ठ पुत्र श्री अनमोल गोयल की देखरेख में हुआ है।

आध्यात्मिक शक्ति का प्रभाव मानव-मन पर विचित्र रूपों में होता है। इस कृति के लेखन तथा प्रकाशन में आई बाधाओं के कारण जब-जब कार्य अवरुद्ध हुआ तो स्वप्नवत् स्थिति में एक अदृश्य निराकार ज्योति ने जो उद्बोधन किया, कर्म में प्रवृत्त होकर अपने लक्ष्य की ओर दृढ़ निश्चय से अग्रसर होने के लिए प्रेरणा दी वह मेरे लिए अनिर्वचनीय अनुभव के रूप में चिरस्मरणीय रहेगा।

जिन विद्वानों की कृतियों और विचारों से मैंने प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में मार्गदर्शन प्राप्त किया है, उनके प्रति मैं सादर कृतज्ञता ज्ञापन करता हूँ। 1982 में 'सुब्रह्मण्य भारती' के प्रकाशन के अवसर पर कृष्ण-उपदेश 'निमित्तमात्रं भव' को कर्म के आधाररूप में स्वीकार किया था; आज भी स्थिति वही है। 'अनन्तकृपाज्योति' की कृपा का एक प्रमाण यह कृति भारतीय चिंतन, अध्यातम के विश्वजनीन रूप तथा भक्ति के उदात्त अनुभव को जन-जन तक पहुँचाने का एक विनम्र प्रयास है।

(डॉ. रवीन्द्रकुमार सेठ)

Koviloor Digital Library

Koviloor Digital Library

Koviloor Digital Library

Courtesy:
THE ANAMALLAIS RETREADING CO.
472, Dr. NANJAPPA ROAD, COIMBATORE-641018

கந்த கோட்டம் - முருகன் கோவில், சென்னை

कन्दकोट्टम-श्री सुब्रह्मण्य का मंदिर, मद्रास

Kantha Kottam - Madras

Koviloor Digital Library

प्रथम खण्ड

ज्योति-साधक रामलिंग स्वामी-वल्ललार

व्यक्तित्व, कृतित्व, चिंतन एवं दर्शन

Koviloor Digital Library

Koviloor Digital Library

ज्योति-साधक रामलिंग स्वामी—'वल्ललार' व्यक्तित्व, कृतित्व एवं दर्शन

अलौकिक बालक

जनवरी 1824 का एक पवित्र दिवस! चार-पाँच मास के एक बालक को गोद में उठाए माँ चिनम्मा अपने पति रामैय्या पिल्लै के साथ चिदम्बरम् के मंदिर में दर्शनार्थ प्रविष्ट हुईं! यह परिवार तमिलनाडु के चिदम्बरम् जिले के उत्तर-पश्चिम में लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित मरुदूर गाँव से आया था। सृष्टि के नियंता, अनन्त कृपालु 'नटराज' के विग्रह के समक्ष पहुँचते ही यह पाँच मास का नन्हा शिशु उल्लसित होकर हँसने लगा। चिदम्बरम् के मंदिर में नटराज के विग्रह के पार्श्व में 'चिदम्बर-रहस्य' स्थल है जिसे 'शून्य', 'अनन्त' अथवा निराकार ब्रह्म का प्रतीक माना जाता है। बालक को मानो शिव के अनादि, अनन्त तत्त्व का अनुभव हुआ और उसकी हँसी उसी आनन्दातिरेक का परिणाम थी। यह बालक रामलिंगर था जिसका जन्म रविवार, द्वितीया शुक्लपक्ष, चित्रा नक्षत्र में 5 अक्टूबर 1823 ई. को हुआ था। रामलिंगम् माता चिनम्मा की पाँचवी संतान थे। परिवार अपने पवित्र विचारों, ज्ञान और स्वार्थ-रहित सेवा-भावना के लिए विख्यात था। पिता रामैय्या पिल्लै शिव-भक्त थे और ग्राम में लेखा एवं अध्यापन कार्य करते थे। जनश्रुति प्रसिद्ध है कि रामलिंग के जन्म से पूर्व ही एक शैव साधु रामैय्या के घर आए, चिनम्मा ने उनका समुचित आदर-सत्कार किया; उन्हें सादर भोजन करवाया। वे साधु जाने से पूर्व आशीर्वाद दे गए—'मेरे ही समान एक पुत्र तुम्हें शीघ्र प्राप्त होगा!' भक्तगण मानते हैं कि योगी-वेश में शिव स्वयं रामलिंग के जन्म का आशीर्वाद देने आए थे!

34 वर्ष के अंतराल पर, जब रामलिंग स्वामी ज्ञान के मार्ग पर पर्याप्त आगे बढ़ चुके थे, वे चिदम्बरम् आए। यहाँ वे पर्याप्त समय रहे और अबोध अवस्था में हुए अनुभव का, रहस्य-दर्शन की घटना का उन्हें इतना स्पष्ट स्मरण था कि नटराजराज के प्रति सम्बोधन से युक्त कविताओं में से एक कविता में उन्होंने इसका उल्लेख भी किया है—

Koviloor Digital Library

तुमने दिया मुझे 'रहस्य-दर्शन' उस 'शून्य' के पीछे,
मेरे प्रभु! मेरे आनन्द! बीज-वपन से पूर्व ही
मैं हो गया परिपक्व
'फल' हो गया मुझे प्राप्त!

बाल्यावस्था

बालक रामलिंग अभी छः मास के ही थे कि पिता रामैय्या पिल्लै का देहावसान हो गया। पति की असामयिक मृत्यु के कुछ समय बाद रामलिंग की माता अपने ज्येष्ठ पुत्र सभापति के पास मद्रास आ गईं। मद्रास के 'सैवन वैल्स' की वीरस्वामी पिल्लै गली में मकान न. 39 में इनका प्रारम्भिक बाल्यकाल बीता। आश्चर्य का विषय है कि आज उस मकान में पुस्तबंध का काम होता है, यद्यपि स्थानीय लोग आज तक उन्हें आदर से स्मरण करते हैं। लगभग एक वर्ष पूर्व लेखक स्वयं जब उस स्थल के दर्शनार्थ गया तो आश्चर्यमिश्रित खेद का अनुभव हुआ कि इस कोटि के सत्य-साधक, कवि, मानव-मात्र के प्रति जीवकारुण्य का संदेश देने वाले रामलिंगर की बाल्यावस्था से जुड़े इस स्थल को किसी भी रूप में महत्त्व देने का उपक्रम नहीं हुआ। सम्भवतः उनकी कर्मभूमि वडलूर, करुंगुळि, मेट्टुकुप्पम् आदि स्थल रहे इसलिए मद्रास की वीरस्वामी पिल्लै गली में स्थित बाल्यकाल की लीलास्थली को विस्मृत कर दिया गया।

बाल्यावस्था से ही शिक्षा की नियमित पद्धति में उनकी रुचि न थी। गलियों में घूमना, कंदस्वामी मंदिर में बैठे रहना और न जाने किन अज्ञात स्वप्नों में खोए रहना उनका स्वभाव बन गया था। भाई सभापति पिल्लै ने उन्हें शिक्षा देने का दायित्व काँची के प्रसिद्ध तमिल पंडित सभापति मुदलियार को सौंपा पर बालक रामलिंगर पर उनका भी वश नहीं चला। बालक पर अंकुश बढ़ा दिए गए; बड़े भाई ने पत्नी पार्वती को आदेश दिया कि रामलिंगर को भोजन-वस्त्र न दिया जाए। परन्तु मातृवत् स्नेह करनेवाली भाभी उन्हें अत्यन्त स्नेह से भोजन करवातीं, पिछले द्वार से चुपचाप घर में उन्हें प्रवेश मिल जाता। इस स्नेह के वश होकर रामलिंग अपने भाई को प्रसन्न रखने का प्रयास करने के लिए मान गए और नियमित अध्ययन करने का आग्रह भी स्वीकार कर लिया। प्रथम तल पर उन्हें एक कमरा दे दिया गया जहाँ अध्ययन तो क्या होना था अंतः साधना का मार्ग खुल गया।

साधना का प्रारम्भिक रूप

रामलिंगर ने अपने कक्ष में एक दर्पण रख लिया और उसके सामने एक दीपक जला लिया। दर्पण में दीपक की लौ पर ध्यान एकाग्र कर वे परम तत्त्व, विश्व-व्याप्त

Koviloor Digital Library

सत्य की साधना करने लगेः—

मेरे नाथ! षण्मुख देव! बालपन में ही अपनाया मुझे
गुरु-रूप में आकर स्वीकार किया मुझे,
हे देव, हे करुणामय! (तिरु अरुट्पा-451)

रामलिंग ने अपने एक गीत में नौ वर्ष की आयु में ही त्रिकुटी पर ध्यान केन्द्रित कर अपने इष्टदेव मुरुगन-सुब्रह्मण्यम्-कार्त्तिकेय के दर्शन करने का उल्लेख किया है। उनके अनेक प्रारम्भिक गीत स्कन्द-कोष्ठ में विराजे प्रकाशमान मुरुगन अथवा षण्मुख को सम्बोधित हैं—

ओरुमैयुडन् निनदु तिरुमलर अडि निनैक्किन्र्
उत्तमर् तम् उरवु वेण्डुम् . . . .

एकाग्रचित्त हो करते हैं तेरे चरण-कमलों का स्मरण जो
ऐसे उत्तम मनुष्यों के स्नेह की कामना है;
मन में कुछ और बाहर कुछ और
ऐसे लोगों का सम्बन्ध नहीं चाहिए;
करते रहें तेरी महान् कीर्ति का गान,
बिना असत्य कहे रहें हम; . . . . . (तिरु अरुट्पा-8)

बाल्यावस्था में भी चिंतन-प्रक्रिया यह रही कि 'तेरा विस्मरण न हो', 'चाहिए मुझे निरोग जीवन', 'मदरूपी पिशाच पकड़ न पाए' अतः 'तुम्हारी करुणानिधि की इच्छा है।' तीव्र प्रतिभा, अद्भुत शब्द-प्रयोग में सक्षम पारदर्शी बुद्धि से युक्त रामलिंगर अब साधना के मार्ग पर अग्रसर हो रहे थे।

बारह वर्ष की आयु में रामलिंगर मद्रास से दस किलोमीटर की दूरी पर स्थित तिरुवोट्रियूर मंदिर में शिव की त्यागमूर्ति 'त्यागराज' की उपासना के लिए जाने लगे। यह वही प्रसिद्ध स्थल है जहाँ तिरुज्ञानसम्बन्धर, अप्पर और सुन्दरमूर्ति युगों पूर्व अपने भक्ति-गान प्रभु-अर्पित कर चुके थे। वे तिरुवल्लूर और तिरुकण्णमंगै स्थलों पर विष्णु-मंदिरों में भी गए और वहाँ प्रतिष्ठित विष्णु का प्रशस्ति-गान किया। तिरुवोट्रियूर समुद्र-तट पर एक रमणीय स्थल है जहाँ स्थित प्राचीन नंदी का मंदिर अब ध्वस्त हो गया है। इस काल की दो चमत्कारी घटनाओं का उल्लेख मिलता है। एक बार वे तिरुवोट्रियूर से देर रात को घर पहुँचे। भाई-भाभी सो रहे थे और उन्हें जगाना उचित न समझ वे भूखे ही घर के बाहर बरामदे में सो गए। कुछ समय बाद उनकी भाभी खाना लिए उनके निकट आईं, भोजन करवाया और वे पुनः सो गए। थोड़ी देर बाद उन्हें पुनः जगाया गया, इस बार उनकी भाभी उन्हें भोजन के लिए भीतर बुला रही थीं। बाद में यह ज्ञान हुआ कि पहली बार भोजन किसी अज्ञात शक्ति ने करवाया था। दूसरे दिन उन्हें हाथ में भोजन की थाली लिए देवी ने पुनः

Koviloor Digital Library

दर्शन दिए और विलीन हो गई। इस घटना को स्मरण कर देवी के प्रति आभार-प्रदर्शित करते हुए उन्होंने अपनी कविताओं में इसका संकेत किया है।

रामलिंग स्वामी को त्यागमूर्ति 'शिव' द्वारा भोजन करवाये जाने का भी एक प्रसंग मिलता है। प्रतिदिन की भाँति एक दिन बालक रामलिंगर मंदिर के प्रांगण में भूखे ही सो रहे थे। मंदिर के पुजारी वहाँ आए और उन्हें जगाकर भोजन करवाया। अगले दिन प्रातःकाल ज्ञात हुआ कि वे पुजारी तो दो दिन पहले से ही किसी दूर के स्थल पर गए हुए थे। इस घटना को भी दैवी-कृपा के रूप में स्वीकार किया गया। तिरुज्ञानसम्बन्धर को तीन वर्ष की आयु में देवी पार्वती द्वारा ज्ञान-दुग्ध का पान करवाने वाली घटना तमिल-मानस पर गहराई से अंकित है इस पर किसी प्रकार का संशय नहीं होता। भक्ति-साहित्य विशेषतः तिरुतोण्डर पुराणम् में इस प्रकार के अनेक प्रसंग उपलब्ध हैं अतः रामलिंग स्वामी के बाल्यकाल की इन घटनाओं को भी भक्ति-भाव से स्वीकार किया जाता है। तिरुवोट्रियूर में ही एक वृद्धा मंदिर की सेवा में अपने जीवन की संध्या व्यतीत कर रही थी। एक बार उसने रामलिंगर से कोई चमत्कार दिखाने का स्नेहपूर्वक आग्रह किया। रामलिंगर ने एक मुट्ठी रेत उठाई और उसे वृद्धा के हाथ में रख दिया। हथेली बंद करने पर जब उसे पुनः खोला तो वहाँ रेत के स्थान पर अनेक शिवलिंग विद्यमान थे। यह मंदिर उस संत पट्टिनाट्टर की स्मृति से जुड़ा है जो एक मान्यता के अनुसार मंदिर के लिंग में ही विलीन हो गए थे।

अपने विनम्र स्वभाव, अंतः साधना से उत्पन्न एकाग्रता और प्रत्युत्पन्नमति होने के कारण धीरे-धीरे लोगों का ध्यान उन पर केन्द्रित होना प्रारम्भ हुआ। साधारणतः वे चमत्कार प्रदर्शन करना उचित नहीं समझते थे। बाद में उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चमत्कार-प्रदर्शन को महत्त्वहीन बताया है।

दिव्य-प्रकाश का संकेत

बड़े भाई सभापति पिल्लै मल्लिकेश्वर मंदिर के ट्रस्टी, एक धनाढ्य व्यक्ति सोमू चेट्टियार के घर प्रतिदिन प्रवचन करने जाते थे। प्रवचन के समय मूल अंशों का पाठ करने के लिए वे रामलिंगर को साथ ले जाने लगे। रामलिंगर अपने कक्ष में बैठकर आत्म-साधना द्वारा जिस ज्ञान को अर्जित कर रहे थे उसका किसी को आभास तक न था। एक दिन अस्वस्थ होने के कारण बड़े भाई उपदेश देने न जा सके। उन्होंने विचार किया कि नियमित श्रोताओं को निराशा न हो अतः रामलिंगर जाकर उन्हें पेरियपुराणम् का मूल पाठ ही सुना दें। बालक रामलिंगर सभा में पहुँचे। वहाँ उन्होंने चेक्किलार कृत पेरियपुराणम् के अंशों का पाठ किया। एक भक्त के कहने पर अनेक प्रसंगों की सारगर्भित व्याख्या भी की। जिस अद्भुत कौशल, गम्भीर अर्थ-विवेचन और स्पष्ट अभिव्यक्ति से युक्त यह व्याख्या-पूर्ण भाषण हुआ वह लोगों को मंत्रमुग्ध

Koviloor Digital Library

कर गया। (सोमू चेट्टियार के लिंगि चेट्टि स्ट्रीट स्थित उस भवन में अब मऱैमलै अडिगळ् पुस्तकालय है।) रामलिंगर ने अपनी कविताओं में इस प्रसंग को दैवीकृपा माना है। तिरुप्पळळि् एळ ुच्चि के एक गीत में वे कहते हैं—

हे भगवन्! मुझे न भेजा नियमित पाठशाला में तुमने
प्रविष्ट कर लिया निज पाठशाला में करुणा से
दिया समस्त ज्ञान विशुद्ध रूप में . . . . (तिरु अरुट्पा-4891)

रामलिंग स्वामी के जीवन और कृतित्व पर अनेक विद्वानों और चिंतकों ने प्रकाश डाला है। इनमें श्री ऊरन अडिगळ, श्री गिरिधारी प्रसाद, श्री जी. वण्मीकनाथन् श्री टी. आर. तुलसीराम, श्री मा. पो. शिवज्ञान ग्रामणी आदि प्रमुख हैं। तमिल प्रदेश के गांधीवादी चिंतक और प्रसिद्ध विद्वान् डॉ. एन. महालिंगम् वल्ललार के आदर्शों और जीवन-चिंतन के प्रसार में विविध रूपों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

रामलिंग स्वामी के जीवन को हम तीन खण्डों में विभक्त कर सकते हैं—

(क) 26 वर्षों का प्रारम्भिक जीवन—मानवीय दुर्बलताओं, कामनाओं तथा वासनाओं से संघर्ष करते हुए ईश्वर-प्रेम के मार्ग के बाधक तत्त्वों से स्वयं को मुक्त करने का काल-खण्ड।

(ख) ज्योति-प्रकाश प्राप्ति का काल जो 12-13 वर्ष का समय है। करुंगुळि वडलूर, चिदम्बरम्, मरुदूर आदि स्थलों पर निवास करते हुए ज्ञान के प्रकाश की प्राप्ति का यह काल-खण्ड बौद्धिक और भावात्मक रूप से प्रभु-मार्ग पर अग्रसर साधक के विकास का समय है। प्रभु की अनन्त कृपा का वर्णन तथा सामाजिक जीवन के दुर्बल पक्ष पर पैनी दृष्टि से युक्त काव्यरचना भी इस काल की उपलब्धि है।

(ग) मिलन मार्ग—यह लगभग चार वर्ष का समय है। प्रभुज्ञान प्राप्त कर लेने के बाद आनन्द और उल्लासपूर्वक ईश्वरीय मार्ग पर अग्रसर होना तथा अनन्त-तत्त्व से मिलन की प्राप्ति करना इन चार वर्षों में हुआ। रामलिंग स्वामी के जीवन का इस भाँति प्रकाश-मार्ग की ओर अग्रसर होना और अनन्त कृपाज्योति से मिलन बृहदारण्यक उपनिषद् के 'असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्मामृतं गमय' का व्यावहारिक जीवन में साकार होना है।

चिदम्बरम् की ओर

रामलिंग स्वामी का समय तमिल प्रदेश में अद्वैत, विशिष्टाद्वैत और द्वैतवाद के साम्प्रदायिक संघर्ष का युग था। उन्होंने अपने चिंतन में वेदान्त और शैव-सिद्धान्त का एक समन्वयात्मक रूप प्रस्तुत किया। शनैः शनैः ज्ञान और भक्ति के गहन

Koviloor Digital Library

अनुभवों और चेतना के ज्योति से एकीकृत होने के फलस्वरूप उन्होंने चिंतन के कई नए आयाम जोड़े। उनके व्यक्तित्व और प्रवचनों का आकर्षण अब जन-समाज पर प्रभाव डाल रहा था। कई गाँवों के प्रमुख व्यक्ति, सरकारी सेवा में लगे अधिकारी, अनेक विद्वान्, तमिल और संस्कृत के लेखक, कवि तथा साधारण जन भारी मात्रा में इनके विचारों से प्रभावित हो रहे थे। अनुयायियों और शिष्यों की संख्या बढ़ रही थी। मद्रास नगर सन् 1858 ई. में भी विविध आकर्षणों से युक्त था। नगर की सम्पन्नता एवं उसके ऐश्वर्यमय जीवन से परे रहने का प्रयास रामलिंगर पर्याप्त समय तक करते रहे। वे शहर के कोलाहल से दूर कभी तिरुवोट्रियूर के मंदिर में, कभी तिरुत्तणिगै, कभी तिरुमुल्लैवयल् चले जाते। 1858 ई. में वे मद्रास छोड़कर चिदम्बरम् की ओर चल दिए। मार्ग में पड़ने वाले तीर्थ-स्थलों के दर्शन करते वे करुंगुळि के वेण्कट् रेड्डियार के घर रुक गए। यहाँ वे दिन भर मंदिरों, एकांत स्थलों में समय व्यतीत करते; अपने 'शिव' के स्थल 'तिल्लै'—चिदम्बरम् तक जाते और रात्रि में लेखन-कार्य करते। इसी 'तिल्लै' में उन्होंने अनन्त प्रकाश का पुनः पुनः दर्शन किया और कई दशकों की रचना की:—

हे कनक सभा में नर्तित देवदेव
करुणामय शिव! कुंजित चरण!
हे पुण्य पुरुष!
तुम्हारी दया, करुणा के बिना
कैसे आएगा यह वश में
चंचल मन इस दास का?
व्याप्त हो तुम पूर्ण ज्ञानियों के मन में
हे देवाधिदेव! (तिरु अरुट्पा-2677)

युगों पूर्व 'तिरुवाचकम्' के गायक माणिक्कवाचकर ने इसी भव्य चिदम्बरम् में अपनी भक्ति को स्वर दिया था—

अन्बिनाल् अडियेन् आवियोडाक्कै . . . . .

"आपने मुझ पर ऐसी सुखद कृपा की कि मुझ दास के तन-प्राण प्रेम के कारण आनन्द से गद्गद् हो द्रवित हो गए। इस उपकार के लिए मैं बदले में कुछ नहीं दे सकता। ऐसा देना मेरे वश में भी नहीं है। आगे-पीछे आप ही हैं, आप सर्वत्र व्याप्त हैं, आप सदा मुक्त हैं, आप अनन्त, अनादिनाथ हैं!" . . . . उसी कनक सभा में अद्भुत चिदाकाश में, ज्ञानमय अम्बर में नर्तित नटराज की सभा में रामलिंगर आनन्द विभोर होकर उठे—

अद्भुत अद्वितीय हो तुम, जो है तुम ही तुम हो
यह सब लीला है तुम्हारी
तुम्हीं धरते हो ये समस्त रूप

Koviloor Digital Library

यह विशाल धरालोक
दूर दूर तक विस्तृत ब्रह्माण्ड
तुम ही तो हो! . . . . .
तुम हो नाद, तुम हो मोक्ष प्रदाता
बनते हो केवल ज्ञान की शुद्ध अनुभूति
जिसमें स्फुटित तव ज्योतिरूप
धारण करते मंगलरूप
हो जाते व्याप्त यत्र-तत्र सर्वत्र
नृत्य करते चिदाकाश में, ज्ञानमय अम्बर में
नटराजराज तुम! (तिरु अरुट्पा-2610)

पांच मास के बालक के हृदय में बीजरूप स्थित 'चिदम्बरम् रहस्य' अब काव्य में प्रस्फुटित हो रहा था, बीज फल बन गया था, तात-मात, गुरु-देवता, सकल पदार्थ प्रेम और ज्ञान तिल्लै की चित् सभा में प्रकाशमान ज्योतिदीप ही हो गया था।

समरस शुद्ध सन्मार्ग सत्य संगम

1865 ई. में 'समरस शुद्ध सन्मार्ग सत्य संगम' की स्थापना की गई। इसके बाद उनका ध्यान एक ऐसे स्थल की खोज में लगा जहाँ जीव-कारुण्य का मंत्र साकार हो तथा वहाँ निःशुल्क भोजनशाला हो। कई स्थलों का निरीक्षण करने के बाद चिदम्बरम् से तीस किलोमीटर और पांडिचेरी से 62 किलोमीटर की दूरी पर पार्वतीपुरम् को इस कार्य के लिए चुना गया। यहाँ से एक मार्ग मद्रास से कुंभकोणम् की ओर जाता है और दूसरा मंजुकुप्पम् से वृद्धाचलम् की ओर। पार्वतीपुरम् में वडलूर स्थल का वल्ललार द्वारा चयन होते ही चालीस व्यक्तियों ने अपनी सारी भूमि, जो लगभग 133 एकड़ थी, स्वेच्छया दान में दे दी। ज्ञातव्य है कि ये दान देने वाले सीमित साधनों वाले लोग थे पर उनमें आस्था थी और रामलिंग के प्रति अटूट विश्वास था। प्रारम्भ में तो अस्थायी व्यवस्था की गई पर 23 मई 1867 को यहाँ 'समरस वेद धर्मशाला' का उद्घाटन हुआ। बाद में यह नाम बदल-कर 'समरस शुद्ध सत्य धर्मशाला' कर दिया गया। जीवकारुण्य के एक पक्ष—निर्धन, भूखे व्यक्ति को भोजन करवाने का कार्य विधिवत् प्रारम्भ हो गया। यह स्नेह और ममत्व का संदेश था; परमतत्त्व की अपार करुणा के योग्य होने का मार्ग था।

सिद्धि वलागम् में निवास

वडलूर में रामलिंगर चार वर्ष रहे। उपासना, प्रवचन, भोजनालय की देखरेख, पीड़ितों की पीड़ा को स्नेहपूर्वक सुनना, परामर्श देना और कभी-कभी उनके कष्ट स्वयं ओढ़ लेना आदि उनकी जीवनचर्या थी। 1870 ई. में वे वडलूर से केवल तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित मेट्टुकुप्पम् में जाकर वर्षों से वीरान पड़े एक छोटे से

Koviloor Digital Library

भवन में रहने लगे। इसे 'सिद्धि वलागम्' कहा गया। मेट्टुकुप्पम् से प्रतिदिन वडलूर आकर वे भोजनशाला तथा अन्य कार्यों का निरीक्षण करते। इस प्रकार अनुयायियों के साथ आध्यात्मिक चर्चा तथा अन्य विषयों पर परामर्श आदि का क्रम जारी रहा।

समरस शुद्ध सन्मार्ग सत्यज्ञान सभा

उनके द्वारा निर्मित तृतीय संस्था को प्रारम्भ में 'सत्य ज्ञान सभा' कहा गया पर जुलाई 1872 ई. में इसे 'समरस शुद्ध सन्मार्ग सत्य ज्ञान-सभा' का नाम दिया गया। परम कृपाज्योति की अवधारणा पर्याप्त समय पूर्व से ही उनके हृदय में साकार रूप धारण कर रही थी। इस ज्ञानसभा के निर्माण से उसे ठोस रूप प्राप्त हो गया; स्वप्न वास्तविकता में परिणत हो गया। 25 जनवरी 1872 को पूर्णिमा के दिन भवन को लोकार्पित किया गया। वडलूर को 'उत्तर ज्ञान चिदम्बरम्' कहा गया। रथ की आकृति वाले इस भवन के निर्माण में किसी परम्परागत मान्यता को ग्रहण न कर वल्ललार के हृदय में निर्मित कल्पना को साकार रूप दिया गया।

इसका समग्र रेखाचित्र भी उन्होंने तैयार किया था। यह 'सत्यसभा' अष्टभुज। है। भवन के निर्माण में जिस गहन-तात्त्विक चिंतन का प्रयोग हुआ है उसके विषय में तिरुच्चिरापल्ली के विद्वान् नटेसन पिल्लै ने अपने एक लेख में विस्तृत वर्णन किया है : हमारे शरीर का निर्माण पांच तत्त्वों से हुआ है, हमारे ज्ञान-ग्रंथों के अनुसार जो आकार-प्रतीक पाँच तत्त्वों के लिए हैं वही आकार-प्रतीक इस भवन में विद्यमान हैं। इसमें निर्मित 14 खिड़कियां 5 कर्मेन्द्रिय, 5 ज्ञानेन्द्रिय तथा चित्त, बुद्धि, इच्छा और अहंकार का प्रतीक हैं। 7 द्वार सात प्रकार के जन्मों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसी भाँति इस भवन के प्रत्येक द्वार, आकार, दिशा आदि की व्याख्या करते हुए नटेसन पिल्लै ने दर्शाया है कि यहाँ लगे सात परदे मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, अनाहत, विशुद्धि और आज्ञा चक्रों के संकेतक हैं, सातवाँ परदा सहस्त्रदल कमल—सहस्त्रार को इंगित करता है। रामलिंग स्वामी के स्वकथनों के आधार पर श्री बालकृष्ण पिल्लै ने इन आवरणों की व्याख्या भिन्न प्रकार से की है। 'यदि आप मुझसे पूछो कि इस भौतिक शरीर में 'मैं' कौन हूँ तो उत्तर होगा मैं आत्मा हूँ, मैं अणु रूप हूँ। इस अणुरूप आत्मा में कोटि सूर्यो का प्रकाश है। इसका आवास त्रिकुटी है। इसका वर्ण तीन चौथाई स्वर्णिम और एक-चौथाई श्वेत है। आत्मा के इस प्रकाश के अवरोध के लिए सात माया-शक्ति हैं : माया (कृष्ण वर्ण), क्रिया (नीलवर्ण), परा (हरित वर्ण), इच्छा (लाल वर्ण), ज्ञान (स्वर्ण वर्ण), आदि (श्वेत वर्ण) तथा चित् शक्ति (जिसका वर्ण विविध रंगों का मिश्रण है)।

रामलिंग स्वामी ने प्रतिपादित किया है कि 'ज्योति' जो 'अनुकम्पा का अनन्त

Koviloor Digital Library

ज्योतिपुंज है' सात वर्णों से आच्छादित रहती है। वडलूर की 'सत्यज्ञान सभा' के निर्माण की प्रक्रिया में प्रयुक्त प्रतीक-विधान के साथ ही वहाँ के सात आवरणों के मूल में रहस्यात्मक चिंतन-प्रक्रिया का समावेश है। इसके विश्लेषण द्वारा रामलिंग स्वामी के उच्च कोटि के आध्यात्मिक ज्ञान और उनके द्वारा निर्दिष्ट सिद्धान्तों के प्रति आस्था का भाव उदय होता है। सप्त आवरण विषयक सामग्री को यदि क्रमबद्ध रूप में प्रस्तुत करें तो उसका रूप इस प्रकार बनता है—

आवरण का रंग	शक्ति प्रतीक	स्पष्ट रूप	शक्ति का कार्य
कृष्णवर्ण	मायाशक्ति	आदिशक्ति	आत्मलोक का आवरण
नीलवर्ण	क्रियाशक्ति	क्रियाशक्ति	'आत्म' का आवरण
हरितवर्ण	पराशक्ति	ईश्वरीयशक्ति	'ईश्वरीय आकाश' का आवरण
रक्तिमवर्ण	इच्छाशक्ति	कामनाशक्ति	'आत्म' के ज्ञान का आवरण
पीतवर्ण	ज्ञानशक्ति	ज्ञानशक्ति	'सत्य' का आवरण
श्वेतवर्ण	आदिशक्ति	मूलशक्ति	'प्रभु के आकाश' का आवरण
मिश्रितवर्ण	चित्शक्ति	पवित्रज्ञान शक्ति	'उच्च' अनुभवों का आवरण

उपरिलिखित सामग्री डॉ. एस. अन्नामलै ने रामलिंग स्वामी के व्याख्यान के आधार पर प्रस्तुत की है।

समरस शुद्ध-सन्मार्ग सत्यज्ञान सभा के लोकार्पण के समय रामलिंग स्वामी साधनारत थे अतः इस आयोजन में उन्होंने भाग नहीं लिया। इस मार्ग में, पूजा-व्यवस्था में अथवा किसी भी रूप में जाति, सम्प्रदाय, वर्ण, धर्म आदि का कोई भेदभाव स्वीकार्य नहीं। मांस-भक्षण का स्पष्ट विरोध है। मांसाहारी मनुष्यों को सभा के भीतर जाने की वर्जना है परन्तु वे बाहर से प्रार्थना कर सकते हैं। पूजा-विधान में अपने अंतःकरण में स्मरण या प्रभु के गुणगान को प्रमुखता दी गई। बाह्य तत्त्व यथा पुष्प, फल, अक्षत, नारियल, अगरबत्ती, धूप, पवित्र-जल, विभूति, संगीत आदि की अनुमति नहीं है। 'जीव-कारुण्य' और 'अनन्त कृपाज्योति' का यह मार्ग एक सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक आंदोलन के रूप में उभरा और विकसित हुआ। 22 अक्टूबर 1873 को सिद्धि वलागम (सिद्धि भवन) में रामलिंग स्वामी ने विशिष्ट उपदेश (पुरुपदेसम्) दिया तथा मेट्टुकुप्पुम् स्थल पर एक 'ध्वज' फहराया गया।

तिरुअरुट्पा (श्रीकृपा ग्रंथ)—प्रारम्भिक विरोध

रामलिंग स्वामी सभी प्रकार के कर्मकाण्ड, साम्प्रदायिक परिधियों तथा धर्म-ग्रंथों के बंधन से ऊपर उठ चुके थे। कबीर की भाँति उन्होंने 'पोथी' को अस्वीकार नहीं किया पर अदृश्य दैवी चेतना की ज्योति के प्रकाश को आत्मसात् करने के मार्ग पर

Koviloor Digital Library

वे अग्रसर हो रहे थे। अरुमुगम् नावलर नामक एक वयोवृद्ध कट्टर शैव इनके 'धर्म-परित्याग' के कारण इनसे विरोध-भावना रखते थे। जब तिरु-अरुट्पा (श्री कृपा-ग्रंथ) तथा तिरुमुरै (श्री पद्धति) नामक ग्रंथों का प्रकाशन हुआ तो उन्हें आपत्ति हुई। परम्परा से 'तेवारम्' और 'तिरुवाचकम्'—जिनकी रचना शैव-भक्त नायन्मारों द्वारा शिव-स्तुति के लिए हुई थी—इन विशेषणों से आभूषित किए जाते थे। अरुमुगम् नावलर के मत में रामलिंग स्वामी के मन में अन्य धर्मों के प्रति अधिक उदार भाव था और उनकी कृतियों के ये नाम आध्यात्मिक चेतना के अग्रदूत ज्ञानसम्बन्धर, तिरुनावुक्करसु, सुन्दरमूर्ति और माणिक्कवाचकर के समकक्ष होने के लिए रखे गए थे। 'अरुट्पा'—श्री कृपाग्रंथ को 'मरुट्पा'—अज्ञान-ग्रंथ मानते हुए इसके चिंतन का खण्डन करने के लिए उन्होंने एक पुस्तक प्रकाशित की। इससे तात्कालिक प्रभाव तो हुआ पर सत्यमार्ग के पथिक पर डाली गई धूलि का प्रभाव स्वतः ही धूमिल पड़ने लगा। इसके बाद उन्होंने रामलिंग स्वामी के एक प्रवचन को आधार बनाकर उन पर मानहानि का दावा कर दिया। मंजुकुप्पम् में इस मुकदमे की सुनवाई हुई। नावलर अपने वकील के साथ आए पर रामलिंग अपने वकील.स्वयं थे। जैसे ही रामलिंग ने भरी अदालत में प्रवेश किया, सारी जनता उनके सम्मान में उठ खड़ी हुई और करबद्ध होकर उनका स्वागत किया। नावलर ने भी ऐसा ही किया। यहाँ तक कि स्थानीय न्यायाधीश भी कठिनाई से अपनी मर्यादा की रक्षा कर पाए और करबद्ध होकर खड़े नहीं हुए। जब प्रारम्भिक कार्यवाही में ही नावलर ने स्वीकार किया कि वे सब लोगों की भाँति उनके सम्मान में खड़े हुए थे और इस प्रकार रामलिंगर को सम्माननीय और आदरयोग्य मानते थे तो इस स्वतः हुई प्रतिक्रिया को आधार बनाकर उनके आरोप को निरस्त कर दिया गया। इस घटना से तद्युगीन स्थानीय समाज में उनके प्रति अत्यन्त आदर और सम्मान की भावना की पुष्टि तो होती ही है, विरोधी व्यक्तियों के हृदय में भी उनके प्रति विद्वेष का भाव न था यह भी स्पष्ट होता है।

साधनामार्ग—प्रभु-मिलन

साधना-पथ के शिखर की ओर अग्रसर हो रहे रामलिंग को अब अपने प्रभु के दर्शन हो रहे थे। उनकी कविता में इसके वर्णन मिलते हैं—

वह सुदिन आ गया है
अनुग्रह परमज्योति के
आगमन का शुभ दिन आ गया है
आगे आनेवाले सब दिन
सुख के, आनन्द के होंगे
शुद्ध शिव सन्मार्ग प्रशस्त होगा
समस्त लोक पावन होंगे। (तिरु अरुट्पा-5817)

Koviloor Digital Library

यह प्रभु-आगमन की घड़ी शनैः शनैः निकट आ रही थी। नायिका अब सखी को स्पष्ट कर रही है—

ऍन् चामि ऍन् दुरै ऍन् उयिर् नायक नार्
इन्रुवन्दु नन् इरुक्कुम् इडत्तिल् अयर गिन्ऱार . . . . .

आज ही पधार रहे हैं सखि!
मेरे स्वामी, मेरे देव, मेरे प्राणनाथ!
यहीं इस स्थल पर जहाँ बैठी हूँ मैं
अभी अगले ढाई घड़ी के भीतर
आकर मिलेंगे घुलकर, मेरे शरीर से
प्रवेश करेंगे हृदय में
फिर कभी न होगा बिछोह
फलीभूत हुआ मेरा तप
इस कथन में तनिक भी संशय नहीं . . . . . (तिरु अरुट्पा-5818)

रामलिंगर 30 जनवरी, 1874 के ब्राह्ममुहूर्त में परमज्योति में विलीन होकर सर्वप्राणियों में व्याप्त होने की अपनी भविष्यवाणी पूरी कर गए। यह एक अद्‌भुत और अलौकिक घटना है। मध्य-रात्रि के समय रामलिंग स्वामी ने वहाँ एकत्रित जन-समुदाय को अंतिम उपदेश दिया। सिद्धि वलागम् में प्रविष्ट होने से पूर्व उन्होंने आश्वासन दिया कि वे परम् ज्योति के साथ पुनः लौटेंगे। कक्ष बन्द कर दिया गया; इसके बाद वे कभी दिखाई नहीं दिए। अनुयायी मानते हैं कि वे अपनी ज्ञान-शक्ति और ईश्वरीय कृपा से ज्योति में पूर्णरूपेण विलीन होकर प्राणिमात्र में व्याप्त हो गए। रामलिंग स्वामी का अपनी देह को सूक्ष्म रूप में परिवर्तित कर 'अंतर्धान्' होने की घटना को अनेक विद्वानों ने स्वीकार किया है। भक्तगण तो आज भी उन्हें सूक्ष्म रूप में जीवित मानते हैं। उस कक्ष के बाहर ज्योतित दीप आज तक निरंतर जल रहा है। जब इस घटना की चर्चा दूर-दूर तक फैली तो मई 1874 ई. में दक्षिणी आर्काट जिले के क्लेक्टर जे. एच. गार्सिटिन और एक अन्य वरिष्ठ अधिकरी जार्ज बनबुरी ने सिद्धि वलागम् पहुँचकर द्वार खुलवाए तो वहाँ उनको किसी प्रकार का कोई प्रमाण नहीं मिला। मद्रास प्रांत गज़ट के 1906 ई. के संस्करण में इसका विवरण प्रकाशित किया गया। उनके चिंतन और सिद्धान्तों में आस्था रखने वाले इसे 'सशरीर शिव में लीन' होकर सर्वत्र व्याप्त होना मानते हैं। तिरुज्ञानसम्बन्धर का तिरुनल्लूर में अनेक भक्तों सहित अलौकिक ज्योति में विलीन हो जाना, वैष्णव कवयित्री आण्डाळ का श्रीरंगम् के विग्रह में एक दिव्य प्रकाश के साथ ही ज्योति अंश में लीन हो जाना तथा तिरुनावुक्करसु एवं सुन्दरमूर्ति विषयक ऐसी अन्य घटनाओं को भक्ति-भावना से ओतप्रोत जन-मानस सहज ही स्वीकार कर लेता है।

Koviloor Digital Library

कतिपय चमत्कारी प्रसंग

रामलिंग स्वामी के जीवन की कई ऐसी घटनाएँ हैं जिन्हें चमत्कार कह सकते हैं। सामान्यत. ऐसी घटनाओं को किसी भी साधक, ज्ञानी, तत्त्ववेत्ता के साथ जोड़ दिया जाता है परन्तु रामलिंग स्वामी के संदर्भ में इन घटनाओं का उल्लेख प्रायः सप्रमाण किया जाता है। जिस व्यक्ति-विशेष अथवा व्यक्ति-समूह के साथ घटना हुई और जिस व्यक्ति ने उसे प्रत्यक्ष देखा, अनुभव किया उसके आधार पर इन घटनाओं का आकलन किया गया है। रामलिंग स्वामी को अद्वितीय, चमत्कार करने में सिद्धहस्त व्यक्ति प्रमाणित करने के लक्ष्य से नहीं अपितु उनकी अपार क्षमताओं का यत्किंचित् परिचय देने के उद्देश्य से ऐसी कुछ घटनाओं का यहाँ उल्लेख किया जा रहा है। अपने जीवन के अंतिम चरण में उनका ज्योतितत्त्व में लीन हो जाना उनके जीवन में घटित अनेक अद्‌भुत घटनाओं के संदर्भ में देखने पर अत्यन्त विश्वसनीय प्रतीत होता है। उनके जीवन की किसी भी चमत्कारपूर्ण घटना के मूल में दैवी-कृपा अथवा ईश्वर-अनुग्रह को ही मानना चाहिए। कभी-कभी आकस्मिक रूप से ऐसी घटना घटित हो जाने के मूल में संयोग का आधार भी हो सकता है।

एक दिन एक जादूगर रामलिंग स्वामी के पास आया और कहा कि आप 'सिद्ध' हैं, तरल पारे को मोती में परिवर्तित करके दिखाएँ। स्वामी जी ने अपनी हथेली पर पारा डाला, कुछ क्षण हथेली बन्द की और पारे का एक ठोस मोती बनाकर धरती पर गिरा दिया। आश्चर्यचकित जादूगर उनके चरण छूकर तुरन्त वहाँ से चला गया।

एक रात वडलूर की धर्मशाला में सीमित मात्रा में भोजन बन चुका था। अचानक लगभग एक सौ अतिथि भोजन के समय आ पहुँचे। भोजन की व्यवस्था के संरक्षक षण्मुगम् पिल्लै ने रामलिंग स्वामी को सूचित किया कि भोजन किसी भी प्रकार इतने लोगों के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता। रामलिंगर तुरन्त उठे; सभी अतिथियों को पंक्तिबद्ध बिठाकर स्वयं भोजन परोसा। सबने भरपेट खाया फिर भी पर्याप्त मात्रा में भोजन शेष बच गया।

इसी भाँति एक दिन षण्मुगम् पिल्लै ने सूचित किया कि भण्डार में चावल समाप्त हैं। स्वामी रामलिंग कुछ क्षण शांत रहे, ध्यानमग्न रहे और फिर कहा—चावल तथा अन्य आवश्यक सामग्री कल प्रातः पहुँच जाएगी। अगले दिन तिरुत्तुरै के एक भक्त तीन बैलगाड़ी खाद्य-सामग्री लिए आ पहुँचे। उन्होंने बताया कि रात्रि में उन्हें स्वप्न-आदेश हुआ कि धर्मशाला में भोजन-सामग्री पहुँचानी है।

अप्रैल की शुष्क, प्रचण्ड गर्मी थी। वडलूर की 'शुद्ध सन्मार्ग सत्य धर्मशाला' में आनेवाले सभी लोग गर्मी और सूखे से प्रभावित थे। रामलिंगर ने उनके वार्तालाप को सुना और एक घड़ा जल लाने को कहा। उनके संकेतानुसार वह जल उनके

Koviloor Digital Library

चरणों पर डाल दिया गया। कुछ क्षणों के बाद चारों ओर बादल घिर आए और मूसलाधार वर्षा हुई। कुडलूर के निकट के गाँव पुदुपेट्ट के लोगों ने इस घटना का वर्णन सुना तो आकर अपने गाँव के कुएँ सूख जाने की समस्या बताई। उनसे कहा गया कि छः घड़े जल रामलिंग स्वामी के सिर पर उंडेलें। ऐसा करने की देर थी कि अकस्मात् वर्षा प्रारम्भ हो गई। सभी कुओं के स्रोतों में स्वच्छ जल भर गया। सब ओर हरियाली दिखाई देने लगी।

कुरिंजिपदी के निकट पुदुपेट्ट गाँव के एक मकान में स्वामी रामलिंग ठहरे हुए थे। अचानक सामने वाले मकान में आग लग गई। उन्होंने अपना श्वेत वस्त्र ऐसे हिलाया मानो कोई संकेत कर रहे हों; आग तुरन्त शान्त हो गई।

एक शाम रामलिंग स्वामी भक्तों के साथ सैर कर रहे थे। अचानक वर्षा प्रारम्भ हो गई। सब भीग गए पर रामलिंगर के शरीर अथवा वस्त्रों पर जल का तनिक भी प्रभाव नहीं हुआ।

कुछ शिष्यों द्वारा मासिलामणि मुदलियार नामक प्रसिद्ध फोटोग्राफर को मद्रास से बुलाया गया। उसने आठ बार प्रयास किए पर किसी भी 'नेगेटिव' में रामलिंग स्वामी का चित्र नहीं आया। हर बार उनका पहना श्वेत वस्त्र ही अंकित हुआ। उनमें आस्था रखने वाले मानते हैं कि उनका शरीर ज्योतिरूप हो गया था जिसमें दैवी प्रकाश विद्यमान था।

एक दिन बणरुट्टि गाँव का एक कुम्हार रामलिंग की मिट्टी की एक मूर्ति बना कर लाया। 'स्वर्णिम देह अब माटी की हो गई है'—ऐसा कहकर उन्होंने उस मूर्ति को हाथ से गिरा दिया, वह टुकड़े-टुकड़े हो गई। इस संदर्भ में एक स्पष्टीकरण उपयुक्त रहेगा। रामलिंगर मूर्तिपूजा के विरोधी न थे। ब्रह्म-समाज के अनुयायियों से हुए एक वार्तालाप में उन्होंने निराकार, साकार, साकार-निराकार आदि रूपों में ब्रह्म-तत्त्व को प्रतिपादित किया। ईश्वर रूपी, अरूपी और रूपारूपी है ऐसा अपनी कविताओं में प्रतिपादित करने वाले रामलिंग स्वामी अपनी मूर्ति अथवा चित्र को महत्त्व देने के विरुद्ध थे। कहीं उन्हें ईश्वर के रूप में स्वीकार न कर लिया जाए अथवा उनकी मूर्ति, उनके चित्र आदि को परम ज्योति के स्थान पर महत्त्व न मिलने लगे, इसलिए वे इस बात का जागरूक प्रयास करते रहे कि परम तत्त्व, सच्चिदानन्द, ज्योतिरूप ईश्वर ही सबका आराध्य है। मानव रूप में किसी गुरु, अवतार आदि को महत्त्व देकर हम अपनी सीमा बाँध लेते हैं। इस बंधन से अपने अनुयायियों को बचाने के लिए उन्होंने मूर्ति अथवा चित्र के महत्त्व को अस्वीकार किया।

एक बार दो सूर्य-उपासक ब्राह्मण विशाखापट्टिनम् से वडलूर आए। उन्होंने रामलिंग स्वामी को अपनी साधना का परिचय देते हुए स्पष्ट किया कि वे शास्त्र-विधि के अनुसार साधना करने पर भी अपर मार्ग-सिद्धि (लौह, चाँदी, स्वर्ण को हाथ में

Koviloor Digital Library

लेकर पिघला देना) तथा पर मार्ग-सिद्धि (आकाश में विचरण करने की योग्यता) प्राप्त करने में असमर्थ रहे हैं। रामलिंग स्वामी ने चाँदी का एक रुपया हाथ में लिया और कुछ समय उसे मुट्ठी में बंद कर लिया। वह सिक्का तरल चाँदी बन कर हाथ से बह गया। इसके उपरान्त उन ब्राह्मणों को अनन्त कृपालु परमसत्य की प्राप्ति के महत्त्व का संदेश दिया तथा लौकिक सिद्धियों की अनावश्यकता का संकेत किया—ऐसा अनुमान है।

कुडलूर वडलूर से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। देवनायकम् पिल्लै के पिता कुडलूर के निवासी थे। वे एक सिद्ध योगी थे। शरीर त्याग करने से पूर्व उन्होंने देवनायकम् को बताया कि 'तुम्हें लेने एक 'गुरु' आएँगे। उनके हाथ में एक छड़ी होगी, श्वेत वस्त्र से उनका शीश ढका होगा और मेरी समाधि पर छड़ी टकराकर तुम्हें पूछेंगे क्या यह तुम्हारे पिता की समाधि है?' योगी की मृत्यु के तीन वर्ष उपरान्त एक दिन रामलिंग स्वामी देवनायकम् के घर पहुँचे। हाथ में छड़ी, सिर पर श्वेत वस्त्र और समाधि पर छड़ी को टकराते हुए पूछा—'क्या यह तुम्हारे पिता की समाधि है?' उसी क्षण से देवनायकम् पिल्लै रामलिंग स्वामी के शिष्य बन गए। इन्हीं देवनायकर् की इच्छा कीमियागर बनने की थी। एक दिन उसे अपने पास बुलाकर रस-सिद्धि के उपाय समझाए, एक लौह-पत्र को लेकर कुछ जड़ी-बूटियों द्वारा उसे सिद्ध कर गाय के गोबर के उपलों में पकाया और उसे सोलह कैरेट स्वर्ण में बदल कर उसकी जाँच करवा दी। तदुपरान्त उसे उठाकर दूर फेंक दिया। देवनायकम् को समझाया कि जिस व्यक्ति का अपनी इच्छाओं पर पूर्ण नियंत्रण हो जाए उसे ही यह विद्या सिद्ध हो सकती है और इस कीमियागिरी के मार्ग को छोड़ देने का परामर्श दिया।

उन दिनों रामलिंग स्वामी करुंगुळि के तत्कालीन राजस्व अधिकारी वेण्कट रेड्डियार के घर में अतिथि थे। सम्पूर्ण रात्रि वे पुस्तकें पढ़ने तथा काव्य-रचना में व्यतीत कर देते थे। गृह-स्वामिनी मुत्तियालु अम्माल् प्रत्येक रात्रि तेल का एक पात्र तथा एक मिट्टी का दीपक उनके कक्ष में रख देती थीं। एक दिन अपने सम्बन्धियों के यहाँ हो रहे किसी उत्सव में जाने की जल्दी में वे भूल से तेल-पात्र के स्थान पर जल का भरा पात्र रख गईं। रामलिंग प्रति रात्रि की भाँति कार्य करते रहे। दीपक का तेल समाप्त होने पर जल के पात्र से जल लेकर डालते रहे। उनके कार्य में तनिक भी बाधा नहीं आई। अगले दिन जब उस महिला ने यह चमत्कार देखा कि दीपक पानी से भी लगातार जल रहा है तो उनके व्यक्तित्व का यह पक्ष उद्घाटित हुआ। रामलिंगर ने इस दीपक-ज्योति को अनन्त ज्योति के रूप में एक कविता में स्मरण किया है।

रामलिंगर के शरीर की छाया आगे अथवा पीछे नहीं पड़ती थी; उनके चरणों

Koviloor Digital Library

के चिह्न भी कहीं दिखाई नहीं पड़ते थे। पथरीली धरती और जंगल की झाड़ियों के बीच वे वैसे ही चलते चले जाते थे जैसे समतल भूमि पर तथा जलते हुए कोयले वे सहज भाव से उठा लेते थे। इस प्रकार के अनेक वर्णन उनके विषय में मिलते हैं। एक अन्य अद्‌भुत प्रसंग का उल्लेख समीचीन प्रतीत होता है। एक दिन दोपहर के समय रामलिंगर धर्मशाला से वन की ओर निकल गए। उनके शिष्य वेलूर के षण्मुगम् पिल्लै पर्याप्त समय तक प्रतीक्षा करते रहे। चिंतित षण्मुगम् जब उनकी तलाश में निकले तो एक स्थल पर शरीर के अंग बिखरे दिखाई दिए मानो किसी ने रामलिंगर के शरीर के टुकड़े कर फेंक दिए हों; वे तो मूर्च्छित होते होते बचे! अचानक रामलिंगर उसके समक्ष आ खड़े हुए और परामर्श दिया कि भविष्य में उनकी खोज में इस प्रकार न निकलें। दोनों धर्मशाला में लौट आए।

एक ही समय में एक से अधिक स्थलों पर विद्यमान होना, लोगों के रोगों को आत्मसात् कर लेना, सर्प तथा अन्य प्राणियों द्वारा उनके आदेश को स्वीकार करना—इस भाँति के प्रसंगों की एक लम्बी तालिका सम्भव है। व्यवहार और कथन में वे दया, कोमल शब्दावली के प्रयोग तथा निष्ठापूर्ण सेवाभावना को ही सर्वोपरि मानते थे। उनके 'सिद्ध' होने में संदेह नहीं पर उनकी सिद्धि का आधार ईश्वरीय अनुग्रह को ही स्वीकार किया जाता है।

तमिल-साहित्य की दीर्घ गौरवमयी परम्परा में रामलिंग स्वामी

तमिल साहित्य की दीर्घ गौरवमयी परम्परा में सत्य, ज्ञान, आध्यात्मिक चेतना आदिके असंख्य 'अनुभव' और चिंतन-संदर्भ उपलब्ध हैं। ईसा-पूर्व की रचनाओं 'पत्तुप्पाट्टु' और 'एट्टुतोगै' में शिव, विष्णु तथा मुरुगन विषयक प्रचुर सामग्री है। ईसा की प्रथम शती का प्रसिद्ध तमिल ग्रंथ 'तिरुक्कुरल' मूलतः लौकिक विषयों—धर्म (अरम्), अर्थ (पोरुल्) तथा काम (इनबम्)—का काव्य है। इस कृति में भी संन्यासी के धर्म की व्याख्या है। प्राथमिकता गृहस्थ-जीवन एवं सामाजिक दायित्व, शासन-व्यवस्था आदि की है पर सत्य, सत्यज्ञान, तप आदि विषयों को पर्याप्त महत्त्व दिया गया है। रहस्य-भावना और ज्ञान-विवेचन के अनेक वर्णन शिलप्पदिकारम् और मणिमेखलै महाकाव्यों में उपलब्ध हैं। प्रकृति सौंदर्य, प्रेम-सम्बन्धों के दुःख और सुख, पीड़ा और आनन्द के चित्रण में जो जीवन-दर्शन झलक रहा है वह कहीं भी आध्यात्मिक उन्नयन को अस्वीकार नहीं करता। वैष्णव भक्त कवियों—आळ्वारों—की चिन्तन-धारा से अब हिन्दी का पाठक भली-भाँति परिचित है। भूतत्तु आळ्वार प्रभु के ज्योतिरूप का उल्लेख करते हैं। नम्माळ्वार, कुलशेखर आळ्वार, पेरियाळ्वार, आण्डाळ, तोण्डरअडिप्पोडि आळ्वार आदि वैष्णव-भक्त कवियों के काव्य में गहन अनुभूति, भक्त के हृदय का अपार स्नेह, निश्छल भक्ति, अदम्य विश्वास द्वारा

Koviloor Digital Library

उन्नयन-मार्ग पर अग्रसर आत्मा की यात्रा का वर्णन है। शिव-भक्ति की विशाल परम्परा में कारैक्काल अम्मैयार, तिरुज्ञानसम्बन्धर, तिरुनावुक्करसु, सुन्दरमूर्ति और माणिक्कवाचकर आदि ने रहस्यवादी चिंतन और भक्ति-मार्ग को नवीन आयाम प्रदान किए। सर्वशक्तिमान्, सर्वज्ञ, दीनवत्सल, कृपानिधान प्रभु की शरण ग्रहण करके उसी के प्रेमानन्द में अभिषिक्त, उसी के प्रेम में उल्लसित माणिक्कवाचकर तो पुनः पुनः उन्हें 'ज्योति-पुंज' के रूप में स्मरण करते हैं। ज्ञानसम्बन्धर और तिरुनावुक्करसु ने दुर्भिक्ष पीड़ित जनता की सेवा द्वारा जीव-कारुण्य के मूलमंत्र को व्यावहारिक रूप प्रदान किया। तिरुज्ञानसम्बन्धर ब्रह्माण्ड में व्याप्त शिवतत्त्व को 'तुम ज्योतियों का अंत हो, तुम ज्योति के भीतर ज्योति हो' कहते हैं। तिरुनावुक्करसु ने अपने शिव के रूप में मधु देखा, दूध की धारा देखी और अलौकिक प्रकाश के दर्शन किए। 'यह गृहदीप (अंतस् दीप) है जो (अज्ञानरूपी) अंधकार को नष्ट करता है। वह 'शब्द' के भीतर का प्रकाशमय दीप जिसमें ज्योति है, वह शिवभक्तों का दीप है जिसे सब भक्त देखते हैं।' उनके काव्य में शिव 'कीर्तिमान् वेदज्ञ हैं जो ज्योतिर्मय द्युलोक के निवासी हैं।'

शैव-भक्ति की इस परम्परा में तिरुमूलर का विशिष्ट योगदान है। साधना-प्रधान चिंतन के प्रवर्तक तिरुमूलर के तीन सहस्र पदों में शिव के प्रेममय रूप को प्रमुखता मिली। उनकी कृति द्वारा चर्या, क्रिया और योग के सोपानों का मार्ग तथा पति, पशु और पाश का अभेद स्पष्ट हुआ। सृष्टि के शिखर पर स्थित 'ईश की ज्योति', सृष्टि में व्यापत 'नाद' और अनंत ब्रह्माण्ड में 'परम' के अनवरत नृत्य का परिचय और भी गहरा हुआ। इसी भाँति भक्ति, साहित्य, संगीत एवं चिंतन के अद्‌भुत समन्वय रूप में अरुणगिरिनाथ का काव्य भक्तों के हृदय को आलोड़ित और निनादित कर गया। इनके काव्य में 'मानव करुणा'—मानव-मात्र के कल्याण की भावना प्रचुर मात्रा में है। इस परम्परा में तायुमानवर नामक संत ने सृष्टि के कण-कण में व्याप्त प्राणतत्त्व की विस्तृत व्याख्या की। उनके अनुसार विश्व की समस्त मानव जाति, दार्शनिक अवधारणाएँ, जड़ और चेतन ब्रह्माण्ड मूलतः एक ही तत्त्व हैं—'एक तत्त्व की ही प्रधानता, कहो उसे जड़ या चेतन।' इस विशाल भक्ति-ज्ञान की परम्परा के उपरान्त रामलिंग स्वामी का आगमन हुआ। रामलिंगर ने इस विशद परम्परा को प्रभुकृपा से आत्मसात् कर सर्वव्यापक, सर्वनियंता स्रष्टा को सर्वत्र देख पाने की क्षमता प्राप्त की।

शिव-भक्तों का सादर स्मरण

रामलिंग स्वामी ने अपने काव्य में तिरुज्ञानसम्बन्धर, तिरुनावुक्करसर, सुन्दरर और माणिक्कवाचकर को अत्यन्त आदर के साथ स्मरण किया है। तमिल शैव-भक्ति

Koviloor Digital Library

परम्परा में इन चार महान् चिंतक, संत कवियों का अविस्मरणीय योगदान है। 'अरुट् पेरुञ्जोति'—अनन्त कृपाज्योति की साधना के मार्ग में अग्रसर वल्ललार ने इन ज्ञानी-संतों के काव्य और उसमें वर्णित अनुभवों को आत्मसात् किया। इन अनुभवों को आधार बनाकर वे नव्य-साधना का संधान करते रहे। तिरुज्ञानसम्बन्धर तो उन्हें मार्ग-दर्शन देने के लिए प्रकट हुए थे। रामलिंग स्वामी जब शिवानुग्रह के लिए प्रयत्नरत थे, शिवस्वरूप के आदि-अंत का ज्ञान न पाकर, विचित्र दुविधा से ग्रस्त थे उस समय—

मेरे दुःख को, दुरित को, दुविधा को देख
द्रवित हुए तुम, हे ज्ञानसम्बन्ध गुरो!
स्वयं पधारे कृपापूर्वक, अनुग्रहपूर्वक
कृपा-कटाक्ष किया इस दास पर,
चेताया यह कहकर—'अपने ही अंतस्
में देखो, सब कुछ होगा व्यक्त, आदि भी,
अंत भी, हस्तामलकवत्।'

तिरुनावुक्करसु के सेवाधर्म को, मंदिरों के परिसरों के परिमार्जन करने, कंधे पर फावड़ा लिए कंकर-पत्थर उठाने का कार्य करने आदि को सादर स्मरण करते हुए रामलिंगर कहते हैं—

हे पुण्य स्वरूप! मेरे हृदयकमल पर आसीन
हे कलामय चन्द्र!
तुमसे सविनय प्रार्थना है! वरदान दो मुझे
हे करुणा और ज्ञान के अगाध सागर, वरदान दो
मैं तेरे पुनीत चरणों का ध्यान करूँ नित!

कवि सुन्दरर ने शिव के प्रति अपने एक गीत में कहा था—

'सरगम हो तुम, गीत के लक्ष्य हो, फल हो तुम
हे शिव तुम अमृत हो, मेरे मित्र हो।'

उस गीत को हृदय में गुनगुनाते हुए वल्ललार सुन्दरर के प्रति अपने एक पद में गा उठते हैं—

तुम्हारे इन शब्दों और उनके अर्थों की गहराई में
डूबता है जब यह दास, पूर्णरूप से द्रवित हो जाता अंतःकरण
सम्पूर्ण व्यक्तित्व पिघल जाता निःशेष
शेष रह जाता है केवल आनन्द, आनन्द ही आनन्द!

माणिक्कवाचकर के गीतों में 'एक महान् आत्मा के अंतस् से उद्भूत निष्ठापूर्ण अभिव्यक्ति है' जो प्रत्येक प्राणी के हृदय के गहनतम गह्वर में पहुँचकर अद्भुत प्रभाव उत्पन्न करने में सक्षम है। ऐसे भक्त के प्रति रामलिंगर ने श्रद्धा-भावना व्यक्त

Koviloor Digital Library

करते हुए गाया—

वान् कलन्द माणिक्कवाचक निन् वाचकत्तै
नान् कलन्दु पाडुङ्काल् नरकरुप्पञ्चाट्रिनिले . . . .

दैवी ज्योति में विलीन माणिक्कवाचक!
जब मैं गाता हूँ तुम्हारे वचनों को,
मिलाकर अपने मन-प्राण से,
तब आता है इतना आनन्द मानो
ईख का रस मिला हो, दूध मिला हो,
फल का रस मिला हो, साथ में
मेरी देह, मेरे प्राण मिले हों . . . . .
वह 'आत्मा' में व्याप्त होने वाला अखण्ड आनन्द
नहीं अघाता कभी मैं जिसे पीते हुए!

रामलिंग स्वामी का प्रसिद्ध नाम अरुट् प्रकाश अथवा संक्षेप में 'वल्लार' है। वल्लार द्वारा रचित पदों का संकलन 'तिरु अरुट्पा'—'अनुग्रहगीत' छः खण्डों में विभक्त है। 379 दशकों में समग्रतः 5818 पद हैं। पेरियपुराणम् के विषय में विख्यात है—'पिल्लै पत्ति पुराणम् पत्ति'—इसमें तिरुज्ञानसम्बन्धर की जीवन-गाथा का विस्तार लगभग आधे ग्रंथ में है शेष में अन्य 62 संतों की गाथाएँ है। इसी भाँति तिरु अरुट्पा के पहले पाँच खण्डों में कुल 235 दशकों में 3266 कविताएँ हैं और छठे खण्ड में 144 दशकों में 2552 कविताएँ संगृहीत हैं।

ज्योतितत्त्व

ऋग्वेद के ऋषि को जब उस 'पूर्ण' के प्रकाश का अनुभव हुआ तो वे गा उठे—त्वं ज्योतिषा वि तमो ववर्थ (1/91/22)—तुमने प्रकाश से अंधकार को दूर किया। पुनः-पुनः प्रार्थना की गई कि 'जिस ज्योति को पाने के लिए हम लालायित हैं वह हमें दिला दो'—ज्योतिष्कर्ता यदुश्मसि (1/86/10) और कामना की कि 'स्तुति करने के इच्छुक ज्ञानी पुरुष के लिए प्रकाश करो'—ज्योतिर्विप्राय कृणुतं वचस्यवे। (1/182/3)। मुण्डक उपनिषद् में वे परम 'प्रकाशमय', 'पदार्थों के प्रकाशक' 'ज्योतिषाम् ज्योतिः' (2/9) ही हैं। श्रीमद्भगवद्गीता के विश्वरूप में यह 'आकाश में सहस्र सूर्यों के एक साथ उदय होने के प्रकाश'—दिवि सूर्यसहस्रस्य भवेद्युगपदुत्थिता (11/12) का यत्किंचित् दर्शन है। सृष्टि में उत्पन्न सम्पूर्ण वस्तुएँ उस परमतत्त्व के तेज (ज्योति) से ही उत्पन्न हैं 'मम तेजोंऽशसंभवम्' (10/41)। कृष्ण ने कहा है कि संसार में समस्त विभूतिमान् पदार्थ मेरे ही तेज के एक अंश से उत्पन्न हुए हैं। सूर्य, चन्द्र, अग्नि, विद्युत आदि में इस ज्योति का ही प्रकाश है। अर्जुन ने इसीलिए तेजोराशिं सर्वतोदीप्तिमन्तम् (11/17) कहकर परमतत्त्व की अर्चना की है।

Koviloor Digital Library

मलिक मोहम्मद जायसी जिस 'करतारु' को स्मरण करते हैं वह भी 'कीन्हेसि प्रथम जोति परगासू'—उसने पहले ज्योति का प्रकाश किया (**पद्मावत—1/1-2**)। **ज्ञानेश्वर** इसे 'ज्ञानियों के लिए नित्य प्रकाशित दिवस के समान एक ऐसा अनन्त प्रकाश-किरणों का भण्डार' मानते हैं जो अस्त होने का नाम भी नहीं जानता। यह प्रकाश ऐसा है कि 'मानो कल्पान्त आने पर बारहों सूर्यों का प्रकाश एकत्र हो गया हो। सहस्त्रों दिव्य सूर्य यदि आकाश में एक साथ उदय हों तो भी वे आत्मा के अनन्त तेज की समता नहीं कर सकते। सम्पूर्ण विद्युतों का समुदाय, अनेक प्रलय की अग्नियों के समूह का सम्मिलित तेज भी उस भगवत्कांति की तुलना में मंद जान पड़ता था।' (**ज्ञानेश्वरी, XI/237-241**)। **नानक** के अनुसार ज्योति पूर्ण है और सर्वत्र समायी हुई है—'पूरन जोति समाई'। भक्त जहाँ-जहाँ देखता है वहाँ उसी की ज्योति दिखाई देती है—'जह जह देखा तह जोति तुमारी तेरा रूप किनेहा'। **कबीर** उस ज्योति को देखते हैं तो अनंत तेज 'मानौं ऊगी सूरजसेणि' के दर्शन होते हैं। उन्हें अपने अंतस् में 'तेज पुंज पारस घणीं' अथवा 'रवि ससि बिना उजास' का प्रत्यक्षीकरण होता है।

तुकाराम को जब प्रभुकृपा प्राप्त हुई तो सभी मनोकांक्षाएँ पूर्ण हो गईं, त्रिविध तापों का विनाश हो गया और हृदय प्रेमानन्द से आप्लावित हो उठा *(तु. अ. गा. 1474)*। सब में एक ही आत्मा विद्यमान है इस महासुख की अनुभूति हुई। आत्मज्ञान होने पर सब ओर आनन्द व्याप जाता है और भक्त परमात्मरूप को प्राप्त होता है, अंतःकरण ज्ञान के आलोक से दीप्त हो उठता है—'अंतरीची ज्योती प्रकाशली दीप्ती।' *(तु. अ. गा. 2847)*

अरुट्पेरुञ्जोति

उपनिषद् के ऋषि, भारतीय भाषाओं के चिंतक-संत, आधुनिक युग के स्वामी दयानन्द, अरविन्द, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गाँधी, विनोबा भावे तथा अनेकानेक योगियों, साधकों ने इस 'ज्योति' का साक्षात्कार किया है।

जहाँ तक हमारे सीमित ज्ञान की परिधि है स्वानुभव को सत्य की कसौटी मानकर परमज्ञान रूप अनन्त-तत्त्व के साथ साक्षात्कार की परम्परा एक अनवरत शृंखला है। यह परमतत्त्व बुद्धि-ग्राह्य नहीं, यह श्रुति-ग्राह्य नहीं, आत्म-ग्राह्य है। यह वाङ्मनातीत है, अनुपम है, अवर्णनीय है। रामलिंग स्वामी का अपने आराध्य 'अरुट्पेरुञ्जोति'—अनन्त कृपाज्योति के साथ साक्षात्कार मानव इतिहास की एक विशिष्ट उपलब्धि है। इन्द्रियातीत आध्यात्मिक साधना के मार्ग पर अपरोक्षानुभूति करते हुए भी युग, समाज और प्राणि-मात्र से उनका सम्बन्ध ठोस धरातल पर टिका रहा जिसके परिणामस्वरूप जीव-कारुण्य के सिद्धान्त को वे आने वाले युग के

Koviloor Digital Library

लिए न केवल स्पष्टतया प्रतिपादित कर सके अपितु, लघुरूप में ही सही, उसके लिए कर्मभूमि भी प्रस्तुत करने में सफल हुए।

अपने मानस-चक्षुओं के सम्मुख रामलिंग स्वामी ज्योति की जो झलक देखते हैं वह महिमामय, अजस्र तेज-पुंज है। उनके नेत्रों के समक्ष प्रकाश ही प्रकाश जाज्वल्यमान हो उठता है। 22 अक्टूबर 1873 ई. को स्वचिंतन और ईश्वरीय कृपा के आधार पर जिस महावाक्य अथवा महामंत्र की घोषणा की और 'समरस शुद्ध सन्मार्ग सत्य संघ' की नींव रखी वह अनन्त कृपाज्योति का ही मंत्र है—

अरुट्पेरुञ्जोति अरुट् पेरुञ्जोति।
तनिपेरुम्करुणै अरुट् पेरुञ्जोति॥
अनन्त कृपाज्योति, अनन्त कृपाज्योति।
अनन्त करुणा, अनन्त कृपाज्योति॥

प्रत्यक्षतः इस मंत्र का अर्थ सहज-सरल प्रतीत होता है। परन्तु युगों से ज्ञान-मार्ग के पथिकों ने जो प्रभूत प्रभा-राशि ज्योति का अनुभव शब्दबद्ध किया है उसके संदर्भ में देखने पर अर्थ-गाम्भीर्य शनैः-शनैः जटिल होता जाता है। यह परमज्योति बृहदाकार और परिपूर्ण परमज्योति है, प्रभामण्डल है। 'भारतीय दार्शनिक दृष्टिकोण के अनुसार तेजोमय सूर्यमण्डल में ब्रह्मरूप पुरुष विराजमान है। अतएव सूर्य परमसत्ता के सर्वोत्तम प्रतीक हैं।' 'ब्रह्म का वाचक एकाक्षर 'ॐ' भी सूर्य से सम्बद्ध है।' सूर्य का वर्णन 'उत्तम ज्योति', 'बृहज्ज्योति' आदि रूपों में किया गया है और उनके तेज को विस्तीर्ण, अन्धकार-निवारक और अविनाशी कहा गया है' (सूर्य देवता, भूमिका)। रामलिंग स्वामी के 'अगवल्' में उस परमज्योति को सूर्य से कहीं ऊपर माना गया है—

तुम महान् हो, भासुर हो कोटि भास्कर सम
सुन्न मंडल ऊपर
देदीप्यमान परमंडल में, शिवमंडल में
तुम्हारी चित्सभा है जहाँ . . . . (तिरु अरुट्पा-अगवल्-4615/25-28)

ज्योति-देव की इस चित्सभा का स्थान-संकेत करने हुए साधक-कवि कहता है—

धर्म मार्गों से कहीं ऊपर
ज्योति है सुन्न-मंडल में
इक दिव्य-सभा।
वही है अनुग्रह परमज्योति
एक ऐसी दिव्य-सभा है
जिसके समक्ष मंद पड़ जाती हैं
तीनों ज्योतियाँ—सूर्य, चन्द्र, अग्नि भी! (तिरु अरुट्पा-अगवल्-4615/61-65)

Koviloor Digital Library

स्पष्टतः कवि आकाश में ज्योतित सूर्य, चन्द्र तथा समस्त नक्षत्र मंडल से भिन्न 'ज्योति' की साक्षात् कल्पना कर रहा है। विज्ञान का यह अनुभूत सत्य है कि ब्रह्माण्ड में इन समस्त ज्योतियों के जन्म का कारणभूत महाज्योति है जिसे आकाश-गंगा कहते हैं। इस महाज्योति तथा इस प्रकार के अगणित तारा-मंडलों और द्युलोक के लिए जिस ब्रह्माण्ड ने स्थान दिया है वह बृहदाकार होकर अखण्ड, समस्त व्याप्त महाज्योतियों की उत्पत्ति और विलय का कारण बना हुआ है। उसके लिए ही 'अनुग्रह परमज्योति'—'अरुट्पेरुञ्जोति' का प्रयोग है। अनन्त कृपाज्योति रूप यह भगवद्ज्योति अपरिमेय ब्रह्माण्ड, बहिरण्ड में पूर्णतः व्याप्त होकर प्राकृतिक सत्य के रूप में आभासित होती है, अनुभूत होती है। यह ज्योति मानव के समक्ष सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र आदि के रूप में अभिव्यक्त होती है; आत्मा, ऊर्जा, ज्ञान तथा ज्ञानेन्द्रिय का उद्गम-स्रोत भी यही करुणा-ज्योति है। संभवतः इसी कारण वह 'बृहद् से भी बृहद्' और 'लघु से भी लघु' है; वह दृश्य है, दृश्यातीत है; वह अनन्त सुख, अनन्त कल्याण और अनन्त आनंद की वर्षा करने वाली करुणा-ज्योति ही मार्ग है, वही जीवन है *(अगवल्—4615/151-160)*।

परमतत्त्व का विशुद्ध प्रकाश

रामलिंग स्वामी अपने अनुभव को अभिव्यक्ति प्रदान करते हैं—'शुद्ध शिवमय ज्योति परमतत्त्व का विशुद्ध प्रकाश है।' इस ज्योति ने मुझे प्रकाश का मणियुक्त मुकुट प्रदान किया। वह अनन्त विस्तृत ज्योति है उसने मुझे 'स्वयं' में परिवर्तित कर लिया। यह अंतःज्योति है, इसे 'स्वरूप में व्याप्त' ज्योति भी कहा गया है इसे 'ज्योति-माला' अथवा 'ज्योति-पर्वत' संज्ञाएँ भी दी गई हैं। यह 'सत्य-चैतन्य' का अनुभव है—

(अ) *अनुग्रह परमज्योति स्वरूप*
प्रभु ने कहा परम प्रेम से, कृपापूर्वक
पाओ वत्स! शुद्ध सन्मार्ग की सुखमय स्थिति
रमे रहो इसी में, सदा बने रहो उत्तम, उत्कृष्ट
समुन्नत बनो! (अगवल्—1591-95)

(आ) *हे अनुग्रह परमज्योति! स्वर्ण-निधि!*
तुम वास्तव में अक्षय निधि हो
परोपकार हेतु निकालकर बाँटता हूँ
अनुग्रह का यह स्वर्ण
जितना लेता हूँ उतना ही बढ़ता है
प्रत्युत और अधिक बढ़ जाता है. . . . । (अगवल्—1351-55)

KOVILOOR MADALAYAM

Koviloor Digital Library

(इ) *हे अनुग्रह परमज्योति*
तुम वह महा संजीवनी हो जो है
मृतकों को प्राण देने में समर्थ,
हे चमत्कारपूर्ण शिव-औषध
तुमने मरण-रोग को वार दिया
दूर ही दूर, ... (अगवल्—1325-28)

(ई) *हे महान् अनुग्रह परमज्योति . . . . .*
. . . . . दूर कर मरण शीलता
यहीं इस जीवन में
अमरत्व का उपाय सुझाया
अनुग्रह परमज्योति!
शिव और शक्ति प्रदान कर
सब भाँति बनाया समर्थ
और कहा प्रेम से, कृपा से
वत्स! तुम्हें प्रदान किया अमरत्व! (अगवल्—205-210)

(उ) *ज्योति के भी ज्योति!*
शिव ही नित्य वस्तु हैं!
ऐसा मुझे समझाकर मुझे शिव के प्रकाश तक पहुँचाने वाले
शिखर पर चढ़ाकर मुझे 'शिवमय' बना दिया देखिए!
(तिरु अरुट्पा—4586)

यह अनन्त कृपाज्योति समस्त लोकों में व्याप्त भी है, इनसे परे भी है और चिन्तन तथा वर्णन की सीमाओं में अनाबद्ध शून्य में स्थित है। वेद और आगम ग्रंथ इसका आकलन नहीं कर सके। ज्योति का यह मार्ग जीवन का विशाल, अथाह सागर है जो अण्ड और ब्रह्माण्ड में देवी प्रकाश—सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र तथा मानव शरीर में आत्मा, जीवन-ऊर्जा, प्रज्ञा तथा ज्ञान-इन्द्रिय के द्वारा अभिव्यक्त होता है।

'अरुट्पेरुञ्जोति'—'अनन्त कृपाज्योति' महतो महीयान् है—बृहद् से भी बृहद् है और अणोरणीयान् है—लघु से भी लघु है। वही दृश्य है, वही दृश्यातीत है। अपने 'भक्त' वल्ललार पर उस ज्योति ने अनुग्रह करते हुए अमरत्व प्रदान किया, अनन्त सुख, अनन्त कल्याण और अनन्त आनन्द की वर्षा से उन्हें सराबोर कर दिया। तुलसीदास 'निगमागमसम्मतं' कह कर रघुनाथ-गाथा का गायन करते हैं; रामलिंग स्वामी अनुग्रह परमज्योति से वह मार्ग दिखाने की प्रार्थना करते हैं जो—

वेद द्वारा, आगमों द्वारा घोषित है
सत्य-मार्ग के रूप में!

ज्योतिरूप 'चिदम्बर में नर्तित नटराज शिव' का निवास करुणा और दया के

Koviloor Digital Library

साथ सम्पृक्त है—

प्रकृति में है जहाँ-जहाँ करुणा, दया
विराजे हैं वहाँ वहाँ करुणानिधान परमेश्वर;

करुणा ही उनका कुल है, जाति है, नाम है क्योंकि वे स्वयं 'करुणा' ही हैं। उनका आदेश भी यही है कि करुणामय बुद्धि में जीओ, करुणा का ही शासन फैलाओ। वह परमकरुणामय दाता करुणा-ज्योति के अनेकानेक नवीन स्तरों के दर्शन करवाता है। अपनी करुणा के विस्तार से ही वह समस्त 'ज्ञेय', 'श्रव्य' तथा 'दर्शनीय' को अनुभूति के क्षेत्र में व्याप्त कर देता है; वह स्वयं ही अंतर् में अभिन्न होकर विराज जाता है। आधि-व्याधि, त्रिविध ताप आदि को समूल विनष्ट कर वह 'महा संजीवनी', 'चमत्कारपूर्ण शिव-औषध' जरा के लक्षणों को दूर भगाकर मरणरोग को भी समाप्त कर देता है। मात्र यही नहीं, उसके सम्पर्क मात्र से होने वाले परिवर्तन का वर्णन करते हुए रामलिंग स्वामी कहते हैं—

सखि! देख मेरी सम्पूर्ण देह महक रही है,
कर्पूर की सुगंध से
यही है सुगंध जो मेरे पति के
सुंदर शरीर में व्याप्त है।
भूतल के अन्य तत्त्व की भाँति
विलुप्त नहीं हो जाती यह सुगंध
क्योंकि यह दैवी है, सहज औ' नैसर्गिक! (तिरु अरुट्पा-5723)

गोरखनाथ के अनुसार जहाँ (जो) ब्रह्म की सुवास से सुवासित रहता है अर्थात् जिसे ब्रह्म के व्यापकत्व का अनुभव हो जाता है वहाँ (उसके लिए) ज्योति-दर्शन का खेल प्रकट हो जाता है—'बास बासंत तहां प्रगट्या षेलं' (**गोरखबानी-116**)।

अलौकिक सौंदर्य

आलिंगन-पाश में बंधने पर उस काँतिमय देह का आपादचूड़ स्पर्श प्राप्त होते ही—'लाल से मिलकर मैं भी हो गई लाल' की स्थिति हो जाती है। उस प्रियतम के सौंदर्य को श्रुति, आगम और संगीत भी सहन नहीं कर पाए—

करते थे दावा कि जानते हैं उन्हें
हम जानते हैं पूर्णरूपेण, दृढ़ता से
और समीप पहुँचे उनके पृथक्-पृथक्
देखकर सौंदर्य मेरे नाथ का, सबके सब हो गए धराशायी
शिव-शिव करते हुए,
मानो मधु पी गए हों घड़े पर घड़े! (तिरु अरुट्पा—5768)

रामलिंग स्वामी जिस साधना-मार्ग पर अग्रसर हो रहे थे उस मार्ग पर चल रहे

Koviloor Digital Library

ऋग्वेद के ऋषि ने कहा था—हे प्राप्तव्य प्रभु! यह वियोग अब असह्य हो गया है, इसे दूर करो अब या तो तुम मैं बन जाओ या मैं तुम बन जाऊँ—'यदग्ने स्यामहं त्वं त्वं वा घा स्या अहम्' (8/44/23) क्योंकि तभी तो तुम्हारे आशीर्वाद सत्य सिद्ध हो सकेंगे—स्युष्टे सत्या इहाशीषः। यहाँ तो वह अरुट्पेरुञ्जोति मात, तात आदि रूपों में अनुभूत होती है:—

तुमने ले लिया मुझे
तन, धन और प्राण सहित
बदले में दे दिया मुझे
हे नाथ स्वयं को तुमने
अपने ऐश्वर्य और महाप्राण सहित! (तिरु अरुट्पा-4672)

यह अनुभव अभिलाषा के साथ तपश्चर्या के द्वारा सम्भव होता है। यह तप कायिक, वाचिक, मानसिक है। इस प्रेम-पथ में ज्ञान और श्रद्धा का संयोग होता है। यह श्रद्धा ही अंत में प्रेमा-भक्ति में परिणत होती है। वह प्रभु 'शिव' पुष्प में सौरभ और दुग्ध में घृत की भाँति सबमें ओत-प्रोत है। यहाँ देश और काल की दूरी भी नहीं है पर साधक जब 'तप' द्वारा पूर्ण समर्पण कर देता है तो जायसी की भाषा में—

रूप तुम्हार जीउ कै, पिंड कमावा फेरि।
आपु हिराय रहा, तेहि काल न पावै हेरि॥ (पद्मावत-256)

वह प्रेमी प्रिय के शरीर में अपने प्राणों को प्रविष्ट करके जैसे खो गया हो। जिसने अपने आप को खो दिया, उसे मृत्यु कैसे खोज सकती है? रामलिंग स्वामी पर जब इस 'ज्योति' की परमकृपा का आविर्भाव हुआ तो ज्ञान हुआ कि 'एकमेव शिव ही वरेण्य है' (तिरु अरुट्पा-4704)। 'अम्बर में नर्तित नाथ स्वयं मेरे समीप आए, मुझसे मिले और एकाकार हो गए' (तिरु अरुट्पा-4705) फलतः

'इस लोक में ही पा लिया मैंने तुम्हें
पूरित हुआ आह्लाद से,
पाया शुद्ध विचार संकल्प
पाईं शक्तियाँ, सिद्धियाँ . . . . . (तिरु अरुट्पा-4708)

यह उपलब्धि साधक को 'कष्ट विहीन' कर देती है 'चिंताओं से मुक्त होकर भ्रम-विभ्रम का पर्यवसान हो जाता है, जन्म-मरण का विधान टूट जाता है, दुःख-दुरित समाप्त होकर मृत्यु से, रोग से, शोक से परे होकर जीवन में नव-व्यवस्था का आविर्भाव हो जाता है। (तिरु अरुट्पा-4736) जब सर्वशक्तिमान् प्रभु, चित्-अम्बर में नर्तन करने वाले साधक को सब कुछ प्रदान कर 'अंतर्' में विराज जाते हैं तो साधक रामलिंग स्वामी के बाह्यकरण अंतःकरण के साथ और अंतःकरण आत्मा के साथ मिलकर अलौकिक सिद्धियों से शोभित हो जाते हैं:—

Koviloor Digital Library

समस्त लोक मेरे हो गए
सारे के सारे जीव मेरे वश में हो गए
समस्त ज्ञान हो गया मेरा ज्ञान
सारी विद्या पर हो गया अधिकार
समस्त भोग मेरा उपभोग बने
सकल आनन्द मेरा ही हुआ आनन्द! (तिरु अरुट्पा-5451)

रामलिंगर के इस अनुभव का क्षेत्र अत्यन्त विस्तृत है—समस्त दुःख-संताप, पीड़ा-शोक, भय-विघ्न, आधि-व्याधि, कर्मबंधन, माया, अज्ञान-अंधकार से पूर्णतः मुक्त होकर ज्ञान और प्रेम, अनश्वर देह, ऋद्धि-सिद्धि, कृपा-अनुग्रह का साधक-भक्त में समाविष्ट हो जाना अलौकिक, अद्वितीय अनुभव है। (तिरु अरुट्पा-5455) 'वह करुणामय व्याप्त हो गया है मेरे प्राण में'; 'अंतर्भूत हो गया, घुलमिल गया वह नयनों में, मन में' फलतः जब मणिमय रंगमंच पर नर्तन करने वाले नायक के आगमन का समय होता है तो रामलिंग स्वामी सम्पूर्ण जगत् को आमंत्रित करते हैं, उनके हृदय की सहज करुणा-भावना सबके लिए उन्नयन की कामना करती है—

जो सुख, जो आनन्द प्राप्त हुआ है मुझको
तुम भी पाओ वही सुख, वही आनन्द। (तिरु अरुट्पा-5594)

रामलिंग स्वामी के आराध्य 'अरुट्पेरुंज्जोति' की करुणा का एक ऐसा पक्ष है जो उन्हें विविध धर्मों, सम्प्रदायों, दर्शन-प्रकारों से सम्बद्ध करता है। उनका यह आराध्य सर्वसुलभ है, सबके अनुभव में आ जाने वाला है—

जिस धर्म का, जिस मत का मानने वाला हो
उसके विश्वास के अनुरूप आ जाते हो
सगुण बनकर या निर्गुण रूप में
और उनकी कल्पना के रंगमंच पर
कनक-सभा में, उनके चित्-अम्बर में
आनन्द-नृत्य करते हो। (तिरु अरुट्पा-3147)

इस कविता का मूलस्वर श्रीमद्भगवद्गीता के 'ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्' (4/11)—जो मुझे जिस प्रकार भजते हैं मैं उन्हें उसी भाँति प्राप्त होता हूँ—के साथ सहज ही जुड़ जाता है।

अनन्त कृपाज्योति—परमप्रेमस्वरूपा ज्ञान-भक्ति

भक्ति के मार्ग में एकनिष्ठ, अनन्यभाव से प्रभु के प्रति समर्पण अनिवार्य है। भक्ति चित्त को द्रवित कर देती है, वाणी गद्गद् हो जाती है, रोम-रोम से इष्ट का ही स्मरण होता है। इसे गगन गुफ़ा में अजर झरना कहें, ब्रह्मरन्ध्र में 'ज्योति' का प्रकाश कहें, चिदाकाश में 'सत्य' का दर्शन कहें अथवा रामलिंगर के शब्दों में 'उस

Koviloor Digital Library

अनन्त विस्तृत ज्योति द्वारा मुझे 'स्वयं' में परिवर्तित कर लेना' कहें—सर्वत्र उस 'सत्य' का ही दर्शन है। ज्ञान के इस मार्ग पर अग्रसर भक्त कभी प्रभुवियोग में रोता है, कभी उसके संयोग का आनन्द प्राप्त कर हँसता है। भक्ति से मन में पावित्र्य-भाव आता है जो उसके संसर्ग में आनेवालों को भी पवित्र करता है। श्रीमद्भगवद्गीता में चार प्रकार के भक्तों—आर्त, अर्थार्थी, जिज्ञासु और ज्ञानी का वर्णन है। इनमें ज्ञानी भक्त उत्तम है—तेषां ज्ञानी नित्ययुक्त एकभक्तिर्विशिष्यते। (7/16; 7/17)। रामलिंग स्वामी ज्ञान की चरम सीमा तक पहुँचकर 'ज्योति' को स्वयं में उसी भाँति अनुभव कर रहे थे जिस भाँति शुद्ध-आत्मा ईश्वर का सूक्ष्म दर्शन करता है। नारद भक्तिसूत्र में जिसे 'परमप्रेमस्वरूपा' कहा गया है अथवा शाण्डिल्य ने जिसे प्रभु में 'पराकाष्ठा की अनुरक्ति'—सा परानुरक्तिरीश्वरे—कहा है वही आदर्श भक्ति हमें रामलिंग स्वामी के तिरु अरुट्पा में अवगाहन करने पर प्रत्यक्ष होती है। 'पराभक्ति की सीढ़ियाँ चढ़ते हुए भक्त केवल उसी को देखता है, उसी को सुनता है, उसी को कहता है और उसी का चिंतन करता है।' रामलिंग स्वामी अनेक पदों में, विशेषतः सिद्धि वलागम् में निवास करते हुए रचे गए पदों में, इसी स्थिति में अवस्थित थे। उनके 'अनुभव' संत कबीर के अनुभव के समान कहे जा सकते हैं जहाँ प्रेम का उदय अनन्तयोग की भावना को जागृत कर देता है, संशय मिट जाता है, आनन्द की प्राप्ति होती है और प्रियतम 'कंत' के साथ मिलकर साधक का कायाकल्प हो जाता है—

पिंजर प्रेम प्रकासिया, जागा जोग अनन्त।
संसा खूटा सुख भया, मिल्या पियारा कंत॥

रामलिंगर के शब्दों में—'मेरे अंतस् में कृपा-ज्योति व्याप गई है, मुझे अनुग्रह प्राप्त हुआ है। अज्ञान के बंधन कट गए हैं, मैंने मृत्यु को भी नकार दिया है। आनन्द स्वरूप मुरसु (ढोल) का नाद करो।' अन्यत्र इसी भाव को व्यक्त करते हुए वे कहते हैं—हे सत्यरूप परमपिता, आपने मुझे ज्योतिरूप अनन्तकृपा प्रदान की, जो मेरे अंतर्बाह्य सर्वत्र व्याप्त है।' विशुद्ध ज्ञान के आलोक से दीप्त, लय एवं नाद से समन्वित, भक्तिरस से आप्लावित रामलिंग स्वामी अपने अंतःकरण में सर्वव्यापक ज्योति की क्रीड़ा के प्रत्यक्ष दर्शन करते हैं—

(क) *हे प्रेम स्वरूप!*
पूर्ण प्रेम-आनन्दमय तुमने
सब कुछ प्रदान किया मेरे भीतर,
दुःख-दर्द मिटाया, बनाया मुझे प्रेमरूप
कि मेरा शरीर स्वर्णिम बन गया।

(तिरु अरुट्पा—4615)

Koviloor Digital Library

(ख) अंतर्भूत हो गया,
घुल-मिल गया वह,
नयनों में, मन में
बसा हुआ है अब
चित्त में, भावना में
एकाकार हो गया
मेरी धुन में, गीत में,
वह करुणामय
व्याप्त हो गया है मेरे प्राण में। (तिरु अरुट्पा—5487)

(ग) स्वर्गलोक के लिए दुर्लभ मेरे प्रियतम
चित्सभा में नृत्यरत हुए
फिर जब बाँध लिया मुझे आलिंगन में
उस बाह्य मिलन में
निज स्वर्णिम स्वरूप
अंकित हुआ मेरे तन पर
आंतरिक मिलन के आनन्द का
कैसे करूँ वर्णन!
वर्णनातीत है! (तिरु अरुट्पा—5807)

(घ) वरेण्य तुम्हारे सान्निध्य में
समर्पित कर दिया मैंने
निज तन, मन, प्राण औ' जीवन
अब इस जग में इन पर नहीं मेरा कोई अधिकार,
ये हैं तुम्हारे अधीन
जिस रूप में चाहो
नियोजन कर लो इनका! (तिरु अरुट्पा—4716)

रामलिंग स्वामी अपने इष्ट अनन्त करुणाज्योति को ऐसा नन्दन-कानन मानते हैं जिसके दर्शन-मात्र से भ्रांति-क्लांति मिट जाती है; रोग-शोक विनष्ट हो जाते हैं। वे प्रभु विशाल तरुवर हैं जो ग्रीष्म ऋतु में निज शाखाओं को तानकर शीतल छाया प्रदान करते हैं। वे ओसारे पर चलने वाले मंद-मंद समीर हैं जो अन्तर् को आनन्द विभोर कर देते हैं। वह 'ज्योति' सत्यपद भी है, तत्त्व भी; सत्, चित्, आनन्द की आधार वह विलक्षण है—

अनुग्रह पद भी तुम
मुक्ति-स्रोतों के आधार
मंत्र, गहन रहस्य के उद्गम
नृत्यरत पद दे रहा है
अतिमानसिक ज्ञान! (तिरु अरुट्पा—4615)

Koviloor Digital Library

समस्त आधि-व्याधि और विविध ताप को विनष्ट करने में सक्षम यह अनुग्रह परमज्योति महासंजीवनी है जो मृतकों को प्राण देने में समर्थ है।

आराध्य 'नाथ' अखिल ब्रह्माण्ड के नायक

रामलिंग स्वामी के 'नाथ' 'अद्वितीय नायक' हैं; 'आनन्दमय रूप है उनका'; वे 'अखिल ब्रह्माण्ड के नायक' तुरीय ही नहीं तुरीयातीत हैं'; वह इन्द्रियातीत अनन्त में परिव्याप्त, ज्ञान के सभी रूपों में व्याप्त भी हैं और उनसे परे भी हैं। एक स्थल पर तो वल्ललार उनके नामों की परिगणना करना प्रारम्भ करते हैं—

मैं कहूँगी उनका नाम है
अर्हत, बुद्ध, आदिदेव
यही नहीं
ब्रह्मा, नारायण औ' शिव भी वही हैं,
उसे मैं शक्ति-शिव कहना चाहूँगी,
'पर कहूँगी, ब्रह्म कहूँगी, परब्रह्म कहूँगी'
शुद्ध ब्रह्म भी वही है
तुरीय स्थिति में परिपूर्ण भी वही है। (तिरु अरुट्पा-5801)

कविता के अंतिम छोर तक आते आते वे स्पष्ट कर देते हैं कि ये सब नाम, ये सब काम, उनकी क्रीड़ा मात्र हैं, उनके चमत्कार हैं। चित् अम्बर में नृत्य करने वाले ये देवता 'ज्योतिनटराज' मेरे 'प्राणों में बसे प्राणेश' हैं।

शुद्ध-सन्मार्ग

शुद्ध-सन्मार्ग, सत्यमार्ग का दिग्दर्शन करते हुए रामलिंग स्वामी मात्र अलौकिक अनुभव के धरातल पर रुकने वाले ज्ञानी साधक-भक्त नहीं हैं। उनके कतिपय कथनों पर विचार करें तो लोक-कल्याण की भावना उनके मन-प्राण में बसी है। प्रत्येक प्राणी को यह अलौकिक आनन्द प्राप्त हो सके इसके लिए वे सतत प्रयत्न शील हैं। उनके चिंतन में इसके लिए सक्रिय भूमिका और मानवीय संवेदनाओं के विविध पक्षों का उद्घाटन होता है—

(क) *प्रकृति में जहाँ-जहाँ करुणा, दया*
विराजे हैं वहाँ-वहाँ करुणालय परमेश्वर।

(ख) *शिक्षा प्रदान की बारम्बार*
अहिंसा ही परम धर्म है
परमगुरु द्वारा निर्दिष्ट धर्म यही है।

(ग) *वत्स! समान दृष्टि बनो सब जीव पर*
दूर करो अज्ञान का अघ। (तिरु अरुट्पा-4615)

Koviloor Digital Library

(घ) *मेरे अंतर्मन में होकर व्याप्त*
तुमने पूर्व में ही जता दिया था मुझे
कि जाति-धर्म रूपी अनेक मार्ग जो बने हैं
शास्त्र के कूड़े जो बने हैं
सत्य नहीं हैं, योग्य नहीं हैं ये सब
तुम्हारी उस शिक्षा के अनुसार
बता रहा हूँ जग को मैं कि
प्रेम से पा सकते हो सत्यतत्त्व को; (तिरु अरुट्पा-5805)

(ङ) *सखि पूछ रही हो*
चित्सभा में नृत्यरत नायक के लिए
क्योंकर शोभा देंगे नाना मत-मतान्तरों के नाम?
जान लो तुम
हर धर्म-सम्प्रदाय-मत के
सारे के सारे नाम इंगित कर रहे हैं उसे ही . . . . . (तिरु अरुट्पा-5802)

(च) *आओ प्यारे जग के सब भाई-बन्धु*
वृथा क्यों भटक रहे हो इधर-उधर मार्ग ढूँढते,
सुन लो मेरी बात, गुन लो मेरी बात
वरेण्य मार्ग है समरस-सन्मार्ग
शिव मंगलदायक सत्यमार्ग
बताऊँगा स्वानुभव, तब तो करोगे विश्वास? (तिरु अरुट्पा-5587)

(छ) *जग के मेरे मित्रो, बन्धुओ सुनो*
जो कथन करता हूँ मैं वह नायक की ही वाणी है!
इस कारण कहता हूँ तुमको कि
मेरे हृदय में है करुणा, है तुम्हारे प्रति प्रेम
और कामना है मेरी
कि जो सुख, जो आनन्द प्राप्त हुआ है मुझको
तुम भी पाओ वही सुख, वही आनन्द! (तिरु अरुट्पा-5594)

भारतीय भाषाओं के भक्त कवियों ने प्रायः कान्ता-भक्ति में विरह की स्थिति को संयोग से अधिक महत्त्व दिया है। अलौकिक, सत्यरूप, परम-आनन्द ब्रह्म से आत्मा-सुन्दरी का विरह परम्परागत शास्त्रीय मनोदशाओं को लाँघ जाता है। रामलिंग स्वामी के जिन पदों में कान्ता-भाव की अभिव्यक्ति है वहाँ पर लौकिक सम्बन्धों से व्याख्या सम्भव नहीं हो पाती। उनकी कान्ता-भक्ति में पत्नी के पूर्ण-समर्पण, एक-निष्ठता, अनन्यता का निर्वाह है परन्तु माता, पिता, गुरु, स्वामी सभी रूपों को एक साथ अपने अनन्त कृपाज्योति परमतत्त्व में प्राप्त कर लेने के कारण कान्ता-भाव का निरन्तर निर्वाह अनावश्यक हो गया और तत्त्वतः अनन्त कृपालु होने के भाव के फलस्वरूप उपालम्भ देने की स्थिति भी यदा-कदा ही आई है।

Koviloor Digital Library

अपने आन्तरिक जगत् में स्थिर रहकर रामलिंग स्वामी को सद्विचार स्थिति का प्रत्यक्षीकरण होता है। अनुग्रह परमज्योति का चित्त वह नहीं है उसके स्वरूप के लक्षण हैं--तुरीयावस्था और पूर्णता। 'शुद्ध शिवजाग्र स्थिति' के प्रदाता वह 'नाथ' अद्वितीय हैं—

पहुँचे हुए हैं तुरीय अवस्था में
षडान्त के भीतर भी और उसके परे भी
तुरीय ही नहीं तुरीयातीत हैं
आनन्दमय रूप है उनका।
शुद्ध नृत्य में रत हैं सिद्ध के चरण कमल
अखिल ब्रह्माण्ड के महानायक हैं। (तिरु अरुट्पा-5798)

समस्त ब्रह्माण्ड पर शासन करनेवाले अनुग्रह परमज्योति भगवान् की स्तुति करते हुए उन्हीं के स्वरूप में तन्मय होना चाहिए। स्वामी शरवनानन्द के विचारानुसार 'हमारी भावना में, गुण-कृत्यों में अनुग्रह ही प्रकट हो इस भाँति जीवन जीना चाहिए। यही जीवन चित्-अम्बर जीवन के रूप में प्रकीर्तित है।'

चिदम्बरम् -- चित्-अम्बर

चित्-अम्बर कल्पनीय चिदम्बर रूप में जाना जाता है। चित्त में हम जिसे देख सकें, चिंतन कर सकें, धारण कर सकें—भावना में दर्शनीय इस चिदम्बरम् में दयामय जीवन जीना ही ईश्वरीय कृपा प्राप्त करना है। इस तरह चिदम्बर में अनघ जीवन जीने की स्थिति सिद्ध होने पर हमें दृश्य-जगत् और श्रव्य-जगत् में निहित सत्य को ग्रहण करने का यत्किंचित् विवेक प्राप्त होता है, इसी के साथ-साथ अनित्य-तत्त्वों को परे कर जीवन के रहस्य को जानने की क्षमता प्राप्त होती है। इसके फलस्वरूप हम जान जाते हैं कि जो भी खाया, पिया, कहा-सुना, भोगा, सब भगवान् के चित्त से हुआ और उससे जो शेष सत्यज्ञान प्राप्त हुआ वह भी उनके अनुग्रह से उपलब्ध हुआ।

जीवन का समस्त मंगल-अमंगल, सुख-दुःख, सुन्दर-कुरूप उस चिदम्बरम् के साथ संयुक्त होकर परमसत्ता के बोध का साधन बन जाता है। उस दिव्य अनुभव के फलस्वरूप मनुष्य सौंदर्य की भावना में मग्न होकर अपनी पृथक् सत्ता की प्रतीति का विसर्जन करता है। मानव ही नहीं प्राणि-मात्र के प्रति करुणा का भाव विकसित होने पर काम, क्रोध, अहंकार आदि का प्रभाव शनैः शनैः तिरोहित हो जाता है। जब साधक को स्पष्ट हो जाता है कि अद्भुत चिदाकाश में, ज्ञानमय अम्बर में नर्तित आनन्द नटराज ही धरा पर सब रूप धारण करते हैं, जो है वह ही है तो वह सत्य-चिंतन के मार्ग पर अग्रसर होता है—

Koviloor Digital Library

यह विशाल धरा लोक
दूर दूर तक विस्तृत ब्रह्माण्ड
तुम ही तो हो
जगत् में स्पन्दित आत्माओं का समुच्चय हो
आत्माओं के आन्तरिक मल दूर कर
आनन्दमय जीवन प्रदाता भी तुम हो . . . .
निगूढ़ तत्त्व को करते स्फुटित
तुम हो नाद, तुम हो मोक्ष-प्रदाता
बनते हो केवल ज्ञान की शुद्ध अनुभूति
जिसमें स्फुटित तव ज्योति रूप
धारण करने मंगल रूप
हो जाते व्याप्त यत्र-तत्र सर्वत्र
नृत्य करने चिदाकाश में, ज्ञानमय अम्बर में
नटराजराज तुम! (तिरु अरुट्पा-2610)

सत्य-अनुग्रह

रामलिंग स्वामी के काव्य में अनेक रूपों और स्वरों में अनन्यता और एक-निष्ठता का भाव अभिव्यक्त हुआ है। 'सत्य-अनुग्रह' में प्रभु उन्हें सत्यज्ञान की दुग्ध-नदी (*पाल शिव गंगै*) में फिसलने के बाद इस भाँति बाहर निकाल लेते हैं कि वस्त्र अथवा शरीर का अंग भीग नहीं पाता। उस अनन्त प्रभु के साथ उनका सम्बन्ध बालपन से ही हो गया था—

(मेरे षडानन प्रभु!)
(अ) मेरे शैशव में आकर, शीश पर धरे थे जो चरण कमल,
उस कृपा का सम्भव नहीं विस्मरण। (तिरु अरुट्पा-1159)

(आ) रूप में, आकार में वय में छोटा था,
न था ज्ञान, न थी तर्क-शक्ति,
अनुभव नहीं था, अनुमान की क्षमता
का भी था अभाव; बस गली में क्रीड़ारत था
उछलता, कूदता, अपने छोटे-छोटे पाँवों से
ऐसी कच्ची वय में तुमने अपनाया मुझे
किया प्रेरित कीर्तिगान करने को! (तिरु अरुट्पा—2218)

(इ) जब मैं अबोध अवस्था में थी
स्वयं आकर परिणय कर लिया मेरा
जब मैं बोध-अवस्था में हूँ
ये मुझे पहचानते तक नहीं! (तिरु अरुट्पा—3019)

Koviloor Digital Library

(ई) व्याप्त है मेरे अंतस् में और बाहर भी
हाँ वही मेरा प्रियतम नटराज।
आया वह प्रथम बार मेरे पास
उस बालपन में
नहीं जानती थी तब मैं निज स्त्री-प्रकृति को
स्वयं आया, पगली बनाया मुझे
किया परिणय आमोद से, हर्षित पुलकित हुई! (तिरु अरुट्पा—3022)

(उ) कौमार्य के अबोध वय में ज्ञान भी नहीं था
जब नायक-नायिका सम्बन्ध का
उस वय: संधि में
आया वह मेरे जीवन में अपनी इच्छा से
परिरंभण किया मेरा अबोध वय में. . . . . . (तिरु अरुट्पा—3025)

(ऊ) हे सखि!
छुटपन में ही जब मुझे सुख का न था ज्ञान
मेरी भौंहों के मध्य आकर बैठे
देखा मैंने, हुई पुलकित गात
पर हाय! अगले ही क्षण में कहाँ छिप गए? (तिरु अरुट्पा—3026)

(ए) नाथ ने बोध दिया अबोध बालक को
और दिखाए विलक्षण दृश्य
क्या नहीं दिखलाए तुमने? (तिरु अरुट्पा—3038)

(ऐ) अबोध बालक था
कुछ जान नहीं पाता था, समझ नहीं पाता था,
आए तुम मेरे अंतर में
जब-जब मुझे भ्रम होता था
माँ का वात्सल्य दिखाते हुए
तुमने दिया मुझे 'बोध', दिया 'ज्ञान' . . . . . (तिरु अरुट्पा—3041)

उस निराकार-साकार, अलक्ष्य पर ज्ञान-चक्षुओं द्वारा लक्ष्य तत्त्व को रामलिंग-स्वामी ने प्रेम का विषय बना दिया है। वह कहीं आत्मा-कन्या के साथ प्रेम सम्बन्ध स्थापित कर परिरंभण करता है, परिणय करता है तो कहीं वह माता, पिता अथवा गुरु बनकर 'शीश पर चरण धर कर' अथवा 'भौंहों के बीच' दृश्यमान होकर सत्य-ज्ञान का परिचय देता है। इस संदर्भ में हमें विकास के चरम शिखर पर पहुँच कर हुए उनके अनुभव को विश्लेषित करने का प्रयास करना होगा। अंतःकरण की जिस पवित्रता और आनन्द की स्रोतस्विनी का निरंतर वर्णन हमें 'तिरु अरुट्पा' में मिलता है उससे सहृदय पाठक अथवा श्रोता की भी अंतरात्मा आर्द्र हो जाती है अतः विश्लेषण का प्रयास-मात्र ही सम्भव है।

Koviloor Digital Library

'अरुळ् विळक्के अरुळ् चुडरे अरुळ् जोति शिवमे'—पद में कवि रामलिंग स्वामी चिदम्बरम् में नृत्य करनेवाले शुद्ध स्वर्ण ज्ञानस्वरूप नटराज को अनुग्रह रूपी दीप, अनुग्रह रूपी ज्वाला, अनुग्रह रूपी अमृत, अनुग्रह रूपी पूर्णता आदि विशेषणों से सम्बोधित कर एक अटूट सम्बन्ध स्थापित कर अपनी समस्त भावनाएँ उनके प्रति अर्पित करते हैं। 'क्रीड़ा-वय में ही प्राणनाथ, बंध गई प्रणय-पाश में'—ऐसे प्राणनाथ के गुणों का गान करते हुए भक्त कह उठता है—

तुम वह आनन्द हो जो उपजता है गीत में
मस्त होती हैं रागिनियाँ स्वयं
गायन करते हुए!
तुम वह अमृतफल हो सरस और सुपक्व
माधुर्य भर देते हो भक्तों के हृदय में
क्योंकि तुम वहीं जन्म लेते हो
वेदों का उद्घोष है हे नटराज! (तिरु अरुट्पा—4108)

ऐसे मणिमय कल्पतरु के विख्यात चरणों में स्व को, मन को प्रणत करने की कामना एक स्वाभाविक स्थिति है। 'अरुट्पेरुञ्जोति'—नर्तित नटराज की कृपा तत्काल होती है—

प्रदान किया शाश्वत स्वर्णिम रूप
मंत्र-सार रूप, अमरों का दिव्य रूप
पहना दिया मणिमुकुट शीश पर
दिया आदेश
शिव की भाँति पंचकृत्य करने का!
हे मेरे पति! तुम विराजे हो मेरे भीतर
मेरा अंतर्-बाहर ज्योर्तिमय बन गया है
भीतर बह रहा अमृत का स्रोत सा
तुम्हारे सान्निध्य से! (तिरु अरुट्पा—4150)

प्रभाती गीत—तिरुप्पळ्ळि एऴुच्चि

जो प्रभु सर्वव्यापक, सर्वज्ञाता और सदैव भक्तों की देखभाल करने वाला है, उसी प्रभु को वैष्णव और शैव भक्त प्रातः समय गीतों द्वारा जगाते हैं। 'तिरुप्पळ्ळि एऴुच्चि'—उषाकालीन मंगलसेवा के अवसर पर गाए जाने वाले प्रभाती गीत हैं। जब भक्त विग्रह में अपने उपास्य का आह्वान कर लेता है तो वह विग्रह मात्र प्रतिमा न रहकर 'भगवत्स्वरूपा' हो जाती है। भक्त को उसमें भगवान् का साक्षात्कार होता है। स्थूल सेवा से प्रारम्भ हुई अर्चा-विग्रह की सेवा अनन्यता और श्रद्धा की चरमसीमा पर पहुँचकर भगवत्प्राप्ति का साधन बन जाती है। मूर्ति में ही भक्त सर्व-समर्थ,

Koviloor Digital Library

सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान् के दर्शन करता है। प्रभु-दर्शनों के लिए भक्त के आकुल हृदय की यह पुकार उसकी उत्कण्ठा का प्रत्यक्ष अनुभव करवाती है। तोंडरअडिप्पोडि आळ्वार ने दस गीतों की एक लड़ी में भक्ति-पद्धति के आराधनापक्ष का चित्रण किया था। रामलिंग स्वामी की तिरुप्पळ्ळि एऴुच्चि में आराध्य विग्रहरूप नहीं है, वह तो अरुट्पेरुञ्जोति—अनन्तकृपाज्योति है। वह पुण्यनद सर्वशक्तिमान गुरु (*ऍन् गुरुवे*), माँ (*ऍन अम्मैये*), तात (*एन् तन्दैये, एन् अप्पने*), देवता (*एन् देय्वमे*), पति (*एन् पतियें*), राजा (*एन् अरसे*), दाता (*एन् वळ्ळले*) सब कुछ है। यहाँ अनुग्रह परमज्योति को शय्या तजकर उठने की प्रार्थना मात्र आत्मज्ञान नहीं है अपितु 'जन-जन का उद्धार' है। सब भक्तगण एक भव्य-सभा—सत्यज्ञानसभा—का आयोजन कर रहे हैं और ज्योतिदेव से वंदना करते हैं कि वे पीठासीन हों, 'सुनें हमारी स्तुति और प्रार्थना' क्योंकि भ्रम का तम दूर हो गया है, ज्ञान का प्रभात हो गया है, इस मधुरिम अमृतवेला में अनुग्रह की वर्षा करने का सुनहला अवसर है अतः 'शयन तजकर उठो, करो हमें अनुगृहीत' (*पळ्ळि ऍऴुन्दरुळ्वाये*)! अनघ-अमर जीवन की प्रार्थना करने वाले वल्ललार की कामना 'समस्त जगत् को एकता के सूत्र में पिरोने' की है। 'इह' में ही 'पर' सुख प्रदान करने वाले अपने 'राजा' सिद्धि नृत्यरत परमज्योति की करुणा का उन्हें निरंतर अनुभव होता है, उनका शरीर बाहर और भीतर से 'कंचन' हो गया है। जिसे बाल्यावस्था में नियमित पाठशाला जाने का भी अवसर न मिला उसे अपनी करुणा की शाला में प्रविष्ट कर विशुद्ध रूप में समस्त ज्ञान प्रदान करने वाले भगवन् का जय-जय निनाद करते हुए उन्हें शयन तज कर उठने और अनुग्रह करने की यह प्रार्थना भक्त के समर्पण और दर्शन-उत्कण्ठा का प्रत्यक्ष 'अनुभव' है। इस अमृतवेला में वे लोग भी जो दिग्भ्रमित हो गए थे—चाहे धर्म के मद में, अथवा व्यर्थ के वितंडा में—उनके समस्त तर्क निरस्त हो गए—

उद्धार का कहीं मार्ग न पाकर
निस्तार की प्रत्याशा में
आ खड़े हैं चुपचाप अनुग्रह-ज्योति की सन्निधि में। (तिरु अरुट्पा-4892)

समाज में विविध विचारों के अज्ञानजनित मतभेद का बना रहना आश्चर्य का विषय नहीं है। ऐसी स्थिति में जब करुणा-ज्योति के चरण-कमलों पर नत जन आनन्दमग्न होकर अम्बर के गीत गा रहे हैं, गाते गाते विभोर होकर नृत्य कर रहे हैं तो कुछ अन्य जन जो—

आक्रोश और चिड़चिड़ाहट के शिकार बने हैं
हो गए अस्वस्थ तन-मन से, कोई आश्चर्य नहीं
कर रहे वृथा प्रलाप।" (तिरु अरुट्पा-4892)

संगीतात्मकता और सहज-स्वाभाविक रूप में प्रकृति सौंदर्य के साथ सम्पृक्त ये

Koviloor Digital Library

प्रभाती गीत श्रवण-मात्र से हृदय को उल्लसित और निनादित कर देते हैं। सर्वत्र व्याप्त अंधकार की समाप्ति, अज्ञान-निद्रा को दूर कर प्रेम से, करुणा से अपनाने वाले परम ज्योतिरूप प्रभु के आगमन की सम्भावना को सहज, सम्भव कर देती है। प्राकृतिक कमलों के साथ ही भक्तों के हृदय-कमल विकसित हो गए हैं, ज्ञान-सूर्य उदय होने के साथ ही मत-वितंडा के कुमुद मुंद गए हैं। स्वामी के शय्या से उठने का निवेदन वह स्थिति है जहाँ भक्त के हृदय-नेत्रों के समक्ष मानो सब कुछ साक्षात् घटित हो रहा है, केवल उसे शब्दबद्ध करने की, काव्यमय रूप देने की क्रिया कवि-कर्म है।

तिरुप्पळ्ळि एळुच्चि—प्रभाती गीत एक अद्वितीय दृश्य हमारे चेतन पर अंकित करते हैं। अनुग्रह परमज्योति के दर्शनार्थ हाथों में पुष्प-मालाएँ लिए, जय-जय निनाद करते हुए शीलवान् सन्त उनकी महिमा का गान कर रहे हैं; 'ॐ' 'ॐ' की ध्वनि शृंग-वाद्यों से निःसृत हो रही है; शंख भी शुभ प्रणवनाद कर रहे हैं; अनुगृहीत कविगण शब्द-सुमनों से पिरोई स्तुति-माला अर्पित कर रहे हैं; चारों ओर ईश्वरीय प्रेम, कृपा और अनुकम्पा का संवाद और संलाप हो रहा है। इन गीतों में प्रभु-दर्शन की उत्कट अभिलाषा और भक्त के आकुल हृदय की पुकार है। तोण्डरअडिप्पोडि आळ्वार के प्रभातीगीतों में 'राक्षसकुल विनाशक', 'धनुर्धर', 'देवाधिदेव', 'अयोध्याधीश', 'लंकाधिप विभीषण द्वारा पूजित', 'गजेन्द्र-रक्षक' श्रीरंगम् के स्वामी को शय्या से उठने का निवेदन है। रामलिंग स्वामी के प्रभाती गीतों में आराध्य 'अरुट्पेरुञ्जोति' है—

आणै नुम् आणै ऍन् अरुट्पॆरुञ्जोति
आण्डवरे! तिरु अम्बलत्तवरे
नाणै विट्टु उरैक्किन्ऱ्वारु इडुकण्डीर्
नायकरे! उमै नान् विडमाट्टेन्। . . . .
सौगन्ध पर सौगन्ध
अनुग्रह परमज्योति देव!
हृदय स्थित नर्तित देव
तजकर लाज कहता हूँ तुमसे
मेरे नाथ! अब तुम्हारा संग न छोड़ूँगा,
टेढ़ा-टेढ़ा चल रहा था बेढंग
अब हुआ तुम पर न्यौछावर
यह तन, प्राण, धन सब तुम्हारा है . . . . . (तिरु अरुट्पा—4717)

सकल जगत् के साक्षी, सर्वदा अद्वितीय नायक की श्री सन्निधि में सर्वस्व अर्पित कर भक्त इह और पर सौख्य एक साथ प्राप्त कर लेता है। इस अद्भुत भगवद्-दर्शन के आनन्द के समक्ष पारलौकिक आनन्द में भी आसक्ति नहीं रहती। असीम कृपा से,

Koviloor Digital Library

करुणा से जब यह ज्योति अंतरंग में व्याप जाती है और स्वप्न में, जाग्रतावस्था में हर्षमय आनन्द प्रदान करती है तो अज्ञान-विष को सम्पूर्ण रूप से, समूल विनष्ट कर अमृतमय कर देती है।

अनुग्रह ज्योतिरूप द्वारा प्रदत्त ज्ञान और आश्रय को पुनः पुनः सादर स्मरण इन प्रभाती गीतों का मूल स्वर है–

सत्तियम् सत्तियम् अरुट्पॅरुम् जोतित्
तन्दैयरे! ऍनैत्ताङ्गु किन्रीरे!
सत्यवचन है, यह सत्यवचन है
हे अनुग्रह परम ज्योति
पहले जगाया, अब दे रहे हो आश्रय
यह सत्य है . . . . . (तिरु अरुट्पा–4716)

पौ फट गई है, सुनहली आभा दिग्दिगन्त में व्याप्त है; अंधकार, अज्ञान की माया का अंत हो गया है, चिद्गुण पर्वत-शिखर पर ज्ञान-सूर्य उदय हुआ है, अंधकार के आवरण के हटते ही भूमि स्पष्ट लक्षित हो रही है; अमृतवेला में कमलों के खिलने के साथ ही साधकों के हृदय-कमल भी खिल उठे हैं। प्रभातवेला में ज्ञान-अचल पर स्वर्णिम किरणें शोभित हो रही हैं! परमज्योति के वरेण्य सान्निध्य में सर्वस्व-समर्पण की भावना से प्रेरित ये 'प्रभाती गीत' सत्यज्ञान और जनजन के उद्धार की कामना से प्रेरित हैं।

तिरुवडि दीक्षा—पाद दीक्षा

गुरु अथवा प्रभु द्वारा दी जाने वाली 'दीक्षा' आध्यात्मिक-मार्ग की एक प्राचीन परम्परा है। नेत्रों से कृपा-दृष्टि 'नेत्र-दीक्षा', स्पर्श द्वारा शिष्य को ज्ञान देना 'स्पर्श-दीक्षा' तथा मंत्र द्वारा ज्ञान 'मंत्र-दीक्षा' है। यदि गुरु अपने चरण शिष्य के शीश पर रखकर दीक्षा दें तो उस पाद-दीक्षा को 'तिरुवडि-दीक्षा' कहते हैं। तमिलनाडु के सातवीं शती के धार्मिक तथा सामाजिक इतिहास में महत्त्वपूर्ण योगदान करने वाले तिरुनावुक्करसु-'अप्पर' को नेल्लोर के शिव-मंदिर में शिव द्वारा उनके मस्तक पर अपने चरण-कमल का स्पर्श करवा कर उन्हें तिरुवडि-दीक्षा देने का अंतःसाक्ष्य मिलता है। तिरुवैयारु में गाए गए एक पद में अप्पर कहते हैं—'प्रकाशमान कमला-पति और विष्णु दोनों ने मिलकर जिन चरणों की खोज की उन्हें आपने ही मेरे ऊपर रखा।' 'नम्बि आरूरर'—सुन्दरमूर्ति नायनार् जब तिल्लै—चिदम्बरम् में शिव का सृष्टि-नृत्य देखने की मनोकामना लेकर तिरुवदिकै पहुँचे और सिद्धवट मठ में विश्राम कर रहे थे तो वहाँ उन्हें 'तिरुवडि दीक्षा' प्रदान की गई। गंगाधर शिव द्वारा दी गई इस दीक्षा का वर्णन उन्होंने अपने एक गीत में किया है। रामलिंग स्वामी की

Koviloor Digital Library

साधना-यात्रा में तिरुवडि-दीक्षा का उल्लेख मिलता है। यथा एक पद में वे कहते हैं—

निखिल ब्रह्माण्ड के विशिष्ट नायक
सबके पति नायकनाथ
दयानिधि सदैव तरुण!
कृपा करके धर दिए अपने स्वर्णिम चरण
मेरे शीश पर
और प्रदान किया नित्य अमृत
हे पुण्य पुरुष! (तिरु अरुट्पा-5448)

एक अन्य पद में प्रभु की अनन्त कृपा का गुनानुगान करते हुए सिद्ध-भक्त कह उठता है—

विशद वेद और आगमों ने
किया सतत प्रयास दीर्घकाल तक
तुम्हें व्याख्यायित करने का!
पर उनकी पकड़ में नहीं आए लेश भी!
किन्तु अपार दया है, असीम है कृपा तुम्हारी
भा गई तुम्हें मेरी वाणी
स्वीकार कर जिसे
धर दिए निज चरण मेरे शीश पर
कृपापूर्वक! (तिरु अरुट्पा-4869)

अम्बरनर्तित प्रभु की लीला है कि कभी वे 'सर्वशक्तिमान्' बन जाते हैं, कभी 'प्रियतम' बन जाते हैं, कभी स्वयं वे 'मैं' का रूप धारण कर लेते हैं। ऐसे प्रभु ने 'तिरुवडि दीक्षा' प्रदान करने के उपक्रम में जब—

धर दिए चरण युगल प्रभु ने
मेरे मस्तक पर,
किया कृतार्थ कटाक्ष-वीक्षण से
मेरे मनोरथ किए पूर्ण! (तिरु अरुट्पा 4898)

फलतः तन्द्रा-तिमिर विनष्ट हो गया, प्रेमपूर्वक निखिल सुख प्रदान कर दिए तथा समस्त दुःख भस्मीभूत हो गए। हृदय में निवास करने वाले ये देवता, जो सृष्टि के प्रत्येक विषय का ज्ञान देते हैं, जो जननी-जनक समान हैं, अनुपमेय, अद्वितीय हैं और साधुजन के हृदय में निवास करने वाले हैं वे चित्सभा में शोभायमान परम ज्योति—

निज चरणकमल कृपा से
मेरे शीश पर धरने वाले देवता
मेरे हृदय में भर देते हैं माधुर्य! (तिरु अरुट्पा-3906)

Koviloor Digital Library

इस स्थिति में साधक दिव्यता के स्रोत से संयुक्त हो जाता है। प्रभु अपने भक्त को दिव्य धाराओं से ऐसा सराबोर कर देते हैं कि उसका अंग-अंग दैवी-प्रकाश से प्रकाशमान हो जाता है। यह कृपा जीव द्वारा अपने स्वरूप को प्राप्त करना है; प्रपंच में पड़कर होने वाला जड़त्व समाप्त हो जाता है तथा उसके दिव्य-स्वरूप की पुनः-प्रतिष्ठा हो जाती है। इस उच्चभूमि पर केवल प्रभु या आराध्य का ही ध्यान शेष रहता है। संत तुकाराम के शब्दों में—

ध्याइन तुझें रूप गाइन तुझें नाम। (तु. अ. गा. 3369)

प्रभु के चरणों का स्पर्श हो जाने के बाद तो भक्त 'आत्मज्ञान' से दीप्त हो जाता है। वह साधन-सम्बल-विहीन होने पर भी समर्थ हो जाता है। वह जान जाता है कि *'बिन च्यंता च्यंता करै, इहै प्रभु की बांणि।'* अनन्त जीव-जन्तुओं का पालन करने वाला प्रभु ही मेरा संरक्षक है। हृदय में यह भाव उदय होता है:—

हे भगवन्!
तुमने अपार कृपा की है इस तुच्छ प्राणी पर,
अंधकार में टटोल रहा था मार्ग नादान–अनजान,
उबार लिया मुझे, सम्बल दिया
और किया ऐसा अनुग्रह
विद्या, कला, ज्ञान सब स्वतः सिद्ध हो गए
अनायास ही! (तिरु अरुट्पा-3053)

प्रभु जिसे एक बार अपना लेता है उसे 'अनायास ही' सम्पूर्ण ज्ञान अंतस् में दृश्यमान हो जाता है। वह स्वयं उसके चैतन्य में बस जाता है— *'किया निज अनुग्रह और दिखाई परमसत्य की स्थिति।'* कुमार्ग से रक्षा, मतवाद के प्रपंच से बचाना, सत्य-सन्मार्ग के उत्कृष्ट पथ पर अग्रसर करना, जब विभ्रम में हो तो अंतर्यामी बनकर उस भ्रम को दूर करना उस परमपुरुष का दायित्व हो जाता है।

वल्ललार का मूल चिंतन

स्वामी सर्वनानन्द कृत 'अरुट्पेरुञ्जोति अगवल्'—'तिरु अरुट्प्रकाश वल्ललार' नामक कृति की भूमिका में रामलिंग स्वामी—वल्ललार के मूल चिंतन को स्पष्ट करते हुए उनके द्वारा निर्दिष्ट सिद्धान्तों को प्रस्तुत किया गया है। श्री जी. वण्मीकनाथन् ने भी इस विषय पर प्रचुर सामग्री उपलब्ध करवाई है। उनके *'समरस शुद्ध सन्मार्ग'* के सिद्धान्त संक्षेप में इस प्रकार हैं:—

1 प्रत्येक प्राणतत्त्व ईश्वर की सहज अभिव्यक्ति है अतः प्रत्येक प्राणी में अपना ही रूप देखते हुए, सबको अपना मानते हुए मानव को विश्व-बन्धुत्व प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। पशु-पक्षियों और पेड़-पौधों के साथ भी वह बन्धुत्व-भावना होनी चाहिए।

Koviloor Digital Library

2. हिंसा सभी रूपों में वर्जित है। मांसाहार का सर्वथा परित्याग कर देना चाहिए।
3. ईश्वर एक है, केवल एक है। उसकी अर्चना, प्रार्थना 'ज्योतिरूप' में होनी चाहिए, किसी अन्य रूप में नहीं।
4. उपर्युक्त मार्ग के अनुयायी 'सन्मार्गी' कहलाएँगे।
5. प्रत्येक सन्मार्गी का लक्ष्य धरती पर अनश्वर स्थिति को प्राप्त करना है तथा उसे इस पाञ्चभौतिक देह को पारदर्शी मृत्यु-विहीन रूप में परिवर्तित करने का सतत प्रयास करना चाहिए।
6. जब मृत्युविहीन पारदर्शी स्थिति प्राप्त हो जाए तो सन्मार्गी प्राणिमात्र को उसी स्तर के आनन्द का मार्ग बताकर धरती को ज्योतिरूप परमतत्त्व के आवास में बदल दे।
7. जाति, धर्म, सम्प्रदाय आदि के किसी भेद को स्वीकार नहीं करना चाहिए।
8. निर्धन की भूख मिटाना ही स्वर्ग के राज्य का मार्ग है।
9. सभी अंधविश्वास-युक्त रूढ़ियाँ, व्यवहार और विचार त्याग देने चाहिएँ।

श्री अरविन्द का कथन है कि कवि 'केवल भावुकतापूर्ण तुकबंदी करनेवाला चारण नहीं होता। वह ऊपरी मन की दृष्टि से परे देखता है और अंतः प्रकाश देने वाले शब्द, अंतः प्रकाश से आने वाले शब्द को ग्रहण करता है। . . . . . कवि की विशेष क्षमता है 'अंतः दर्शन'! रामलिंग स्वामी प्रकृति, जीवन और मनुष्य को असामान्य गहराई तक देख सकते थे, उस अनुभव को शब्दों का परिधान दे सकते थे। अपनी दिव्य-दृष्टि से वे 'जीवन से परे' देखते हैं पर जीवन को कहीं भी नकारते नहीं। समस्त जीवराशियों में ईश्वर के अस्तित्व को देख पाने के फलस्वरूप जीव-कारुण्य का मार्ग स्पष्ट हुआ। समस्त जगत् के प्राणिमात्र को एकसूत्र में पिरोनेवाली आत्मिक स्नेह-शक्ति को आधार मानकर वे समरस-सन्मार्ग का विवेचन करते हैं। उनके अनुसार भक्ति ज्ञानमयी है, प्रेममयी है, विह्वला है, ओजस्विनी है, रहस्यमयी है और आध्यात्मिक है। माधुर्य, दास्य और ज्ञानमयी भक्ति द्वारा आध्यात्मिक उन्नयन के मार्ग की वे पुष्टि करते हैं। संत तायुमानवर ने 'सर्वत्र प्रकाशमान आनन्दपूर्ण तथा करुणापूर्ण—जो समस्त जीवों का प्राण है—जिसकी करुणा अखिल अंडकोटियों, समस्त ब्रह्माण्ड में व्याप्त है'—ऐसे परतत्त्व की वंदना की। उनके स्वर में स्वर मिलाकर रामलिंग स्वामी कहते हैं—

अमृत जो सृष्टि का आदि है, फिर भी उससे परे है, वह अमृत जो सत्यज्ञान है, वह अमृत जो प्रकाशस्वरूप है, तूर्यावस्था का अमृत, उसने मेरी परीक्षा नहीं ली, कृपापूर्वक अपने अधिकार में ले लिया।

जो प्राणी शुद्ध हृदय से परम आनन्दरूप प्रभु का ध्यान करता है, उसका

Koviloor Digital Library

शरीर-मोह तिरोहित हो जाता है, वह लौकिक आकर्षणों से हटकर उस प्रभु के प्रेम में निमग्न हो जाता है। इस प्रक्रिया के विकास-क्रम में जब आत्मबोध हो जाता है तो ज्ञान प्राप्त होता है कि जीव और शिव अभेद हैं। रामलिंग स्वामी ने इस ज्ञान की स्थिति को प्राप्त किया और व्यावहारिकता से पलायन किए बिना 'भूमि' से 'भूभा' की ओर स्वस्थ विकास किया।

सामाजिक वैषम्य और 'भूख' की पीड़ा

सामाजिक, आर्थिक वैषम्य का ही परिणाम है असहाय, भूख से व्याकुल मनुष्यों द्वारा अन्न के लिए भिक्षा माँगना। इस वर्ग में भी दो प्रकार के लोग हैं—एक वे जो भिक्षा माँग कर पेट भर सकते हैं और दूसरे जो आत्मगौरववश लाचार होकर भी माँग नहीं पाते। रामलिंग स्वामी ने धन के वृथा संग्रह की निन्दा तो की ही है ऐसे दर-दर भीख माँगने वाले लोगों की पीड़ा को भी अनेक कविताओं के माध्यम से अभिव्यक्ति दी है। उनका व्याकुल अंतर्मन कह उठता है—

जब जब देखा मैंने पेट की आग से
कृशकाय असहाय जन को
दर-दर माँगते भीख, मिटा न पाते भूख
मन मेरा सकपकाया
देखकर दुःख-दर्द रोग-संतप्त जन का
मन मेरा तड़प उठा पीड़ा से
और भी हैं ऐसे जन लाचार औ' निराश्रय
मर रहे अभाव से तिल-तिलकर
मर माँग नहीं पाते आत्म-गौरव-वश
निरख इन्हें मेरा मन होता परितप्त, कसमसाता टीस से! *(तिरु अरुट्पा-3471)*

सम्भवतः इसी प्रकार के पीड़ित जन को देखकर तिरुवल्लुवर ने कहा था—

'पीड़ित, निर्धन व्यक्ति को माँगने से भी पहले देना सद्वंशीय मनुष्य का लक्षण है' ***(कुरल-223)।***

'भविष्य के लिए संग्रह करने का श्रेष्ठ मार्ग है—दरिद्र की क्षुधा का निवारण' ***(कुरल-226)।***

भूख से व्याकुल व्यक्ति की भूख मिटाकर जो आनन्द प्राप्त होता है वह 'मूल-आनन्द' है। रामलिंग स्वामी के विचारानुसार 'जब आप भूखे, असहाय व्यक्तियों को भोजन देते हैं तो उनका अन्तर्मन विचित्र रूप से परिवर्तित होता है, उनका बाह्य रूप प्रकाश से चमक उठता है। इसे लक्षित कर भोजन देनेवाला भी आनन्दित होता है। भूख से पीड़ित व्यक्ति की सम्पूर्ण शारीरिक और मानसिक शक्तियाँ विनष्ट होने लगती हैं, ऐसी स्थिति में उसकी पीड़ा नरक-पीड़ा से कम नहीं होती। भोजन

Koviloor Digital Library

द्वारा, अन्न द्वारा उस बुभुक्षा को शान्त करनेवाला मनुष्य किसी देवता से कम नहीं है। वास्तव में वह मनुष्य रूप में 'प्रभु' है। वल्ललार के अनुसार जीव-कारुण्य की व्याख्या है—मानव शरीरों के अंदर जल रही भूख की अग्नि को भोजन द्वारा शान्त करना। भूख एक शक्तिशाली विषपूर्ण वायु है जो ज्ञान के प्रकाश को बुझा देती है। मधु में लिप्त असहाय मधुमक्खी के सदृश भूखा निर्धन विचार करता है—'सूर्योदय हो रहा है; भूख की पीड़ा फिर सताएगी, मैं क्या करूँ?' उस संमय उसे स्नेहपूर्वक भोजन, अन्न आदि प्रदान करना मानो मानव-शरीर में स्थित दैवी तत्त्व की आराधना है। वल्ललार के अनुसार पवित्र तीर्थस्थलों की यात्रा, पवित्र जल में स्नान, ईश्वर के विविध रूपों के मंदिरों आदि में दर्शन, प्रार्थना, पूजा, मंत्र-जप सब 'जीव-कारुण्य' के बिना वृथा है। इसी भाँति साधना एवं आत्म-नियंत्रण द्वारा मन को एकाग्र कर लेना, अनन्त सिद्धियाँ प्राप्त कर लेना आदि 'उपलब्धियाँ' जीव-कारुण्य के बिना व्यर्थ हैं। वल्ललार के इस चिंतन के मूल में सामाजिक दायित्व और लोकमंगल की भावना है। वल्ललार ने प्रकृति, जीवन और मनुष्य को असामान्य गम्भीर-गहन दृष्टि से देखा था और अपने इस अनुभव को शब्दों का परिधान प्रदान किया था। उनकी 'अंतर्दर्शन' और 'जीवन से परे' देख पाने की क्षमता जीवन को नकारती नहीं है अपितु उसके सम्यंक् संरक्षण को महत्त्व देती है। उनका विचार है कि अपने पूर्वजन्म के कर्मों अथवा वर्तमान परिस्थितयों के कारण यदि कोई भूखा है, उसे भोजन का अभाव है तो उस कष्ट को दूर करना प्रत्येक प्राणी का कर्त्तव्य है। जो इस भाँति दूसरों की 'पेट की अग्नि' शान्त करने का सद्कर्म करते हैं प्रभु उन्हें ऋद्धि, सिद्धि एवं मुक्ति प्रदान कर सकता है। 'जीव-कारुण्य' ही वह चाबी है जिससे ईश्वरीय राज्य का द्वार खुल सकता है। इस धरती के नश्वर प्राणी इस अनश्वर कर्म द्वारा अपने लिए सुख और आत्मतृप्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। ज्ञान, योग, तप, साधना, मंत्रोच्चार, समाधि आदि के द्वारा परमतत्त्व की कृपा तब तक प्राप्त नहीं होगी जब तक 'जीव-कारुण्य' का मार्ग ग्रहण नहीं किया जाएगा।

सबकी पीड़ा-मेरी ही पीड़ा

जीव-कारुण्य का मार्ग प्राणि-मात्र के प्रति अनन्त करुणा की ओर अग्रसर होता है। साधक अन्य प्राणियों के कष्टों को देखकर अथवा सुनकर शारीरिक कष्ट और मानसिक तनाव का अनुभव करता है। अतः वह पूरी आत्मिक एकाग्रता से 'नाथ' से जन-जन को इस कष्ट और पीड़ा से मुक्त करने की प्रार्थना करता है—

मेरी एक इच्छा है हे तात
मेरे हृदय में हो यह भावना
सभी जीव मेरे ही जीवन के अंग हैं
सभी को देखना चाहता हूँ प्रसन्न! (तिरु अरुट्पा-3403)

Koviloor Digital Library

इस कामना की प्राप्ति के लिए कि सब के दुःख दूर हो जाएँ, साधक भय, आधि-व्याधि से मुक्त होकर प्राप्त आनन्द के साथ स्वयं का उद्धार प्राप्त कर प्रभु के चरण-कमलों का कीर्तिगान और मग्न होकर नृत्य करने में प्रवृत्त होना चाहते हैं।

तमिलनाडु की भक्ति-परम्परा में जिन घटनाओं को अत्यन्त आदर के साथ स्मरण किया जाता है उनमें तिरुनावुक्करसु और तिरुज्ञानसम्बन्धर द्वारा अकाल-पीड़ितों की सेवा है। तिरुविऴिमऴलै नामक स्थल पर अनावृष्टि के कारण भयंकर अकाल पड़ा। इन दोनों भक्त-कवियों ने पीड़ित लोगों की यंत्रणा दूर करने के लिए शिव की स्तुति की। उनकी स्तुति से प्रसन्न होकर भगवान् शिव ने प्रतिदिन स्तुति के उपरान्त अकाल पीड़ितों के लिए स्वर्ण-मुद्राएँ देना प्रारम्भ कर दिया। अपने सामाजिक दायित्वों को भली-भाँति समझने वाले ये कवि मानव-मात्र की पीड़ा में स्वयं पीड़ित होते थे, जनता की पीड़ा को दूर करना उनके जीवन-चिंतन का अनिवार्य अंग था। वर्षा होने और उससे धरती के उपजाऊ होने तक भोजन और जल की व्यवस्था द्वारा सहस्रों लोगों की शरीर-रक्षा का अद्‌भुत प्रसंग चलता रहा। अकाल-समाप्ति के बाद ही ये दोनों भक्त वहाँ से आगे बढ़े। जीव-कारुण्य के चिन्तन को नवीन युग-बोध के साथ प्रतिपादित और प्रतिष्ठित करनेवाले रामलिंग स्वामी ने जब-जब कहीं भूख से व्याकुल लोगों की चर्चा सुनी तो कवि का कोमल अंतर्मन तड़प उठा और शब्दबद्ध रूप में पुकार उठा—

हे अगम्य
चित् अम्बर में विलसे हे देव
सुनो मेरा निवेदन
जब-जब सुनने में आता है कि
जग में अमुक-अमुक स्थल पर
मर रहे हैं लोग भूख से
बुभुक्षा से थकित-पीड़ित
व्याकुल हो रहे हैं वे
तब सहन नहीं होता मुझ से
हृदय मेरा करता है धुक्-धुक्
तुम्हारे जग में हे पिता!
यदि सताए भूख तो
मेरे दिल का डरना-काँपना
सहज ही तो है! (तिरु अरुट्पा-3431)

भूख से किसी व्यक्ति को कष्ट न हो इस लक्ष्य को समक्ष रखकर रामलिंग अडिगळ् ने **'समरस शुद्ध सन्मार्ग सत्य धर्मशाला'** की स्थापना की। किसी भी महान् लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जो निष्ठा और विश्वास अपेक्षित होता है वह उनके पास

Koviloor Digital Library

प्रचुर मात्रा में था। 23 मई, 1867 को वडलूर में स्थापित यह भोजनशाला और उसके लिए प्रज्वलित 'अग्नि' आज तक निरंतर कार्यरत है। यहाँ निर्धन, असहाय लोगों को तो भोजन मिलता ही है, उसके साथ ही कोई भी अतिथि वडलूर में आकर यहाँ भोजन ग्रहण कर सकता है। बिना किसी अचल सम्पत्ति अथवा विशाल धन-संग्रह के 128 वर्षों से अधिक समय तक निरंतर एक स्थान पर दो-तीन सौ व्यक्तियों के लिए सम्यक् भोजन की व्यवस्था स्वयं में एक चमत्कार है। 'अरुट्पॆरुञ्जोति' के प्रति आस्था तथा तमिल-प्रदेश और विविध देशों-प्रदेशों के लोगों की कई प्रकार की सहायता से ही इस प्रकार के सद्कार्य सम्भव होते हैं। 1969 ई. से वल्ललार के अनन्य भक्त डॉ एन. महालिंगम् के अनथक प्रयत्नों द्वारा इस अन्न-दान का महत्कार्य सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। लगभग तेरह दशकों से निर्बाध गति से जलने वाली वडलूर स्थित 'समरस-शुद्ध-सन्मार्ग-सत्य-धर्मशाला' में भोजन बनाने वाली भट्टी की अग्नि ने लाखों लोगों के शरीर की भूख की अग्नि को शान्त किया होगा। अपने वचनों, गीतों, लेखों आदि द्वारा जिस 'जीव-कारुण्य' को उन्होंने प्रचारित किया, उसे क्रियारूप में परिणत भी किया। जो योजना लघुरूप में प्रारम्भ हुई वह आज भी अपने अस्तित्व और कार्य द्वारा रामलिंग स्वामी की लोकमंगल की भावना का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

जीवकारुण्य–हिंसा की अस्वीकृति

तमिल चिंतन-धारा के आधार-स्तम्भ कवि तिरुवल्लुवर 'कोल्लामै' शीर्षक से तिरुक्कुरल में अहिंसा को मूलधर्म मानते हैं और मानव तथा समस्त प्राणियों के प्रति दयाभाव का संदेश देते हैं। 'अन्य मनुष्यों के साथ बांट कर भोजन करना और दूसरे जीवों की रक्षा करना सभी धर्म-ग्रंथों का सार है (321)। जीव-रक्षा में प्रवृत्त गृहस्थ का महत्त्व संसार-त्यागी से अधिक है (325); अहिंसा के मार्ग का अनुसरण करनेवाले मनुष्य के आनन्दमय जीवन को जीवन-भक्षी मृत्यु भी नहीं ग्रसती (326)। 'पुलाल् मरुत्तल्' के अंतर्गत वल्लुवर दया-भाव को धर्म का विशिष्ट अंग मानकर घोषित करते हैं—किसी जीव के प्राणों का नाश कर उसके माँस का भोजन करने वाला मनुष्य दयारहित हो जाता है (251)।

हिंसा का एक जघन्य रूप देवी-देवताओं के समक्ष पशुबलि है। रामलिंग स्वामी ने इस हिंसा का प्रत्यक्ष अनुभव किया था। उनकी एक कविता इस प्रकार के हृदय-विदारक दृश्यों का उल्लेख करते हुए इस रूढ़ि को समाप्त करने की पुकार है—

हे दुर्दैव! कितने ही क्षुद्र देवता
स्थापित हैं देश में नाना रूपों में
जिनके सामने चढ़ती है बलि असंख्य जीवों की

Koviloor Digital Library

हृदय-विदारक है वह दृश्य जब ले जाते लोग
क्रंदन करते बकरे को, सुअर को, तड़फड़ाते मुर्गे को
काटने के लिए बलिवेदी पर देवता की प्रीति में! (तिरु अरुट्पा—3472)

इस दारुण दृश्य को देखकर दिल दहल उठता है, मन अशान्त हो जाता है और नस-नस में पीड़ा व्याप जाती है। उनकी यह कविता पढ़ते ही कबीर की अनेक साखियां मानस-पटल पर उभर आती हैं—

जीअ जु मारहिं जोर करि कहते हैं जु हलाल।
जब दफ्तरि लेखा मांगिहै तब होइगा कौंन हवाल॥ (क. ग्र. पृ. 211)
कुकड़ी मारै बकरी मारै हक्क हक्क करि बोलै
सबै जीव सांई के प्यारे उबरहुगे किस बोलै। (क. ग्र. पृ. 107)

तिरुवल्लुवर कहते हैं कि मनुष्य यदि एक बार भी अन्य जीव को प्राप्त घाव और यन्त्रणा का ज्ञान प्राप्त कर ले तो कभी भी माँस खाने की कामना न करे (कुरल-257)। जीव-कारुण्य, जीवों के प्रति दयाभाव अनिवार्यतः धर्म के अंगों में समाविष्ट हो गया है। चाहे 'हलाल' कहो, चाहे 'हक्क' कहो, चाहे देवता के समक्ष 'बलि' चढ़ाओ यह जीवहत्या है और पीड़ा प्रदान करने वाला नृशंस कार्य है। अहिंसा में आस्था रखने वाले विविध धर्म, सम्प्रदाय जीव-हत्या के सभी रूपों का विरोध करते हैं। इस संदर्भ में रामलिंग स्वामी का चिंतन परम्परा-विनिर्मुक्त न होते हुए भी जीव-कारुण्य में उनकी आस्था का एक उज्ज्वल पक्ष है।

पशु-हत्या प्रकृति-विनाश का ही एक रूप है। आज पूरे विश्व में प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण का जो नवीन आन्दोलन विकास प्राप्त कर रहा है उसके मूल में यह ज्ञान है कि प्रकृति के पेड़-पौधे, वन-प्रदेश, जल के स्रोत, पशु-पक्षी सभी का सृष्टि के समग्र रूप को संतुलित बनाए रखने में अपना-अपना योगदान है। जीव-हत्या क्योंकि मानव-हृदय को तुरन्त आक्रांत करती है इसलिए इसे प्रमुखता मिलती है। वृक्ष या वन-प्रदेश के विनाश के दुष्परिणाम समक्ष आते-आते समय का एक लम्बा सफ़र बीत जाता है। नदी, नद, झरने, ताल-तलैया आदि का प्रदूषण भी तात्कालिक प्रभाव पैदा नहीं करता, अतः प्रकृति के जड़ रूप—वृक्ष, वन, जल-स्रोत आदि—की हत्या के प्रति सामाजिक जागृति हेतु सार्थक प्रयासों की आवश्यकता है। रामलिंग स्वामी ने अपने युग के जीव-हत्या के प्रसंगों को जीव-कारुण्य के सिद्धान्त के साथ जोड़ा है:—

जब जब वध करने को होते उद्यत
निर्दय भाव से करवाल लेकर क्रूर-जन
मैं भयकातर होता था
जब-जब देखता अपने नेत्रों से
जीवों को मरणासन्न स्थिति में तड़फड़ाते

Koviloor Digital Library

मेरा मन तड़फड़ाया; जब भी पड़ी दृष्टि
जाल, फाँस और अन्य घातक हथियारों पर
जीवों पर ढायी जाने वाली यंत्रणा का स्मरण कर
मेरा मन हुआ कितना त्रस्त, किस भाँति आतंकित
इस बात को हे तात!
तुम जानते हो भली-भाँति! (तिरु अरुट्पा-3473)

दया, करुणा, सहानुभूति सहज मानवीय गुण हैं। रामलिंग स्वामी के समग्र चिंतन-विकास-क्रम में इन मानवीय संवेदनाओं का प्रभाव दृष्टिगत होता है—

मेरा मन और ज्ञान
अन्तरात्मा और आत्मबोध
जीव-कारुण्य में
जीव-मात्र के प्रति दया भाव में
निरत है, निमग्न है पूर्णरूपेण।
क्या करूँ विवश हूँ
दया, करुणा, सहानुभूति
ये सब मेरे मन-प्राण-जीवन हैं। (तिरु अरुट्पा-3507)

கோவிலூர் ஆண்டவர் A. No.......... நூலகம், கோவிலூர்

यदि स्थायी रूप से हृदय में व्याप्त यह करुणा-भाव विस्मृत हो जाए तो रामलिंग स्वामी जीवन के आधार को ही समाप्त मान लेते हैं।

जाति, धर्म, सम्प्रदाय भेद का भ्रमजाल

भक्ति-मार्ग में अंध श्रद्धा के कारण इष्टदेव की इच्छा पर अत्यधिक निर्भर होकर व्यवहार में स्वावलम्बी न रहकर अपनी दुर्बलताओं और कर्महीनता का दोष इष्टदेव पर लगाकर कुछ भक्त संतुष्ट हो जाते हैं। इष्टदेव के नाम-भेद के कारण भी यदाकदा पारस्परिक विद्वेष का विकास होता है। रामलिंग स्वामी के भक्ति-चिंतन में इस प्रकार की सम्भावनाओं का परिहार किया गया है। प्रेम और करुणा की अनन्त शक्ति से युक्त अरुट्पेरुञ्जोति—अनन्त कृपाज्योति के रूप में शिव तत्त्व की आराधना में बाह्य-आडम्बर को तनिक भी स्थान नहीं है। उन्होंने शरीर को परमतत्त्व का निवास-स्थान बनाकर आशा, विश्वास और निष्ठा की भावना को विकास प्रदान किया। जीव-कारुण्य और प्रकृति संरक्षण के द्वारा लोक-संग्रह को महत्त्व मिला एवं जीव तथा प्रकृति के विनाश को अवरुद्ध करने के लिए नवीन सकारात्मक दृष्टि का विकास हुआ।

जिस मंच पर, जिस सभा में 'नाथ' नृत्य करते हैं, वह अपरिमेय है—वाणी से, मन से, बुद्धि से, किसी भी दृष्टि से। फिर भी वे अत्यन्त 'सरल, सहज हैं मिलन में'; जब उस प्राणनाथ से मिलन होता है तो बाह्य मिलन शरीर को अनश्वर कर देता

Koviloor Digital Library

है और अंतर्-मिलन तो वर्णनातीत है, जिसका बखान करने में वाणी असमर्थ हो जाती है। उस परम-ज्योति के समक्ष 'महत्तम ज्ञान भी प्रणत है'; वह कोटि भास्कर सम सुन्न मण्डल के ऊपर प्रकाशित होता है; पर-मण्डल और शिव-मण्डल में देदीप्यमान होता है। कवि वल्ललार का ज्योति चिंतन 'अगवल्' में अद्भुत दृश्यों को साक्षात् रूप प्रदान करता है। 'अनुग्रह परमज्योति' को धर्म-मार्गों से कहीं ऊपर, सुन्न-मण्डल में अनुभव करता हुआ कवि उसके समक्ष सूर्य, चन्द्र और अग्नि के प्रकाश को भी मंद होते देखता है :—

तुरीय अवस्था से भी उन्नत
सुख और परिपूर्ण आनन्द
प्रदान करने में है सक्षम
यह चित्तभा-ज्योतिदेव की। (तिरु अरुट्पा-4615)

मानव-मात्र के लिए एक 'सत्य-मार्ग' की प्रतिष्ठा करने वाले कवि को उसके ज्योतिदेव ने समस्त भेद-भाव के मिथ्या रूप को उजागर कर दिया था—

"आदि में ही—बहुत पूर्व ही जताया था तुमने
यह जाति-धर्म-सम्प्रदाय आदि
सब झूठ है, फ़रेब है, भ्रमजाल है
इनसे न भ्रमित हो, न चकित हो, न भयभीत हो!" (तिरु अरुट्पा-4615)

केवल तेजोदीप्त, जाज्वल्यमान सत्य-ज्ञान के मार्ग को महत्त्व प्रदान करनेवाला साधक-चिन्तक कवि स्पष्ट करता है कि आत्मतत्त्व अनन्त, अनादि, सत्यतत्त्व है। इस जड़चेतन जगत् में और समस्त दृश्यमान अथवा अज्ञात ब्रह्माण्ड में उस परमसत्य का ही शासन है जिसे अनन्तकृपा शक्ति—अरुट्पेरुञ्जोति कहा गया है। उसी का प्रदत्त ज्ञान वल्ललार के लिए मार्ग स्पष्ट करता है—

मेरा सारा कुल, जाति और वर्ग
समाया है छियानवे अंगुल में
मेरे ही भीतर! (तिरु अरुट्पा-4615)

गुरु नानक कहते हैं—'जाणहु जोति न पूछहु जाती आगै जाति न हे' (*आसा, सबद-3*) अर्थात् जीवमात्र में परमात्मा की ज्योति समझो; जाति के सम्बन्ध में प्रश्न न करो, क्योंकि पहले किसी प्रकार की जाति नहीं थी। मानव-मानव के सम्बन्धों के बीच जाति, वर्ण, कुल आदि का अहंकार एक विशाल खाई खोद देता है। मानव-मात्र का स्रष्टा, नियामक, अपार करुणा का सागर है; उसके लिए जातिगत, धर्मगत, वर्णगत भेद का कोई महत्त्व नहीं।

ज्योति-नटराज ने कवि के अंतर्मन में व्याप्त होकर यह स्पष्ट कर दिया था कि—

Koviloor Digital Library

जाति, धर्म रूपी अनेक मार्ग
जो बने हैं और
शास्त्र के कूड़े जो बने हैं
सत्य नहीं हैं . . . . . (तिरु अरुट्पा-5805)

उस 'प्राणों में बसे प्राणेश' को, 'शुद्ध शिव परिपूर्ण' को प्राप्त करने का मार्ग 'प्रेम' का मार्ग है, उसी से समरस सन्मार्ग की प्राप्ति होगी; उसी से चित्सभा में सत्यतत्त्व का दर्शन होगा और उसे प्रेम द्वारा 'अंतर् में पाकर' आनन्द की प्राप्ति होगी। रामलिंग स्वामी ने जनता पर होने वाले अत्याचार, शासन में व्याप्त दुराचार और स्वार्थ की भावना से युक्त धनी लोगों के जीवन को भी देखा, जाना और समझा अतः परहित में संलग्न जीव-करुणा की भावना, ईश-अनुभव से सम्पन्न लोगों द्वारा स्नेह, सद्भाव और करुणा की भावना से समाज-संचालन की कामना की—

विनष्ट हो जाए
करुणा विरहित जन का दुःशासन
स्थापित हो जग में
जीव-कारुण्य सम्पन्न
सन्मार्गियों का शासन
ईश-अनुभव से सम्पन्न जन
पाएँ सकल मनोरथ
परहित चाहने वालों की
जय हो, विजय हो। (तिरु अरुट्पा-5618)

इस संदर्भ में 'सब ऐक्य भाव से रहें मिल-जुलकर' जैसे कथनों द्वारा वल्ललार सामाजिक वैषम्य के स्थान पर पारस्परिक सहज-स्नेह और सद्भावपूर्ण सम्बन्धों को विशेष रूप से काम्य मानते हैं।

प्रकृति-संरक्षण की भावना

मानव की आदिम सहचरी प्रकृति के विशाल क्रोड़ में जन्म लेकर उसके साहचर्य में ही उसकी चेतना का क्रमशः विकास हुआ। उसने प्रकृति के उपादानों के अद्भुत, रौद्र, शिव एवं सुन्दर रूपों का अवलोकन कर नवीन भावनाओं को ग्रहण किया और 'आश्चर्य, भय, तथा मंगलमय विश्वास के योग से उसमें पृथक्-पृथक् व्यक्तित्व की कल्पना करते हुए देवत्व की स्थापना कर ली'। इस भाँति मानव-मस्तिष्क की विकसित चेतना द्वारा प्रकृति के प्रति पूजा-भाव का आविर्भाव हुआ। यहाँ प्रकृति से अभिप्राय उस मनुष्येतर जगत् से है जिसमें नदी, पर्वत, वन, कछार, सूर्य-चन्द्र की ज्योति, प्रातः और साँध्य काल में आकाश की विविध छटाएँ, वन-प्रदेश में कुलांचे भरते पशु, चहचहाते पक्षीवृन्द आदि सम्मिलित हैं। यह प्रकृति

Koviloor Digital Library

मानव-व्यापारों की पृष्ठभूमि के रूप में काव्य का अनिवार्य अंग बन जाती है। प्रकृति अपनी स्वाभाविक शक्ति से हमारे भावों में नवीन भावनाओं का संचार करती है। प्रकृति की गोद में मानव कभी अपार शान्ति का अनुभव करता है तो कभी भय से कम्पित हो जाता है।

'काव्य का मूल उद्देश्य शेष सृष्टि के साथ मानव-हृदय का रागात्मक सम्बन्ध' स्थापित करना माना जाए तो मानवेतर जगत् के पशु, पक्षी, सरिता, निर्झर, वृक्ष, लता सभी इसमें आ जाते हैं। जिस प्रकृति ने युगों से विश्व की समग्र भाषाओं, बोलियों के साहित्य को प्रेरणा दी है, विशद सामग्री दी है, उस प्रकृति में व्याप्त 'सत्य' से कवि, साहित्यकार 'परमसत्य' के एक रूप की प्रेरणा ग्रहण करते रहे हैं। प्रकृति में परमतत्त्व के दर्शन द्वारा वह 'विश्वात्मा' के दर्शन का माध्यम बन जाती है। वैदिक काल से भारतीय चिंतकों ने प्रकृति में उसके दर्शन कर सृजन, संचालन और विनाश के कारणरूप सर्वदा चेतन परमतत्त्व का साक्षात्कार किया है। श्रीमद्भगवद्गीता में समस्त प्राणियों की उत्पत्ति का कारण, स्थावर या जंगम का आधार श्रीकृष्ण को ही दर्शाया गया है (*10/39*)। छान्दोग्य उपनिषद् में परमतत्त्व और प्रकृति के संदर्भ में कहा है—'समस्त संसार उसी के प्रकाश से प्रकाशित है। उसी की ज्योति समस्त भूमण्डल में व्याप्त है।'

जनसंख्या के विस्फोटक विस्तार, वैज्ञानिक आविष्कारों के फलस्वरूप हुई औद्योगिक क्राँति और मानव के अत्याचारपूर्ण प्रकृति-दुरुपयोग का परिणाम है आज का पर्यावरण का प्रदूषण। यह प्रदूषित प्रकृति समग्र प्राणियों के लिए एक नवीन खतरा है। इसके लिए पूरे विश्व में नवीन जागरूकता के प्रयास हो रहे हैं पर आज भी प्रकृति का विनाश निर्बाध गति से जारी है। दूरगामी प्रभाव अपनी पूरी भयंकरता से आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक सिद्ध होंगे यह सर्वज्ञात है। प्रकृति के प्रति अपने गहन प्रेम और जीव-मात्र में उस ज्योति के प्रकाश का दर्शन करने वाले रामलिंग स्वामी ने प्रकृति संरक्षण पर अपने काव्य में विशेष आग्रह किया है—

> ***जब जब दृष्टि पड़ी***
> ***मुरझाई फ़सलों पर, कुम्हलाए पौधों पर***
> ***मुख हुआ मेरा म्लान, मन मेरा मुरझाया।*** *(तिरु अरुट्पा-3471)*

सामाजिक चेतना

सत्य तो यह है कि रामलिंग स्वामी ने अभ्युदय और निःश्रेयस् के समुचित समन्वय से जन-जीवन को एक स्वस्थ दिशा प्रदान की। व्यक्तिगत स्तर पर जीव-करुणा की भावना द्वारा सामूहिक स्वस्थ, विकासमान समाज की अवधारणा एक व्यावहारिक दृष्टिकोण है। जिस समाज में एक वर्ग धन पर चक्रवृद्धि ब्याज का संग्रह करता है

Koviloor Digital Library

(*तिरु अरुट्पा-5561*) दूसरा भूख से बिलबिलाता है; जहाँ धार्मिक वितंडावाद और जीव-हिंसा का प्रसार है, जहाँ अत्याचारी शासक है वहाँ केवल आध्यात्मिक चेतना का संदेश ऊसर भूमि में बीज बोने के समान है। नित्य आनन्द, शाश्वत-सुख, ज्ञान और प्रेम, अनश्वर देह का संदेश देने के लिए शरीर की भूख मिटाना आवश्यक जानकर ही समरस शुद्ध सन्मार्ग सत्य धर्मशाला की स्थापना की गई। जब मनुष्य की पेट की आग शान्त होगी तब ही उसे शुद्ध सत्य-मार्ग का संदेश ग्राह्य होगा। जिस 'सुन्न महल' में, 'गगन-मंडल' में रामलिंग स्वामी ने 'अमृत का पान कर' अद्‌भुत अनुभव प्राप्त किया उस मार्ग पर जन-जन को ले जाने के लिए वे सतत प्रयत्नशील रहे। अपने समाज में व्याप्त अज्ञान, तन्द्रा, चिन्ता और शोक को दूर करने के लिए वे सबका समरस-सन्मार्ग में आवाहन करते हैं क्योंकि—

सन्मार्ग-संघ में देखोगे समस्त मार्ग
भिन्न-भिन्न नहीं, मिलकर हो जाएगा एक ही मार्ग,
वह मार्ग होगा सत्य का मार्ग, शिव का मार्ग, सुन्दर का मार्ग,
समरस सन्मार्ग
आओ मिल जाओ एक साथ आज ही। (*तिरु अरुट्पा—5528*)

ऐसा आमंत्रण देने का एक कारण था समाज में लौकिक ऐश्वर्य और सम्पदा पर गर्व करने वाले, अहंकार-युक्त, धन बटोरने वाले लोग। प्रस्तुत उदाहरण रामलिंग स्वामी की सामाजिक-चेतना का, अपने परिवेश के पारदर्शी आकलन के उदाहरण-स्वरूप लिया जा सकता है—

ऐहिक सम्पदा, धन-वैभव से जीवन का गर्व करते हो!
किन्तु लक्ष्य पर, सार तत्त्व पर
न दृष्टि है, न ध्यान
वीथी पर जब निकलते हो
रेशमी परिधान में इतराते हो
सामने आते हैं भूखे, माँगने वाले
आँख उठाकर कहाँ देखते हो?
किन्तु देखने जाते हो झाँकी और नृत्य-नाट्य
विविध वाद्य-यन्त्रों सहित . . . . . (*तिरु अरुट्पा—5556*)

कवि की मर्मभेदी दृष्टि, लोक का अनुभव उसे प्रेरित करता है कि ऐसे स्वार्थी लोगों की आत्मा को झकझोरें, उन्हें सोचने के लिए बाध्य करें अतः ऐसे 'धनी' लोगों से वे कह उठते हैं—

जीवन में है जो ज्ञेय, देखने योग्य, समझने योग्य
नहीं है आसक्ति उसकी ओर लेशमात्र भी!
कोई पूछ बैठे तुमसे कि आठ और दो (श्लेष से "आत्म-ज्ञान") कितने

Koviloor Digital Library

नहीं बता पाओगे, झाँकोगे बगलें।
ओ जगत् वासियो! नहीं हुए अभी संतुष्ट
कितना चाहिए और? कितना बटोरोगे?
पागल बने फिरते हो धन के पीछे!! (तिरु अरुट्पा—5556)

इस प्रकार की स्पष्टोक्ति और फटकार वाली शैली की कविताएँ अल्प-संख्या में होते हुए भी एक त्यागी साधक-भक्त की पीड़ा का, उसकी समाज-दृष्टि का परिचायक हैं। साथ ही आने वाले कवियों, लेखकों पर उनका प्रभाव साहित्य के इतिहास में प्रतिबिम्बित हुआ है। उदाहरण रूप उनकी कविता—*वट्टि मेल् वट्टि कॉळ्ळ् मार्गत्तिल् निन्रीर्* ..... जिस आर्थिक वैषम्य की ओर संकेत कर रही है वह बाद में सुब्रह्मण्य भारती, भारतीदासन् आदि के लिए प्रेरणा का स्रोत बना—

देखना भी नहीं चाहते
भूख से तड़पते जन को
देने को नहीं राजी
बासी भात के दो कौर मिटाने को भूख
यह भी कैसा जीना है?

सुब्रह्मण्य भारती ने इसी स्वर को आग से भर दिया और घोषणा ही कर दी—

'यदि एक व्यक्ति भी बिना भोजन के रह गया तो हम जगती को ध्वस्त कर देंगे'। शोषण और अज्ञान के चक्र में पिसते हुए जन-समुदाय की पीड़ा और उसके दर्शन से अनुभूत करुणा, वर्ग-विषमता के प्रति तीव्र असंतोष और स्वस्थ आकांक्षा से प्रेरित चिंतन को विकसित करती है। पद-दलित, उत्पीड़ित, शोषित जन के प्रति यह सहानुभूति और करुणा एक भावना-मात्र नहीं, अपितु एक प्रबल प्रेरणा स्रोत बन जाती है।

समाज में आर्थिक वैषम्य के फलस्वरूप जो अत्याचार होता है उसके मूल में जीव-कारुण्य की भावना का पूर्ण अभाव है। जब मानव की पाशविक प्रवृत्ति प्रबल हो जाती है और वह दूसरे की पीड़ा, भूख, शारीरिक और मानसिक यंत्रणा से आँख फेर लेता है तो दया, प्रेम, करुणा, आदि गुणों का ह्रास होता है। अहिंसा का अर्थ मात्र 'हिंसा न करना' नहीं है; अहिंसा में द्वेष, वैर, दुष्टता, घृणा आदि का त्याग समाविष्ट है। कन्नड़ में बसवेश्वर ने 'दयेये धर्मद मूल' कहकर 'दया' को धर्म का मूल तत्त्व माना है। संग्रहवृत्ति—'ब्याज दर ब्याज वसूलना'; 'संदूक पर संदूक भरते जाते हो धन का' तथा 'बौराये हो धन के पीछे'; 'बोलो क्या इरादा है बटोरोगे कितना और?' (तिरु अरुट्पा-5561)—को चोरी का पर्याय माना गया है।

संत कवियों विशेषतः कबीर ने तो इस संग्रह-वृत्ति को सत्य-संधान के मार्ग में बाधक तत्त्व माना था—

Koviloor Digital Library

मधुमाषी धन संग्रहै, मधुवा मधु ले जाई रे।
गयौ गयौ धन मूँढ़ जनाँ, फिरि पीछैं पछिताई रे।। (पद-127)

इस संसार से धन की पोटली को सीस पर रख कर ले जाता कोई नहीं देखा अतः अधिक धन का संचय करने के स्थान पर लोक में व्याप्त दुःख और भूख के लिए उसका उपयोग ही सदुपयोग है। जीव-कारुण्य का यही व्यावहारिक पक्ष है।

अरुट्पॅरुञ्जोति—अनन्त कृपा ज्योति के आदर्शों का प्रचार-प्रसार

डॉ. एन महालिंगम् के अनुसार 'ज्योतिरूप में ईश्वर-वंदना के स्रोत ऋग्वेद और तोलकाप्पियम् में उपलब्ध हैं। इसे विश्वजनीन धर्म के रूप में विकसित करने में पर्याप्त समय लगा है।' स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त 1951 ई. से 1969 ई. तक श्रीयुत ओ. पी. रामास्वामी रेड्डियार ने अपार निष्ठा और सेबाभावना से रामलिंग स्वामी के चलाए विविध संस्थानों के लिए आर्थिक साधनों की व्यवस्था की और उनके आदर्शों, सिद्धान्तों और मानवीय करुणा-भावना को प्रसारित करने के प्रयास किए। इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए वडलूर में शुद्ध-सन्मार्ग निलयम् की स्थापना की गई। 1969 ई. में उन्होंने यह दायित्व डॉ. एन. महालिंगम् को सौंप दिया। उनका दृढ़ विश्वास था कि उनके संचालित संस्थान के कार्यों को सुचारु रूप से चला पाने में वे विशिष्ट योग्यतासम्पन्न हैं।

1986 ई. में अमेरिका के वर्जीनिया राज्य में एक 'कमल-मंदिर'—लोटस-टैम्पल—की स्थापना की गई। इसके लिए 'शुद्ध-सन्मार्ग निलयम्' के अध्यक्ष के रूप में डॉ. एन. महालिंगम् ने प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय योगदान किया। रामलिंग स्वामी द्वारा प्रारम्भ किए गए ज्योति-पूजन के सिद्धान्त का प्रचार अब भारत एवं विश्व के अनेक भागों में हो रहा है। जीव-कारुण्य एवं 'अरुट्पॅरुञ्जोति' का महामंत्र प्रसारित करने तथा जन-जन तक उस संदेश को पहुँचाने के लिए डॉ. एन. महालिंगम् विविध योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए जो अनथक प्रयास कर रहे हैं वह स्तुत्य है। तमिलनाडु में 'वल्ललार एवं महात्मा गाँधी' विषय पर अनेक वर्षों से एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाता है। इसमें प्रबुद्ध चिंतक, लेखक, साहित्यप्रेमी तथा रामलिंगर के प्रतिपादित आदर्शों में आस्था रखने वाले सहृदय जन भारी संख्या में भाग लेते हैं। अनेक शोधपत्रों तथा विचार-गोष्ठियों द्वारा विचार-विनिमय के अतिरिक्त नृत्य और संगीत का समावेश इस आयोजन को भव्य रूप प्रदान करता है।

डॉ. एन. महालिंगम् ने 1969 ई. से निरंतर तन-मन-धन से इस महद् उद्देश्य की पूर्ति के लिए कार्य किया है। उनकी 'जीव-कारुण्य' के मंत्र के प्रति निष्ठा के फलस्वरूप मेट्टुकुप्पम् में मरिअम्माल कल्याण मण्डपम् का निर्माण हुआ; सत्य धर्मशाला का पुनर्निर्माण किया गया और शिक्षा-संस्थाओं तथा ध्यान-मण्डपम् की

Koviloor Digital Library

स्थापना हुई। अन्नदान के जिस महायज्ञ को वल्ललार ने 23 मई 1867 में 'समरस शुद्ध सन्मार्ग सत्य धर्मशाला' में प्रारम्भ किया था वह आज भी चल रहा है। विविध देशों, प्रदेशों, जातियों, धर्मों के लोग वहाँ आते हैं और पवित्र भोजन ग्रहण करते हैं। कोई निर्धन, असहाय व्यक्ति इस स्थल से भूखा नहीं जाता। इसकी समुचित व्यवस्था के लिए अरुट्चेल्वर डॉ. एन. महालिंगम् ने अपार धनराशि की व्यवस्था कर खेतों और फलों के बागों के संरक्षण और विकास का महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने 'सत्य ज्ञान सभा', 'सिद्धि विलग तिरुमलिगै' आदि के पुनर्निर्माण में स्वअर्जित अपार धनराशि लगाकर अनन्त कृपा-ज्योति का आशीर्वाद प्राप्त किया है। निर्धन विद्यार्थियों की शिक्षा, निवास आदि का प्रबन्ध भी सराहनीय है। लेखक को जुलाई 1994 में इस पुण्य-स्थली पर जाकर रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और उसी यात्रा में विविध स्रोतों से डॉ. एन. महालिंगम् के वडलूर, मेट्टुकुप्पम्, करुंगुळि आदि स्थलों पर किये गए ज्योति-प्रचार और रामलिंग स्वामी के आदर्शों के प्रसार के लिए किए गए असाधारण योगदान की जानकारी मिली।

रामलिंग स्वामी ने अनन्त कृपाज्योति के दर्शन किए थे और मानव-कल्याण की भावना से उसे जन-जन तक पहुँचाने का सतत प्रयास किया। 'धर्म' शब्द को नवीन अर्थ प्रदान करने वाले इस महान् सिद्ध, त्यागी संत ने अनन्त प्रकाशस्वरूप ज्योति और उसकी अनन्त कृपा को सर्वाधिक महत्त्व दिया। रामलिंग स्वामी सत्य के जिज्ञासु, सत्य के शोधक, सत्य के साधक और सत्यमार्ग पर चलकर सत्य में विलीन होने वाले संत थे। जीव-कारुण्य, प्रकृति संरक्षण और अनन्त कृपाज्योति के रूप में 'सत्य' का उनका संदेश विश्वव्यापी रूप धारण कर रहा है। उनके सूक्ष्म दार्शनिक विवेचन को साधारण जन के लिए समझ पाना सम्भव नहीं पर उसका व्यावहारिक रूप लोकमंगल का सहज-स्रोत है। 'अरुट् पेरुज्जोति' का उनका महामंत्र धर्म, जाति, वर्ण, वर्ग, लिंग आदि समस्त भेदों से परे है और युगों तक विश्व का मार्ग-दर्शन करने में सक्षम है। उनके संदेश को व्यावहारिक रूप में अथवा साधना द्वारा ग्रहण करने पर अंतस् विशुद्ध ज्ञान के आलोक से दीप्त होकर लय एवं नाद से समन्वित हो सकता है। उनके काव्य एवं चिंतन के अध्ययन से अंतरात्मा आर्द्र हो जाती है, अन्तःकरण में पवित्रता तथा आनन्द की धाराएँ प्रवाहित होने लगती हैं और अनन्त कृपाज्योति के साथ 'भक्त' अत्यन्त नैकट्य का अनुभव करता है। जीव-मात्र के प्रति दया-भाव से प्रभु-अनुग्रह की प्राप्ति; भोजन के लिए अथवा किसी भी रूप में पशु-हत्या की वर्जना, पेड़-पौधों आदि के प्रति अत्यन्त स्नेह की भावना, मनुष्य की भूख शान्त करने को सामाजिक दायित्व मानना आदि विचार सम्पूर्ण विश्व के लिए स्वीकार्य आदर्श हैं। आधुनिक युग की पर्यावरण और दरिद्रता की समस्या को प्रेम और सद्भाव से सुलझाने का यही मार्ग वरेण्य है।

□□□

Koviloor Digital Library

உ

சிவமயம்

திருச்சிற்றம்பலம்

அருட்பெருஞ்ஜோதி அருட்பெருஞ்ஜோதி
தனிப்பெருங்கருணை அருட்பெருஞ்ஜோதி

अरुट्पॆरुञ्जोति अरुट्पॆरुञ्जोति
तनिप्पॆरुङ्करुणै अरुट्पॆरुञ्जोति

अनन्त कृपाज्योति अनन्त कृपाज्योति
अनन्त करुणाज्योति अनन्त कृपाज्योति

திரு அருட்பா

तिरु अरुट्पा
(श्री कृपाग्रंथ)

रामलिंग स्वामी—'वल्ललार'

की

250 तमिल कविताएँ

मूल तमिऴ्

देवनागरी लिप्यन्तरण

और

भावानुवाद

Koviloor Digital Library

8 ஒருமையுடன் நினதுதிரு மலரடி நினைக்கின்ற
உத்தமர்தம் உறவுவேண்டும்
உள்ஒன்று வைத்துப் புறம்பொன்று பேசுவார்
உறவுகல வாமைவேண்டும்
பெருமைபெறு நினதுபுகழ் பேசவேண் டும்பொய்மை
பேசா திருக்கவேண்டும்
பெருநெறி பிடித்தொழுக வேண்டும்மத மானபேய்
பிடியா திருக்கவேண்டும்
மருவுபெண் ஆசையை மறக்கவே வேண்டும்உனை
மறவா திருக்கவேண்டும்
மதிவேண்டும் நின்கருணை நிதிவேண்டும் நோயற்ற
வாழ்வில்நான் வாழவேண்டும்
தருமமிகு சென்னையில் கந்தகோட் டத்துள்வளர்
தலம்ஓங்கு கந்தவேளே
தண்முகத் துய்யமணி உண்முகச் சைவமணி
சண்முகத் தெய்வமணியே.

राग बागेश्री ताल ऐच्छिक

1. ओरुमैयुडन् निनदु तिरुमलर् अडि निनैक्किन्ऱ
उत्तमर् तम् उऱवु वेण्डुम्
उळ् ओन्ऱु वैत्तुपुरम् ओन्ऱु पेसुवार्
उऱवु कलवामै वेण्डुम्
पेरुमै पेऱु निनदु पुगऴ् पेसु वेण्डुम् पोय्मै
पेसादु इरुक्क वेण्डुम्
पेरुनेऱि पिडित्तु ओऴुग वेण्डुम् मदमान पेय्
पिडियादु इरुक्क वेण्डुम्
मरुवु पेण् आसैयै मऱक्कवेवेण्डुम् उनै
मऱवादु इरुक्क वेण्डुम्
मदि वेण्डुम् निन् करुणै निधि वेण्डुम् नोयट्र
वाऴ् विल् नान् वाऴवेण्डुम्
धरुम मिगु चेन्नैयिल् कन्द कोट्टत्तुळ् वळर्
तलम् ओङ्गु कन्दवेळे
तण्मुकत् तुय्यमणि उण्मुकच् चैवमणि
षण्मुकत् तेय्वमणिये!

(तिरु अरुट्पा – 8)

Koviloor Digital Library

एकाग्र चित्त हो करते हैं तेरे चरण-कमलों का स्मरण जो,
ऐसे उत्तम मनुष्यों के स्नेह की कामना है;
मन में कुछ और बाहर कुछ और
ऐसे लोगों का सम्बन्ध नहीं चाहिए;
करते रहें तेरी महान् कीर्ति का गान,
बिना असत्य कहे रहें हम;
ऐसे रहें कि मदरूपी पिशाच पकड़ न पाए
तुझे भूले बिना रहने की कामना है;
स्त्री लोलुपता को विस्मृत करना चाहिए;
चाहिए ऐसी बुद्धि कि तेरा विस्मरण न हो,
तुम्हारी करुणा-निधि की है इच्छा,
चाहिए मुझे निरोग जीवन!
धर्मोन्नत चेन्नै (मद्रास) के स्कन्द-कोष्ठ के श्रेष्ठ स्थल में
प्रकाशमान हे स्कन्द प्रभो!
शीतल मुखवाले मणि!
ऊर्ध्वमुख शैव-मणि! षण्मुख दैव-मणि!

(पद संख्या-1/8)



Koviloor Digital Library

31 நான்கொண்ட விரதம்நின் அடிஅலால் பிறர்தம்மை
நாடாமை ஆகும்இந்த
நல்விரத மாம்கனியை இன்மைஎனும் ஒருதுட்ட
நாய்வந்து கவ்விஅந்தோ
தான்கொண்டு போவதினி என்செய்வேன் என்செய்வேன்
தளராமை என்னும்ஒருகைத்
தடிகொண் டடிக்கவோ வலியிலேன் சிறியனேன்
தன்முகம் பார்த்தருளுவாய்
வான்கொண்ட தெள்அமுத வாரியே மிகுகருணை
மழையே மழைக்கொண்டலே
வள்ளலே என்இருகண் மணியேஎன் இன்பமே
மயில்ஏறு மாணிக்கமே
தான்கொண்ட சென்னையில் கந்தகோட் டத்துள்வளர்
தலம்ஓங்கு கந்தவேளே
தண்முகத் துய்யமணி உண்முகச் சைவமணி
சண்முகத் தெய்வமணியே.

राग भीमपलासी ताल ऐच्छिक

3. नान् कॊण्ड विरदम् निन् अडि अलाल् पिऱ्ऱ् तम्मै
नाडामै आगुम् इन्द
नल् विरदमाम् कनियै इन्मै ऍनुम् ऒरु दुट्ट
नाय् वन्दु कव्वि अन्दो
तान् कॊण्डु पोवदिनि ऍन् सॆय्वेन् ऍन् सॆय्वेन्
तळरामै ऍन्नुम् ऒरु कैत्
तडि कॊण्डडिक्कवो वलियिलेन् चिऱियनेन्
तन्मुगम् पार्त्तारुळुवाय्
वान् कॊण्ड तॆळ् अमुद वारिये मिगु करुणै
मऴैये मऴैक्कॊण्डले
वळ्ळले ऍन् इरु कण्मणिये ऍन् इन्बमे
मयिल् एऱु माणिक्कमे
तान् कॊण्ड चॆन्नैयिल् कन्दकोट्टत्तुळ् वळर्
तलम् ओङ्गुम् कन्दवेळे
तण्मुग तुय्यमणि उण्मुगच् चैवमणि
षण्मुगन् तॆय्व मणिये!

(तिरु अरुट्पा — 31)

Koviloor Digital Library

Koviloor Digital Library

Courtesy:
THE INDO-SWISS SYNTHETIC GEM MANUFACTURING COMPANY LIMITED
14-1-60 & 61, MAIN ROAD, METTUPALAYAM-641301

வள்ளலார் தமது -9வது வயதில் முதல் சொற்பொழிவாற்றிய இல்லத்தில் உள்ள கல்வெட்டு

वल्ललार ने नौ साल की अवस्था में जहाँ अपना पहला व्याख्यान दिया; उस स्थान का शिलालेख।

Place where Vallalar gave first lecture at the age of 9 years

Koviloor Digital Library

चेन्नपुरी के स्कन्द-कोष्ठ में विराजे स्कन्द-देव,
मेरा दृढ़ संकल्प है कि
तुम्हारे पद-कमल त्याग,
किसी अन्य की शरण न करूँ ग्रहण!
यही है मेरा व्रत, मेरा नियम;
इस श्रेष्ठ निष्ठा-फल को छीनकर भागता है
दरिद्रता रूपी दुष्ट श्वान, अपने जबड़े में।
क्या करूँ, असहाय हूँ, नहीं संजो पाता शक्ति
उसे धैर्य रूपी छड़ी से मारने की,
कृपा करो इस बालक पर,
अग-जग में व्याप्त
हे अमृत-घन, करुणा-वारि! हे उदार!
मेरे नयनों के तारे, हे आनन्द रूप!
मयूर पर विराजमान माणिक्य-देव!
चेन्नपुरी के स्कन्द-कोष्ठ में विराजे स्कन्द-देव,
अनुग्रह और उद्धार के मणि!
अंतर्मुख शैव-मणि, षण्मुख देव-मणि!

(पद संख्या-2/31)



Koviloor Digital Library

94 தீராத துயர்க்கடலில் அழுந்தி நாளும்
தியங்கிஅழு தேங்கும்இந்தச் சேய்க்கு நீகண்
பாராத செயல்என்னே எந்தாய் எந்தாய்
பாவிஎன விட்டனையோ பன்னா ளாக
ஏராய அருள்தருவாய் என்றே ஏமாந்
திருந்தேனே என்செய்கேன் யாரும் இல்லேன்
சீராருந் தணிகைவரை அமுதே ஆதி
